
# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## हाथ में तिरंगा आंख में आंसू

*भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की मां आशा शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर सुरक्षित लौटने पर रो पड़ीं। उन्होंने कहा, मेरा बेटा सुरक्षित लौट आया है, मैं ईश्वर और आप सभी का शुक्रिया अदा करती हूं जिन्होंने इस घटना को कवर किया। मैं भावुक हो गई, आखिरकार, मेरा बेटा कई दिनों बाद लौट आया। उन्होंने कहा, उत्साह अंतहीन है और हमें बहुत गर्व है। मेरे पास अपनी खुशी व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। लखनऊ के त्रिवेणी नगर इलाके में स्थित शुभांशु के पैतृक घर को रोशनी से सजाया गया है और घर के बाहर उनके उपनाम "शक्स" के पोस्टर लगे हैं। घर में शुभांशु के आने पर जश्न की तैयारी हो रही* शेष पेज 6 पर

### शुभांशु के धरती पर कदम रखते ही मां के छलके खुशियों के आंसू

# मंगल ही मंगल: धरती पर लौटा भारत का 'शुभ तारा'

- स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग कैलिफोर्निया के तट पर दोपहर 3 बजे हुई
- रिकॉर्ड: पहली बार किसी भारतीय ने रखा था आईएसएस पर कदम
- शुभांशु ने 18 दिन अंतरिक्ष में बिताए फिर 23 घंटे की यात्रा कर धरती पर वापसी की
- चारों एस्ट्रोनॉट सोमवार की शाम 4:45 बजे आईएसएस से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे

एजेंसी ▶▶ कैलिफोर्निया

अंतरिक्ष के शोध में भारत का मंगल ही मंगल है। इसकी शुरुआत शुभांशु शुक्ला ने कर दी है। उन्होंने आईएसएस पर कदम रखकर पहले भारतीय होने का गौरव हासिल किया है। अब ये कदम बहुत तेजी से अंतरिक्ष के शोध में आगे बढ़ेंगे। 18 दिन अंतरिक्ष में रहकर मंगलवार को धरती पर लौटा भारत का 'शुभ तारा' यानी शुभांशु शुक्ला के कदम धरती पर पड़े तो सब कुछ मंगल ही मंगल हुआ और उनकी मां आशा शुक्ला के खुशियों के आंसू छलक आए। इससे पहले पूरा देश शुभांशु की मंगलमयी यात्रा के लिए प्रार्थना कर रहा था। शुभांशु शुक्ला सहित चारों एस्ट्रोनॉट करीब 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की मंगलवार को दोपहर ▶▶ शेष पेज 6 पर

**17** अगस्त तक भारत लौट सकते हैं शुभांशु

उन्होंने 76 लाख मील की दूरी तय की



### एक अरब लोगों को शुभांशु शुक्ला ने प्रेरित किया: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, मैं पूरे देश की तरफ से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से धरती पर लौटे हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में उन्होंने अपनी मेहनत, साहस और नए रास्ते खोलने की भावना से एक अरब लोगों के सपनों ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सीएम डॉ. यादव ने ग्रुप कैप्टन को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नासा के एक्सिओम मिशन-4 की ऐतिहासिक सफलता के बाद पृथ्वी पर सकुशल लौटे भारतीय वायुसेना के ग्रुप ▶▶ शेष पेज 6 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



## खबर संक्षेप

### 'रीलबाज' लड़कियों को पुलिस से किया गिरफ्तार



**संभल।** सोशल मीडिया पर अश्लीलता परोसने के आरोप में यूपी की संभल पुलिस ने तीन लड़कियों को गिरफ्तार किया है। इनके वीडियो शूट करने वाले कैमरामैन को भी गिरफ्त में लिया गया है। खुद इन 'रीलबाजों' के गांववालों ने पुलिस से शिकायत की थी, जिसके बाद पुलिस ने अश्लील वीडियोज का संज्ञान लेते हुए एक्शन लिया।

### अब सत्यापन के बाद ही तत्काल टिकट



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने हाल ही में तत्काल टिकट बुकिंग के नियमों में बदलाव कर दिया है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट या एप पर आधार सत्यापन जरूरी हो गया। इसका मकसद टिकट बुकिंग में पारदर्शिता लाना और दलालों या फर्जी एजेंट्स की मनमानी पर रोक लगाना है। रेलवे का यह नियम लागू हो चुका है।

### मस्क की टेस्ला ने मुंबई में खोला पहला शोरूम



**नई दिल्ली।** एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला ने भारत में अपनी टेस्ला मॉडल वाई को लॉन्च कर दी है, टेस्ला ने मुंबई में अपना पहला शोरूम भी खोल दिया है, जो बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के आलीशान मेकर मैक्सिटी मॉल में स्थित है। टेस्ला जल्द ही गुरुग्राम और दिल्ली में अपने स्टोर ओपन करने की प्रक्रिया पर काम करेगी।

### तिलक लगाकर पहुंची छात्रा प्राचार्य की आपत्ति से बवाल



**कटनी।** मुरवारी स्थित आरके गौतम हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल ने माथे पर चंदन का तिलक लगाकर पहुंची 11वीं की छात्रा को स्कूल से निकालने की धमकी दे डाली। उन्होंने पहले तिलक मिटवाया और कहा कि ये मंदिर या आश्रम नहीं है। मंगलवार को बच्ची की मां उसे लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ स्कूल पहुंची। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल से शिकायत की। मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं।

### मध्यप्रदेश को लॉजिस्टिक्स और निर्यात का हब बनाने की दिशा में मजबूत कदम

# सीएम डॉ.यादव की पहल रंग लाई: अब दुबई से मध्यप्रदेश का होगा सीधा कनेक्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत मार्ट वैश्विक व्यापार का प्रवेशद्वार है। यह आधुनिक व्यापार केंद्र भारतीय उत्पादों, विशेष रूप से खाद्य प्रसंस्करण, कृषि और हस्तशिल्प जैसे उत्पादों की मध्य पूर्व, अफ्रीका और यूरोप जैसे बाजारों तक सीधी पहुंच उपलब्ध कराएगा। भारत मार्ट 2026 में परिचालन में आएगा और 'लोकल से ग्लोबल' की नीति को नई दिशा देगा। भारत मार्ट, जेबेल अली फ्री ज़ोन (जेएएफजेडए), दुबई में लगभग 2.7 मिलियन वर्ग फुट में विकसित किया जा रहा एक बहुआयामी अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र है।

इसकी आधारशिला प्रधानमंत्री मोदी और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने फरवरी 2024 में संयुक्त रूप से रखी गई थी। यह केंद्र डीपी वर्ल्ड संचालित करेगा। इसमें 1500 से अधिक शोरूम, अत्याधुनिक गोदाम और कार्यालय सुविधाएं ▶▶ शेष पेज 6 पर

**'भारत मार्ट' वैश्विक व्यापार का प्रवेशद्वार**

डीपी वर्ल्ड और जाफजा अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक

भारतीय एमएसएमई उत्पादों को मिलेगा वैश्विक मंच



### मप्र से भारत मार्ट तक निर्बाध लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी

बैठक में विशेष रूप से मप्र में डीपी वर्ल्ड की ओर से प्रस्तावित रेल टर्मिनल और उज्जैन–नागदा रूट को भारत मार्ट तक निर्बाध माल आपूर्ति का एक निर्णायक माध्यम बताया गया। यह लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी भारत से दुबई तक तेज, किफायती और सुगम माल परिवहन सुनिश्चित करेगी, जिससे राज्य के निर्यातकों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा हमारी सरकार इस यात्रा को केवल व्यापार नहीं, बल्कि मप्र के आर्थिक भविष्य की नींव मान रही है। भारत मार्ट के जरिए हमारा प्रदेश वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक मजबूत कड़ी बनेगा।

### भारत और मप्र के लिए संभावनाओं से भरा साझेदार

डीपी वर्ल्ड, दुबई स्थित एक अग्रणी वैश्विक लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला समाधान प्रदाता है, जो 78 से अधिक देशों में 100 से अधिक टर्मिनलों और पोर्ट्स का संचालन करता है। प्रति वर्ष 70 मिलियन टीईयू कंटेनर हैंडल करने वाली यह कंपनी विश्व की सबसे बड़ी पोर्ट ऑपरेटरों में गिनी जाती है। डीपी वर्ल्ड भारत के ▶▶ शेष पेज 6 पर

### मप्र में ड्राय पोर्ट के विकास में दिखाई रुचि

डीपी वर्ल्ड ने मध्यप्रदेश में इनलैंड कंटेनर डिपो (आईसीडी), मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी), कृषि-लॉजिस्टिक्स हब और ड्राय पोर्ट के विकास में गहरी रुचि दिखाई है। यह राज्य की लॉजिस्टिक्स और निर्यात नीति के अनुरूप है, और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से दीर्घकालिक अधोसंरचना विकास को मजबूती देने वाला कदम है।

### दुबई प्रवास के दौरान अनेक व्यापारिक बैठकों का आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा मेरे दुबई प्रवास के दौरान अनेक व्यापारिक बैठकों का आयोजन हुआ। यहां के निवेशकों, भारतीय समुदाय के नागरिकों, सरकार के अधिकारियों और भारत के महावाणिज्य दूत का हृदय से धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुबई की सामर्थ्य को पहचाना है। वर्ष 2015 से ही उन्होंने इस शहर को वैश्विक व्यापार का प्रवेश द्वार बनाने की दिशा में कार्य किया है।

### मुख्यमंत्री आज से 19 जुलाई तक स्पेन प्रवास पर रहेंगे

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव 16 से 19 जुलाई तक स्पेन के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री प्रदेश में निवेश के माध्यम से औद्योगिक विकास और रोजगार सृजनकी दिशा में सतत रूप से प्रयासरत है। स्पेन प्रवास के दौरान वे मैड्रिड में आयोजित ▶▶ शेष पेज 6 पर

### नोएडा के शख्स को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

# सड़क पर नहीं, अपने घर में कुत्तों को खाना खिलाइए

हर जगह जानवरों के लिए जगह है इंसानों के लिए नहीं?



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नोएडा में आवारा कुत्तों को खाना खिलाने से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता को ही फटकार लगा दी। कोर्ट ने शख्स से पूछा कि आप उन्हें अपने घर में क्यों नहीं खिलाते? जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने मामले की सुनवाई की। बेंच ने कहा कि क्या हम हर गली और सड़क को इन पशु प्रेमियों के ▶▶ शेष पेज 6 पर

### आप घर में शेल्टर खोल लीजिए

कोर्ट ने फिर सुझाव दिया कि आप अपने घर में एक शेल्टर खोल लीजिए और सभी कुत्तों को वहीं खाना खिलाइए। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में तो ऐसी जगहें बनाई जा रही हैं, लेकिन नोएडा में नहीं। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसी जगहों को ▶▶ शेष पेज 6 पर

### यमन से राहत भरी खबर

# निमिषा प्रिया की फांसी टली संपर्क में है भारत सरकार

निमिषा को 16 जुलाई को फांसी दी जानी थी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यमन से एक राहत की खबर सामने आई है। केरल की नर्स निमिषा प्रिया की फांसी टाल दी गई है। निमिषा को 16 जुलाई को फांसी दी जानी थी। मगर अभी के लिए यह तारीख पोस्टपोन कर दी गई है। भारत सरकार लगातार यमन की सरकार के संपर्क में बनी हुई है। निमिषा की फांसी रोकने के लिए भारत सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार ने यमन से कुछ और दिनों की मांग की थी, जिससे निमिषा का परिवार पीड़ित परिवार को ▶▶ शेष पेज 6 पर

### छतरपुर में तीन मासूमों की डूबने से मौत

## स्कूल से लौटकर आम तोड़ने गए, फिसलकर तालाब में गिरे



बच्चों की उम्र 4, 8 और 10 साल, तीनों भाई बहन

**छतरपुर।** जिले के एक गांव में तीन नाबालिग भाई-बहन पानी से भरे गड्ढे में डूब गए जिससे उनकी मौत हो गई। यह घटना सोमवार शाम को जिला मुख्यालय से 70 किमी दूर प्रकाश बम्होरी थाना क्षेत्र के हटवा गांव में हुई। तीनों भाई बहनों के एक साथ हुई मौत से परिवार में कोहराम की स्थिति है और परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। तीनों आपस में भाई-बहन हैं। पिता प्रतिपाल सिंह ने पुलिस को ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सांप से खिलवाड़.. मिली मौत

## गले में कोबरा लपेटकर बाइक पर घूमता रहा, सांप ने काटा



सांप के साथ की तस्वीर में दिखी लापरवाही

**गुना।** राघौगढ़ में सांप काटने से एक ऐसे व्यक्ति की मौत हो गई, जिसका काम ही सांप पकड़ना था। वह रोज खतरनाक सांपों का रेस्क्यू करता था। लेकिन, एक छोटी सी लापरवाही या अति आत्मविश्वास उसकी मौत की वजह बन गया। दरअसल, सांप पकड़ने में माहिर दीपक महावत (42) ने काले कोबरा का रेस्क्यू किया था। इसके बाद उसे अपने गले में लटका लिया। गले में लटकाकर वह बाइक चलाने लगा और बच्चे ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ग्वालियर में मौत बनकर दौड़े ट्रक

## बेटी की सगाई के एक दिन पहले 20 सेकंड में तीन ट्रकों ने रौंदा



इलाज के दौरान मौत हादसे का वीडियो आया

**ग्वालियर।** एबी रोड पर रामद्वारा के पास लक्ष्मीगंज पुलिया पर एक शख्स होटल से सब्जी लेने जा रहे थे। इसी दौरान एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। वे सड़क पर गिर गए। बारिश के बीच एक के बाद एक दो ट्रक देवेंद्र जाटव (47) के ऊपर से गुजर गए। उनके दोनों पैर सड़क से चिपक गए। पूरा घटनाक्रम महज 20 सेकंड में हुआ। उन्हें ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना रविवार रात करीब 2 बजे ▶▶ शेष पेज 6 पर

### बारिश में कमी के साथ पारा 5 डिग्री तक उछला, 19 तक अधिकांश जिलों में हल्की बारिश

# श्योपुर में सीप नदी उफान पर, तीन बालिकाएं बहीं, दो को बचाया, एक का शव मिला, फिलहाल तेज बारिश नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश भर में अब चार दिन बारिश में धीरे-धीरे कमी आएगी। प्रदेश में अभी कोई बड़ा प्रभावी सिस्टम सक्रिय नहीं होने से कुछ दिन राहत रहेगी। इस बीच तापमान में और बढ़त की उम्मीद है। मंगलवार को ग्वालियर, रायसेन, सिंगरौली सहित कई जिलों में बारिश हुई। जिससे नदी नाले उफान पर हैं। मंगलवार तक प्रदेश में दीर्घावधि औसत से 72 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। पूर्वी मध्य प्रदेश में औसत से 86 और पश्चिमी हिस्सों में 57 ▶▶ शेष पेज 6 पर

◆ गुना, श्योपुर, रतलाम और उज्जैन में 5-5 डिग्री, भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर, शिवपुरी, खजुराहो और टीकमगढ़ में 2.5 से 4 डिग्री तक बढ़ा तापमान

### छह घंटे बाद बच्ची का शव बरामद



**श्योपुर।** जिले के सोइंकला गांव में सीप नदी में नहाने गई तीन बालिकाएं तेज बहाव में बह गईं। मौके पर मौजूद एक ग्रामीण युवक ने दो बालिकाओं मिनाक्षी और शिवानी को बचा लिया। हालांकि गरिमा (13) नदी के तेज बहाव में लापता हो गई। घटना मंगलवार सुबह तकरीबन 11 बजे की है। देहात थाना प्रभारी शशि तोमर ने बताया की ▶▶ शेष पेज 6 पर

### यहां तेज बारिश का यलो अलर्ट

*मौसम केंद्र ने बुधवार तक दतिया, भिंड, मुरैना, सतना, अनूपपुर, शहडोल, डिंडोरी, जबलपुर, मंडला, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर में तेज से मध्यम बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज में अति भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट है। भोपाल सहित एक दर्जन जिलों में बौछारें और बादलों का असर रहेगा।*




# सभी बिजली कंपनियों में अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना मंजूर

**ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा, नियमित कार्मिक सहित संविदा कार्मिक, पेंशनर और उनके परिजन होंगे लाभान्वित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश की सभी 6 बिजली कंपनियों में अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना स्वीकृत कर दी गई है। यह जानकारी ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहीं।

मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने विद्युत कंपनियों में अभियंता व कार्मिकों के लिए बहुप्रतीक्षित पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना (एमपीपीसीएचएस) के क्रियान्वयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

## लगभग एक लाख 82 हजार होंगे लाभार्थी

### योजना एक अक्टूबर तक शुरू करने का लक्ष्य

मंत्री तोमर ने बताया है कि इस योजना का लाभ प्रदेश की 6 विद्युत कंपनियों में कार्यरत नियमित कार्मिकों, संविदा कार्मिकों व विद्युत कंपनियों के पेंशनरों और उनके परिजन को मिलेगा। इनकी संख्या लगभग एक लाख 82 हजार है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी को प्रदेश की विद्युत कंपनियों में पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना लागू करने की जिम्मेदारी दी गई है।

### 24 जुलाई को होगी प्री-बिड मीटिंग

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने जानकारी दी कि पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना के कार्यान्वयन के लिए 15 जुलाई को ई-टेंडर जारी कर दिया गया है। इस योजना के कार्यान्वयन सहायता एजेंसी (आईएसए) चयन के लिए भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) द्वारा लाइसेंस प्राप्त किसी मौजूदा तृतीय पक्ष प्रशासक (टीपीए) या उसकी होल्डिंग कंपनी या उसकी सहायक कंपनी या उसकी समूह कंपनी, जिन्हें इस क्षेत्र में कार्य करने का वृहद् अनुभव हो, से टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना के लिए प्री-बिड मीटिंग 24 जुलाई को होगी। विद्युत कंपनियों के लिए पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना के क्रियान्वयन करने को इच्छुक कंपनियां 18 अगस्त तक टेंडर प्रक्रिया में अपनी निविदा जमा कर सकेंगी। आगामी 20 अगस्त को ई-टेंडर खोले जाएंगे। पॉवर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक श्री सिंह ने बताया है कि योजना एक अक्टूबर 2025 तक प्रारंभ करने का लक्ष्य है।

## ऊर्जा मंत्री ने मंत्रियों के समूह और विद्युत नियामक आयोग की बैठक में उपभोक्ताओं के हित में लिए गए निर्णय बताए

केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय की ओर से विद्युत वितरण कम्पनियों की वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए मंत्री समूह की बैठक मंगलवार को नई दिल्ली में हुई। बैठक



की अध्यक्षता विद्युत एवं आवास तथा शहरी मामलों के राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने की। बैठक में मप्र से ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मध्यप्रदेश नियामक आयोग की ओर से बिजली उपभोक्ताओं के हित में लिए जा रहे निर्णयों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश में ऊर्जा विभाग की ओर से किए जा रहे नवाचारों से भी अवगत कराया। बैठक में विद्युत वितरण कम्पनियों की वित्तीय स्थिरता, पारदर्शिता एवं संचालन क्षमता को सुदृढ़ बनाने पर गहन चर्चा हुई। केन्द्रीय विद्युत राज्य मंत्री नाइक ने कहा कि हमारा संकल्प है कि ऊर्जा व्यवस्था को और मजबूत, पारदर्शी और जन-हितैषी बनाएं, जिससे सभी को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। बैठक में आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु एवं उत्तरप्रदेश के ऊर्जा मंत्री तथा केन्द्रीय विद्युत नियामक आयोग एवं राज्य विद्युत नियामक आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्य शामिल हुए।

**पीडब्ल्यूडी के उप सचिव ने जारी किया पत्र**

# बगैर सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ पाएंगे पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी, होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में अब कोई भी कर्मचारी बगैर सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ पाएगा। अभी कोई भी कर्मचारी कभी भी कहीं भी चले जाते हैं। जब काम की जरूरत होती है, तो कह देते हैं कि जरूरी काम से बाहर आ गया हूं।

किंतु अब ऐसा नहीं चलेगा। पीडब्ल्यूडी ने विभाग में कार्यरत सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि बगैर सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय न छोड़े। इसका उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीडब्ल्यूडी के उप सचिव नियाज अहमद खान ने सभी प्रमुख अभियंता, मुख्य अभियंता, मुख्य वास्तुविद, समस्त अधीक्षण यंत्री व कार्यपालन यंत्री को निर्देशित एक पत्र जारी किया है।

### मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारी प्रमुख सचिव से लेंगे अनुमति

*निर्देश में यह भी कहा गया है कि प्रमुख अभियंता, मुख्य अभियंता एवं इस स्तर के अधिकारी प्रमुख सचिव से अनुमति प्राप्त करेंगे। जबकि अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री स्तर के अधिकारी प्रमुख अभियंता से अनुमति प्राप्त कर अपना मुख्यालय छोड़ेंगे। यदि बिना अनुमति अधिकारी मुख्यालय छोड़ता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस आदेश का कड़ाई से पालन होगा।*

### कामकाज होता है प्रभावित

इस पत्र में उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रायः यह देखा गया है कि विभाग में कार्यरत अधिकारी बिना अनुमति के भोपाल में एवं अपने कार्य क्षेत्र से बाहर चले आते हैं, जिससे शासकीय कार्य प्रभावित होता है। इससे शासन की ओर से वंछित जानकारी निर्धारित समय सीमा में नहीं मिल पाती। इससे अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ता है। ऐसे समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि अधिकारियों से अनुमति प्राप्त करने के उपरांत की मुख्यालय छोड़ेंगे।

**विधानसभा सत्र के लिए प्रश्नों के उत्तर भेजने में होती है दिक्कतें**

प्रमुख अभियंता (बीएंडआर) केपीएस राणा ने बताया कि इस समय विधानसभा सत्र की तैयारी चल रही है। जो भी प्रश्न लगे हैं उसके जवाब निर्धारित समय सीमा में भेजना है। इसके बावजूद कई अधिकारी बगैर बताए मुख्यालय छोड़ रहे हैं। इससे कार्य प्रभावित होता है। इस तरह से मुख्यालय छोड़ने की शिकायतें शासन स्तर पर अब आम हो गई है।

## खबर संक्षेप

### मप्र के 183 निकायों में बने 218 पिंक टॉयलेट

**भोपाल।** मप्र में नगरीय क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं को सार्वजनिक शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मिशन पिंक टॉयलेट प्रारंभ किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 183 नगरीय निकायों में 218 पिंक शौचालय संचालित हो रहे हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस मिशन में 100 करोड़ रुपए के निवेश की कार्ययोजना तैयार की है।

### नगर परिषद इंदरगढ़ के प्रभारी सीएमओ निलंबित

**भोपाल।** दतिया जिले के नगर परिषद इंदरगढ़ के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेन्द्र सिंह यादव को कर्त्तव्यों में लापरवाही बरतने पर नगरीय प्रशाासन विकास आयुक्त संकेत भोंडवे के निर्देश पर निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय संभागीय कार्यालय ग्वालियर होगा। बता दे कि इंदरगढ़ में तालाब का निर्माण कराया जा रहा था। सुरक्षा उपायों में लापरवाही बरतते हुए निर्माण कार्य के दौरान रेलिंग व बेरिगेटिंग की व्यवस्था नहीं गई।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दुबई के माध्यम से विश्व में व्यापार के एक नए द्वार को खोलने का किया है कार्य: सीएम

# मुख्यमंत्री ने कहा... दुबई यात्रा विकास यात्रा की एक मजबूत नींव

**13 से 15 जुलाई के दौरान दुबई प्रवास में व्यापारिक बैठकों और निवेश संवाद कार्यक्रमों में शामिल हुए डॉ. यादव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 से 15 जुलाई के दौरान अपने दुबई प्रवास के दौरान विभिन्न व्यापारिक बैठकों और निवेश संवाद कार्यक्रमों में शामिल हुए। दौरे के समापन पर मुख्यमंत्री ने दुबई से एक विशेष संदेश जारी कर इस यात्रा को विकास यात्रा की एक मजबूत 'नींव' बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुबई के माध्यम से विश्व में व्यापार के एक नए द्वार को खोलने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मप्र सरकार की ओर से इस 'विकास यात्रा' को इस भावना के साथ डिजाइन किया गया है कि यह राज्य के आर्थिक विकास और वैश्विक साझेदारियों के लिए एक मजबूत आधार बने।

**वैश्विक साझेदारी का आधार बनेगी यात्रा**




### वैश्विक व्यापार केंद्र को लेकर सहमति बनी

मुख्यमंत्री के इस दौरे के दौरान दुबई स्थित डीपी वर्ल्ड, जाएफजा (जेबेल अली फ्री जोन), भारतीय उद्यमियों और निवेशकों के साथ कई रणनीतिक बैठकों का आयोजन हुआ, जिसमें भारत मार्ट जैसे महत्वाकांक्षी वैश्विक व्यापार केंद्र को लेकर सहमति भी बनी।

### मुख्यमंत्री आज स्पेन के प्रमुख उद्योगपतियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से करेंगे संवाद

भोपाल स्पेन प्रवास के प्रथम दिन 16 जुलाई की शुरूआत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भारत के राजदूत दिनेश के. पटनायक शिष्टाचार भेंट करेंगे। इसके बाद वे इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश बिजनेस फोरम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस सेशन में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पर्यटन, औद्योगिक नीति एवं निवेश, आईटी और अधोसंरचना सेक्टर पर प्रेजेन्टेशन होगा।

बिजनेस फोरम की शुरुआत मध्यप्रदेश शासन के सचिव एवं मुख्यमंत्री के सचिव इलैयाराजा टी. के स्वागत भाषण से होगी। स्पेन-इंडिया काउंसिल फाउंडेशन के अध्यक्ष जुआन इग्नासियो एंत्रेकानालेस भी फोरम को संबोधित करेंगे। नेचर बायोफूड्स के सीईओ रोहन ग्रोवर की ओर से अनुभव साझा किए जाएंगे।

#### निवेश अवसरों की देंगे जानकारी

*मुख्यमंत्री फोरम में उपस्थिति उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में विभिन्न सेक्टर्स में निवेश के अवसरों पर विस्तृत जानकारी देंगे। नेटवर्किंग लंच में मुख्यमंत्री स्पेन के प्रमुख उद्योगपतियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव खेल सेक्टर में विख्यात स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डिजाइन एवं कंसल्टिंग फर्म 'पॉपुलस' के प्रजेंटेशन में भाग लेंगे। यह प्रजेंटेशन जोर्ज बेटनकौर की ओर से दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से बाद में स्पेन फिल्म आयोग के अध्यक्ष मुलाकात करेंगे।*

# पीएम किसान योजना सैचुरेशन के लिए शुरू होगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीएम किसान योजना सैचुरेशन के लिए प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक किसानों से संपर्क कर सेचुरेशन से शेष रह गए किसानों से कार्रवाई पूर्ण कराई जाएगी और लाभ वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। आयुक्त भू-अभिलेख ने बताया कि अभियान के बेहतर संचालन के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। प्रदेश में लगभग 5 लाख किसानों ने ई-केवाईसी एवं आधार बैंक खाता डीबीटी के लिए इनेवल करने की कार्रवाई कर ली गई है।

## धावक फौजा सिंह के निधन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महामंत्री ने जताया शोक

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने विश्व के सबसे उम्रदराज धावक फौजा सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। खंडेलवाल ने कहा कि फौजा सिंह अपने जीवन के सौ वर्ष पूरे करने के बावजूद एक एथलीट के तौर पर वे भारत सहित दुनिया भर के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत थे।




### हूटर खराब हुआ तो साहब को लग गई देर...

प्रशासनिक अफसरों की पीली बत्तियां क्या उतरीं, अब सड़क पर सब आम हो गए हैं। कुछ खास अभी भी ऐसे हैं, जो बिना वजह हूटर बजाते हुए लोगों को डराते हैं। हालांकि बात जिले के बड़े अफसरों की हो तो यकीनन उनका एक-एक मिनट कीमती होता है। वह चौबीसों घंटे आम लोगों के कामों में लगे रहते हैं। बात पिछले दिनों की है, जब कलेक्टोरेट के एक साहब की कार में लगा हूटर खराब हो गया। साहब को मीटिंग में आना था, तो सड़क पर खासा टाइम लग गया। जिसकी वजह से साहब आधा घंटे देरी से पहुंचे। चूंकि यह साहब थे, तो इनसे कोई भी कुछ कहने वाला नहीं था, लेकिन साहब को इस बात का एहसास हुआ कि हूटर नहीं होने की वजह से देरी हुई है। साहब ने फौरन अपने एक मातहत अफसरों को बुलाकर कह दिया कि ट्रैफिक सिस्टम को दुरुस्त करने का काम किया जाए। अब साहब को यह नहीं पता कि आम लोग सड़कों पर घंटों जाम में फंसे रहते हैं, तो उनकी सुनने वाला कोई नहीं रहता।

### साहब पर हाबी हो रहे सहायक-कनिष्ठ...

गरीबों से जुड़े एक विभाग के जिम्मेदार अफसर पर इन दिनों उनके विभाग के सहायक और कनिष्ठ अधिकारी हावी होते नजर आ रहे हैं। दरअसल साहब लंबे समय बाद फील्ड में आए हैं, तो वह कोई भी काम करने से पहले अपने निचले अधिकारियों से राय-मशवरा ले लेते हैं। ऐसे में यह लोग साहब को गलत फीडबैक देकर उन्हें गुमराह कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि साहब के मिजाज को देखते हुए यह अधिकारी मौज में हैं। हाल ही में साहब को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने सबके क्षेत्र भी बदल दिए। इस विभाग की एक खासियत है कि यहां की महिला अधिकारी भी पुरुष अधिकारियों से कमाने में कम नहीं हैं। एक मैडम यहां अपने पिता का रौब दिखाते हुए डराती हैं, तो एक भाई का नाम लेकर बात करती हैं। पिछले दो महीने से यह विभाग चर्चा में है।

### रेलवे के बड़े साहब के 'गुरुजी' के लिए हमेशा बुक रहता रूम नंबर पांच...

भोपाल रेल मंडल के एक बड़े साहब के बाबा (गुरुजी) के ठहरने के लिए भोपाल रेलवे स्टेशन के ड्रॉरमेट्री का पांच नंबर रूम हमेशा बुक रहता है। इस दौरान कोई यात्री आने पर भी यह रूम नहीं दिया जाता है। साथ ही वहां किसी को प्रवेश भी नहीं दिया जाता। इस तरह का मामला कर्मचारियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है, वहीं बाबा के आने से भोपाल रेलवे स्टेशन के कर्मचारियों की परेशानी भी बढ़ जाती है, क्योंकि बाबा की आवभगत में सारा दिन कर्मचारियों को लगाया जाता है।

### साहब का खास कर्मचारी नशे में पहुंचा ड्यूटी पर, महिलाओं कर्मियों ने की शिकायत


भोपाल रेल मंडल के कार्मिक विभाग का एक कर्मचारी कुछ दिनों पहले शराब के नशे पर ड्यूटी पर पहुंच गया। इसकी महक जैसे ही महिला कर्मचारियों के पास पहुंची, उन्होंने मामले की शिकायत साहब से की, लेकिन साहब ने कर्मचारी का बचाव कर महिलाओं को अपना-अपना काम करने की बात बोल वापस भेज दिया। अब महिलाओं ने इस मामले की आला-अधिकारियों से शिकायत कर दी। इसके बाद कर्मचारी साथ साहब की भी क्लास लग गई। हालांकि इस बार चेतावनी देकर मामले को छोड़ दिया गया है।

-वहीद खान/कपिलदेव श्रीवास्तव

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शुक्ला को लौटने पर दी बधाई**

# ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने रचा इतिहास, हर भारतवासी के लिए गौरवपूर्ण क्षण : खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने नासा के एक्सिओम मिशन-4 पर गए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन से सकुशल लौटने पर बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने नया इतिहास रचा है। यह हर भारतवासी के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की यह अद्वितीय उपलब्धि भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर ऐतिहासिक मिशन पूरा कर भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला धरती पर सफलतापूर्वक लौट आए हैं। ये केवल शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से धरती पर सफल वापसी ही नहीं बल्कि भारत के विज्ञान और संकल्प की एक नई विजयगाथा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'नया भारत' तेजी से 'अंतरिक्ष महाशक्ति' बनने की दिशा में अग्रसर है। हमारा भारत अब विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में नित नए प्रतिमान गढ़ रहा है।

## एक जिला-एक उत्पाद मध्यप्रदेश को मिला रजत पदक, मप्र के उत्पादों को मिला वैश्विक बाजार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में एक जिला-एक उत्पाद योजना के तहत प्रदेश के उत्पादों की वैश्विक बाजारों में उपस्थिति दर्ज हो रही है।

मप्र ने अपनी विशिष्टता और योजनाओं के उत्कृष्ट क्रियान्वयन का प्रमाण प्रस्तुत करते हुए एक जिला-एक उत्पाद पुरस्कार 2024 में राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश श्रेणी में रजत पुरस्कार प्राप्त किया। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में एक भव्य समारोह में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार राज्य में एक जिला-एक उत्पाद योजना के प्रभावशाली क्रियान्वयन, स्थानीय उत्पादों के ब्रांड निर्माण, रोजगार सृजन, और ग्रामीण व शहरी उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयासों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मप्र उद्योग विभाग, वाणिज्य एवं निवेश प्रोत्साहन नीति विभाग की उप सचिव रूही खान ने प्राप्त किया।

### प्रदेश अब लोकल से ग्लोबल की ओर

एक जिला-एक उत्पाद योजना में मप्र के उत्पादों को वैश्विक बाजार मिल रहा है। प्रदेश स्थानीय से ग्लोबल की ओर बढ़ रहा है। स्थानीय स्तर पर निर्यातकों का बड़ा समूह तैयार हो रहा है। उत्पादों की मांग बढ़ी है। कारीगरों और निर्माताओं के जीवन स्तर में भी सुधार हो रहा है।

**स्थानीय कलाकारों और उत्पादों को विशेष प्रोत्साहन**

सभी जिलों में ओडीओपी योजना संचालित है, जिनमें हरी सब्जी, मोटे अनाज, क्राफ्टकला हथकरघा, हस्तशिल्प, उपकरण शामिल है। स्थानीय कलाकारों और उत्पादों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है।




सुपर 100

योजनांतर्गत कक्षा 11वीं के लिए छात्रावासी विद्यालयों में



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

प्रवेश चयन परीक्षा 2025

मध्यप्रदेश शासन की अनूठी योजना

पूर्व सत्र में चयनित विद्यार्थी



संध्या श्रीवास्तव, एम्स, देवघर, झारखंड | सौरभ भंडारी, एमजीएम, इंदौर | सौरव अहिरवार, आईएमएस, बीएचयू, वाराणसी | चंचल पटेल, आईआईटी, बीएचयू, वाराणसी | पवन राय, आईआईटी, धारवाड़ | सचिन सिंह तोमर, आईआईटी, धारवाड़

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिये मध्यप्रदेश शासन की अनूठी योजना (शासकीय सुभाष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपाल अथवा शासकीय मल्हार आश्रम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, इंदौर)

विशेषताएं :-

1. प्रतियोगी परीक्षाओं JEE, NEET की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग एवं काउंसलिंग।
2. निःशुल्क छात्रावास सुविधा।
3. प्रख्यात व्यावसायिक संस्थाओं में प्रवेश हेतु बेहतर शिक्षण व्यवस्था।
4. पृथक-पृथक प्रयोगशालाएं।
5. स्मार्ट एवं वर्चुअल क्लासेस।
6. शिक्षण हेतु चयनित स्टाफ।
7. अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल।

विद्यालय में प्रवेश :-

राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश किया जाता है। कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है :-

- **प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन** - 16 जुलाई से 26 जुलाई 2025
- **परीक्षा तिथि** - 03.08.2025 (रविवार) को JEE पहली पाली में NEET द्वितीय पाली में
- **परीक्षा केन्द्र** - समस्त जिलों के मुख्यालय पर स्थित उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय।
- **परीक्षा फार्म शुल्क** - 200/- प्रति परीक्षा इसमें कियोस्क शुल्क भी शामिल है। अतः इस राशि के अतिरिक्त कियोस्क द्वारा कोई भी राशि पृथक से नहीं ली जायेगी।
- प्रदेश के शासकीय विद्यालयों से सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी चयन परीक्षा में सम्मलित हो सकेंगे।

आवेदन एम.पी. ऑनलाइन www.mponline.gov.in पर कर सकते हैं।
नोट : परीक्षा के प्रवेश पत्र हमारी वेबसाइट www.mpsos.nic.in अथवा मोबाइल एप mpsos से डाउनलोड कर सकते हैं।
प्रवेश पत्र पर परीक्षा की समय-सारणी आदि की जानकारी अंकित होगी।
संपर्क - 0755-2552106

आयुक्त लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

D-11065/25



भानपुर रोड पर दोपहर 1.15 बजे के आसपास बारिश से बचते बाइक सवार।

# 24 घंटे के भीतर 23 फीसदी तक गायब हो गई नमी

## कभी रिमझिम, कभी हल्की बौछारों का आज भी रहेगा दौर, तापमान में जारी रहेगा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मौसम का मिजाज नरम-गरम बना हुआ है। मंगलवार को सुबह से शाम तक हल्की बूंदाबांदी रही, इसके बाद शाम को कुछ देर धूप खिली। इससे मौसम खुशनुमा रहा। शहर में अभी बारिश में कुछ कमी बनी हुई है। शहर में 24 घंटे में हवा में नमी की मात्रा भी तेजी से कम हुई है। सोमवार शाम 5:30 से मंगलवार शाम 5:30 बजे के बीच 24 घंटे में ही शहर में 23 फीसदी के करीब नमी कम हो गई है। इससे अगले दिनों में भी मौसम ऐसा ही बना रहेगा। सोमवार शाम को नमी की मात्रा 92 फीसदी थी, जो मंगलवार शाम 5:30 बजे 69 फीसदी ही रह गई है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार शहर में अभी बारिश का ऐसा ही दौर रहेगा। बुधवार को भी कभी रिमझिम तो कभी हल्की बौछारें पड़ेंगी। तेज बारिश कुछ दिन बाद हो सकती है।

*दिन भर नरम गरम बना रहा मौसम का मिजाज*

*कुछ दिन बाद तेज बारिश के बन रहे आसार*



बोट क्लब पर शाम 5 बजे के आसपास टहलते सैलानी।

### पिकनिक स्पॉट हुए फुल

शहर में मिलेजुले मौसम के बीच दिनभर कभी बादल, कभी बौछारें और मध्यम हवाओं का दौर रहा। इससे शाम के समय पिकनिक स्पॉट्स पर सैलानियों की आमद बढ़ गई। विशेष कर शहर के जल स्रोतों के आसपास हरियाली बढ़ने से सैलानियों का आकर्षण अधिक बना रहा। मनुआभान, बोट क्लब, सैरसपाटा, शाहपुरा लेक से लेकर चिड़ियाटोल, पातालपानी तक सैलानियों की आमद देखी गई। बोट क्लब पर सुबह के समय रास्ता बंद रहा। इससे इधर जाने वाले सैलानियों ने शाम को झील की ऊंची उठती लहरों का आनंद लिया।

## खबर संक्षेप



### 24 घंटे क्रियाशील रखा जाए बाढ़ नियंत्रण कक्ष

**भोपाल।** बैरसिया तहसील कार्यालय स्थित बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे क्रियाशील रखा जाए। कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली प्रत्येक काल को रजिस्टर में दर्ज किया जाए और संबंधित तहसीलदार व वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल सूचित किया जाए, जिससे आपात स्थिति में समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।यह निर्देश कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को बैरसिया में बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों का निरीक्षण करते हुए दिए हैं।इस अवसर पर एसडीएम बैरसिया आशुतोष शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर ने बैरसिया अनुभाग का दौरा कर बाढ़ नियंत्रण से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने सर्वप्रथम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैरसिया के कार्यालय पहुंचकर सुरक्षा उपायों की जानकारी ली और बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन की तैयारियों का जायज़ा लिया।अनुभाग बैरसिया में तैनात एसडीआरएफ टीम के सदस्यों से भेंट की और उनके पास मौजूद बाढ़ नियंत्रण व अनुरक्षण से जुड़े संसाधनों की जानकारी प्राप्त की।

## 25 करोड़ में बनेंगे तीन घाट, बड़े तालाब में मिलने वाले नाले होंगे बंद

# अब पब्लिक टॉयलेट में 6 की बजाए लगेंगे 10 रुपए, एमआईसी की बैठक में मंजूरी

### कलियासोत डैम से लगे नालों की होगी टेपिंग

मालीखेड़ी और प्रेमपुरा घाट को किया जाएगा विकसित

महापौर की अध्यक्षता वाली मेयर इन कौंसिल ने दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बड़े तालाब और छोटे तालाब में मूर्तियों के विसर्जन पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए नगर निगम बीयू परिसर, नीलबड़ और संजीव नगर में नए विसर्जन घाट बनाएगा। इसके साथ मालीखेड़ी और प्रेमपुरा घाट को विकसित किया जाएगा। जिसके लिए करीब 25 करोड़ 8 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

बड़ा तालाब और कलियासोत डैम से जुड़े नालों को बंद कर एसटीपी से जोड़ा जाएगा। वहीं शहर के अलग-अलग इलाकों में बने 25 पब्लिक टॉयलेट का शुल्क 6 से बढ़ाकर 10 रुपए कर दिया है। इसकी मंजूरी मंगलवार को महापौर मालती राय की अध्यक्षता वाली मेयर इन कौंसिल ने दी है। आईएसबीटी स्थित कार्यालय में यह बैठक आयोजित की गई। एमआईसी के सामने करीब 15 प्रस्ताव रखे गए। सभी प्रस्तावों पर मैंबरों ने चर्चा कर पास कर दिए। ज्यादातर एचएफए के अधूरे प्रोजेक्ट के प्रस्ताव लाए गए। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम समरधा में आवासीय सह व्यवसायिक काम्पलेक्स के बैलेंस वर्क को पूरा करने के लिए 14 करोड़ 11 लाख के टेंडर बुलाने की मंजूरी दी गई। जबकि कलखेड़ा प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए मेसर्स एस्कान इन्फ्राटेक प्रायवेट लिमिटेड को 31 दिसंबर तक का एक्सटेंशन दिया गया है। इसके अलावा आलम नगर प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए मेसर्स सांई कंस्ट्रक्शन को 15 दिसंबर तक का एक्सटेंशन। इसी तरह रासलाखेड़ी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए मेसर्स पैराडाइज को 31 दिसंबर तक का एक्सटेंशन। यह प्रोजेक्ट 14 अप्रैल 2025 को पूरा होना था।




### 51 करोड़ रुपए में संवरेगा बड़ा तालाब और कलियासोत डैम

*अमृत 2.0 में कलियासोत नदी के रिज्युवेशन के लिए 36.68 करोड़ के टेंडर बुलाए जाएंगे। इसी तरह बड़ा तालाब के लिए 14.91 करोड़ के टेंडर बुलाने की मंजूरी दी। कलियासोत डैम में स्टॉप डैम बनाए जाएंगे। इसी तरह बड़ा तालाब में मिल रहे नालों की टेपिंग होगी। नालों के गंदे पानी को एसटीपी की तरफ मोड़ा जाएगा।*

### अमृत मित्र ही करेंगे पानी की सैंपलिंग

अमृत 2.0 में अमृत मित्र बनाए गए हैं। इसमें दो स्व सहायता समूह काम करते हैं, जो घर-घर जाकर पानी सेंपल लेकर टेस्टिंग लैब में देते हैं। इन्हें हर सैंपल के हिसाब से भुगतान किया जाता है। अमृत मित्र का टेंडर 18 जून को खत्म हो गया है। इसलिए एमआईसी में एक साल एक्सटेंशन की फाईल रखी गई। हालांकि मेंबरों ने इसे 3 महीने करने को ही कहा है।

### द्वारका धाम के प्लॉट बेचेगा निगम

जोन-17 के वार्ड-75 में स्थित बड़वई द्वारका धाम कॉलोनी के बंधक प्लाटों में से बचे एक प्लॉट की निविदा निकाली जाएगी। इसी इलाके की गोकुल धाम कॉलोनी के बंधक प्लाटों में से बचे 29 की ई-निविदा निकाली जाएगी।

## स्वास्थ्य एप पर साढ़े तीन लाख मरीजों ने बुक कराए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट

### एम्स प्रबंधन ने जारी की स्वास्थ्य एप की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल में इलाज कराने का नाम आते ही लोगों के मन में सबसे पहले भीड़ और वेटिंग का ख्याल आता है। इस समस्या को दूर करने के लिए एम्स प्रबंधन ने अपना स्वास्थ्य एप विकसित किया, जिससे मरीज बिना लंबी कतार में लगे अपॉइंटमेंट बुक कर सकें। एम्स में पिछले तीन साल में इस ऐप के जरिए तीन लाख 32 हजार 890 ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक किए जा चुके हैं। वहीं, केवल पिछले साल ही 10.5 लाख मरीजों ने ओपीडी में इलाज के लिए एम्स भोपाल का रुख किया था। ऐसे में इस एप के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए सोमवार को संस्थान ने इसकी तीन सालों की रिपोर्ट जारी की।




### बिना लाइन के मिल रहा इलाज

*एम्स भोपाल द्वारा विकसित स्वास्थ्य एप के जरिए न सिर्फ मरीजों को अपने स्मार्टफोन पर इलाज से जुड़ी सारी जानकारी मिल रही है, बल्कि हजारों मरीज बिना लाइन में लगे इलाज की सुविधा भी प्राप्त कर रहे हैं। वहीं एम्स में अब तक एक लाख 70 हजार 944 लोगों की आभा आईडी (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) बनाई जा चुकी है। यही नहीं पांच लाख 45 हजार 858 आईडी को सेंट्रल हेल्थ रजिस्ट्री से जोड़ा गया है।*

### 15 लाख से अधिक मरीज स्कैन एंड शेयर से जुड़े

*अस्पताल में पंजीकरण के लिए 15 लाख 42 हजार 657 बार स्कैन एंड शेयर सुविधा का इस्तेमाल किया गया है। इसका नतीजा ये रहा कि दोबारा आने वाले मरीजों की लाइनें काफी हद तक कम हो गई। क्यूआर कोड स्कैन कर कुछ ही सेकेंड में मरीज की जानकारी सामने आ जाती है, जिससे समय की बचत होती है।*

### मिलेगी ये सारी सुविधाएं

- ❑ बिना लाइन में लगे अपॉइंटमेंट बुकिंग
- ❑ लैब रिपोर्ट मोबाइल पर
- ❑ डॉक्टर की उपलब्धता, ओपीडी शेड्यूल, कक्ष संख्या व फीस की जानकारी
- ❑ डिजिटल प्रिस्क्रिप्शन और भुगतान हिस्ट्री
- ❑ अस्पताल परिसर में क्यूआर कोड से त्वरित पंजीकरण
- ❑ आभा आईडी निर्माण और लिंक की सुविधा

### डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड से सुविधा

अब तक आठ लाख 61 हजार 782 डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड इस एप से लिंक किए जा चुके हैं। इससे मरीजों को अपनी पुरानी जांच रिपोर्ट, डॉक्टर की पर्ची और ट्रीटमेंट हिस्ट्री ऐप में ही मिल जाती है। हम केवल तकनीक नहीं अपना रहे, बल्कि स्वास्थ्य सेवा की पूरी प्रणाली को नई दिशा दे रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि हर मरीज को पारदर्शी, सुलभ और जवाबदेह सेवा मिले। एम्स भोपाल स्वास्थ्य एप गूगल प्ले स्टोर और एपल एप स्टोर पर मुफ्त में उपलब्ध है।

**डॉ. अजय सिंह, डायरेक्टर, एम्स भोपाल**

### मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी के तहत बन रहा पीईबी शेड

## मेट्रो स्टेशनों से जुड़ेंगे आरकेएमपी और रेलवे स्टेशन, स्काईवाक के काम में तेजी के निर्देश

अक्टूबर से सुभाष नगर से एम्स रूट पर मेट्रो चलाने की तैयारी

एमडी ने एम्स से आरकेएमपी तक के कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेट्रो के प्रायोरिटी कारिडोर पर अक्टूबर माह से मेट्रो शुरू करने का टारगेट रखा गया है। जिसके तहत रानी कमलापति (आरकेएमपी) मेट्रो स्टेशन और रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाले मल्टी माडल ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी के तहत बन रहे स्काइवाक पर पीईबी शेड लगाने का काम शुरु कर दिया है। मंगलवार को मेट्रो के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने कारिडोर के स्टेशनों का निरीक्षण किया।

शुरुआत एम्स मेट्रो स्टेशन से हुई जहां उन्होंने स्टेशन में यात्रियों के लिए जरूरी सुविधाओं जैसे एंट्री-एग्जिट प्वाइंट, लिफ्ट, एस्कलेटर, प्रसाधन, कंट्रोल रूम और सुंदरीकरण के कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद एमडी ने मेट्रो अधिकारियों, संबंधित विभागों, कंसल्टेंट्स और कांट्रेक्टरों के साथ बैठक कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।



### ठगी के आरोपी साइबर ठग का अग्रिम जमानत आवेदन निरस्त

**भोपाल।** कमीशन पर साइबर विदेशों में बैठे हुए साईबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले आरोपी अमित किशोर कल्याणपुर नार्थ बमोला समस्तीपुर बिहार के जमानत आवेदन को मंगलवार को सुनवाई करने के बाद गंभीर प्रवृत्ति का अपराध होने से अपर सत्र न्यायाधीश नीलम शुक्ला ने निरस्त कर दिया है। आरोपी के अधिवक्ता ने आरोपी को प्रकरण में निर्दोष बताते हुए जमानत का लाभ प्रदान करने की मांग की थी, जबकि अपर जिला लोक अभियोजक मंजू जैन सिंह ने पैरवी करते हुए आरोपी को अपराध को गंभीर प्रवृत्ति का अपराध बताते हुए उसके जमानत आवेदन को निरस्त करने की मांग की थी।

## प्लास्टिक सर्जरी सौंदर्य तक ही सीमित नहीं गंभीर बीमारियों में भी यह आशा की किरण

### आमजन को प्लास्टिक सर्जरी की भूमिका को बताना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस के रूप में मंगलवार को मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीन डॉ. कविता एन सिंह द्वारा किया गया। जीएमसी के डीन डॉ. कविता एन सिंह ने कहा कि प्लास्टिक सर्जरी न केवल सौंदर्य वृद्धि तक सीमित है बल्कि यह उन मरीजों के लिए आशा की किरण है जो गंभीर चोटों जलने या कैंसर जैसी स्थितियों से जूझ रहे हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में प्लास्टिक सर्जरी की भूमिका को लेकर जागरूकता फैलाना था।

### जन्मजात विकृतियों में भी प्लास्टिक सर्जरी कारगर

*कार्यक्रम के संयोजक अध्यक्ष डॉ. अरुण भटनागर विभागाध्यक्ष बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी जिन्होंने प्लास्टिक सर्जरी के विभिन्न पहलुओं जैसे कि माइक्रो सर्जरी जन्मजात विकृतियों का सुधार कैंसर के बाद पुनर्निर्माण और हाथ की सर्जरी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान फैकल्टी रेजिडेंट डॉक्टर और छात्रों ने जागरूकता सत्र लाइव सर्जरी केस डिस्कशन और मरीजों की सफलता की कहानियों को साझा किया। पोस्टर विजुअल डिस्प्ले और इंटरएक्टिव सत्रों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि प्लास्टिक सर्जरी केवल सौंदर्य से संबंधित नहीं है बल्कि यह जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम का समापन एक प्रश्नोत्तर सत्र और यह संकल्प के साथ हुआ कि प्लास्टिक सर्जरी के क्षेत्र में नवाचार शिक्षा और सहानुभूति के साथ कार्य करते रहेंगे।*



## ट्रेन से मोबाइल चोरी कर ऑनलाइन बैंकिंग से साढ़े पांच लाख निकालने वाले स्टूडेंट कश्मीर से गिरफ्तार

### बेंगलुरु जाते वक्त चुरा लिया था यात्री का मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीआरपी भोपाल ने ट्रेन से मोबाइल चोरी कर ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से फ्रॉड कर पैसे निकालने वाले दो नर्सिंग स्टूडेंट को कश्मीर से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बेंगलुरु जाने के दौरान ट्रेन से एक भोपाल आ रहे एक व्यक्ति को मोबाइल चोरी कर लिया था। जीआरपी ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ कायमी की थी।

### चॉर्जिंग पॉइंट से किया था गायब

जीआरपी के मुताबिक तनवीर आलम निवासी सागर ने 8 मई को शिकायत की थी कि वह हजरत निजामुद्दीन से यात्रा कर रहे थे इसी दौरान उनका मोबाइल चार्जिग प्वाइंट से गायब हो गया था। साथ ही कुछ समय बाद पता चला कि उनके बैक खातों से साढ़े पांच लाख रूप दूसरे खाते में ट्रांसफर हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि गिफ्टकार्ड के माध्यम से एक आईफोन लिया गया। पुलिस पूणे में एक मोबाइल दुकानदार के पास पहुंची तो उसने दो संदिग्धों की जानकारी दी। पुलिस इसी आधार पर जम्मू काश्मीर के बारामूला पहुंची और एक युवक फैजान को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसके दोस्त शौकत ने मोबाइल चोरी किया है। वहीं ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से पैसा निकाला।

### एक लाख 20 हजार जब्त

इसके बाद उसने मेरे गिफ्टकार्ड से आईफोन बुक किया। पुणे में उस आईफोन को बेच दिया था। आरोपी की निशानदेही पर शौकत को भी गिरफ्तार कर लिया। वहीं उससे नगदी 1 लाख 20 हजार जब्त किए। उन्होंने बताया कि वो नर्सिंग के स्टूडेंट हैं। उन्होंने बताया कि पासवर्ड अनलॉक कर बेटिंग में डाल दिया था। बेटिंग में 2 लाख 18 हजार रूपए शेष बचा था जो पुलिस ने जब्त किया। वहीं पुलिस ने 13 लाख रूपए फ्रीज भी कराया।

### मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड बैठक में प्रोजेक्ट को मिली हरी झंडी


# 17 एकड़ में बनेगा सबसे बड़ा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र हाउसिंग बोर्ड अयोध्या नगर में राजधानी का सबसे बड़ा स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स बनाने जा रहा है। सत्रह एकड़ में बनने वाले इस कॉम्प्लेक्स के लिए मंडल की बोर्ड बैठक में मंजूरी मिल गई है। वर्तमान में इस जमीन पर मुरम और गिट्टी की खदान थी। इस वजह से यहां एक बहुत बड़ा गढ्ढा है और बाकी हिस्से पर बच्चे खेलते हैं। बैठक में नगरीय प्रशासन मंत्री और बोर्ड के चेयरमैन कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि शहरों के विकास में खेल की गतिविधियों के लिए जगह शीर्ष प्राथमिकता में होनी चाहिए।

### खास बातें

- शहर का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स
- मंडल की बोर्ड बैठक में मंजूरी मिल गई
- खेल को मिलना चाहिए शीर्ष प्राथमिकता



### हाउसिंग प्रोजेक्ट में नहीं काटेंगे पेड़

नगरीय प्रशासन मंत्री ने हुकुमचंद मिल प्रोजेक्ट के रिव्यू में कहा कि यह सेंटल इंडिया का बेस्ट प्रोजेक्ट होना चाहिए। इस पूरे प्रोजेक्ट में एक भी पेड़ नहीं कटना चाहिए। उन्होंने कहा कि निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के लिए और ज्यादा घर बनाने की योजना पर काम किया जाए।

### आर्किटेक्ट नियुक्ति के लिए जारी होंगे टेंडर

बैठक में कमिश्नर हाउसिंग बोर्ड डॉ. राहुल फटिंग ने बताया कि जल्द ही आर्किटेक्ट की नियुक्ति के लिए टेंडर जारी करेंगे। यहां क्रिकेट मैदान, स्वीमिंग पुल, बैडमिंटन कोर्ट सहित सभी प्रमुख स्पोर्टस के लिए सुविधाएं होंगी। इस मौके पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी तृप्ति श्रीवास्तव ने चेयरमैन व बोर्ड सदस्यों को वार्षिक बजट सहित सभी मुद्दों की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप



### तामोट में हर तरफ फैली गंदगी, लोग परेशान

**तामोट**। तामोट नगर पंचायत की सड़कों का हाल बेहाल है। वार्ड 2 में हर तरफ गंदगी फैली हुई है। सरपंच, सचिव दफ्तार में नहीं मिलने के कारण रहवासी आखिर किससे अपनी समस्या बताएं। राजकुमार, बाबूलाल ने बताया कि नालियों कि साफ-सफाई नहीं होने से जगह-जगह गंदगी फैली हुई है, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। 12 नंबर मार्किट के पास गन्दा पानी बह रहा है, जहां कीचड़ में मवेशी और बाइक सवार फिसल कर गिर रहे हैं। औबेदुल्लागंज जनपद सीईओ निखलेश कटारे ने कहा में दिखवाता हूं। जिला सीईओ और एसडीएम को भी लोगो ने ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याएं बताई है।

### अर्जुन नगर के पार्षदों में मची हलचल





**औबेदुल्लागंज**। भाजपा नेता, विश्व हिन्दू परिषद के नेता वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, पूर्व पार्षद पद्म चौहान, वरिष्ठ नेत्री आरती यादव, माखन सेन कि जोड़ी अर्जुन नगर में अनेक कार्यक्रम कर रही है। माता मंदिर में हुए दाल बाटी कार्यक्रम कि चली चर्चा अब कांबड़ यात्रा से इन नेताओं के पक्ष मैं चर्चा होने से अर्जुन नगर के पार्षदों में हलचल मचा गया है। वचन लोधी के नेतृत्व में की गई श्मशान घाट बनाने की मांग से चर्चा जोरों पर है। नेत्री आरती यादव ने महिलाओं को भोजपुर नारी जन अभियान से जोड़कर महिलाओं में आरती यादव का अच्छा प्रभाव बना है।

### एरोसिटी में रहेगी झूलेलाल चालीहा महोत्सव की धूम



**संतनगर**। झूलेलाल चालीहा महोत्सव बुधवार से शुरू हो रहा है और लगातार 40 दिन तक भगवान झूलेलाल की विशेष पूजा-अर्चना चलती रहेगी। साथ ही 40 दिन का उपवास भी शुरू हो जाएगा। इस कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए मंगलवार को ब्लेयर कॉलोनी में बैठक सम्पन्न हुई, जिस में चालीहे साहिब की तैयारियों के विषय में चर्चा हुई और इस कार्यक्रम को पहले से अधिक भव्यता देने का निर्णय लिया गया। बैठक पूज्य सिन्धी पंचायत एयरोसिटी के अध्यक्ष चन्द्र उद्धवानी, महासचिव वासुदेव गुलानी व कोषाध्यक्ष जगदीश वलेचा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सामाजिक कार्यकर्ता हरीश का मनाया जन्मदिन



**संतनगर**। संत नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत के ऑडिटर व कांग्रेस नेता व अनेक सामाजिक संगठनों से जुड़े हरीश मेहरचंदानी का जन्मदिन मंगलवार को पूज्य सिंधी पंचायत कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने मेहरचंदानी को बधाई देने हुए कहा कि हरीश सक्रिय व कर्मठ कार्यकर्ता है।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1638 | | |
| दिन: | 116 | 85 | 140 |
| रात: | 128 | 14 | 158 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 225 | 98 | 134 |
| रात: | 277 | 68 | 468 |

## चोरों ने भोपाल में बेचा तार आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

# दीवानगंज में करोड़ों की मशीन से लाखों रुपए के वायर चोरी

### इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही, ड्यूटी के दौरान सो रहे थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दीवानगंज स्टेशन पर खड़ी करोड़ों की कीमत वाली ट्रैक मरम्मत पीसीटीएन मशीन से दो दिन पहले यानी 13 जुलाई की रात तीन चोरों ने इस मशीन से लाखों की कीमत के वायर चोरी कर भोपाल में बेच दिए थे। इस मामले में इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही सामने आ रही है। दरअसल मशीन पर जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, वह ड्यूटी के दौरान सो गया थे। इसका फायदा उठाते हुए। चोर मशीन से लाखों के वायर चोरी कर ले गए।

सूत्रों के अनुसार वायर चोरी की घटना का पता लगते ही मामले की जानकारी आरपीएफ थाना विदिशा को दी गई। इसके बाद जांच शुरू की गई, जिसमें की तीनों आरोपियों को सुरक्षा बल ने गिरफ्तार कर लिया।

### अंगुली में लगी चोट के निशान से हुई चोरों की पहचान



रेलवे सूत्रों के अनुसार 13 जुलाई को वायर चोरी करने के बाद चोर उसी रात भोपाल पहुंचे। इसके अगले दिन उन्होंने बायर को भोपाल में बेच दिया था। इस घटना क्रम में एक आरोपी के हाथ में कट लग गया था। इसके आधार पर आरपीएफ ने चोरी को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार आरपीएफ विदिशा चोरों को तत्काल पता लगाया। इसके बाद आरोपियों से पूछताछ कर बेचे गए माल और खरीदने वाले को भोपाल से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद तीनों को रेलवे मजिस्ट्रेट भोपाल के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा उक्त आरोपियों को जेल भेज दिया गया। तो वहीं इस संबंध में भोपाल रेल मंडल के आला अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे है।

### बदमाश ने युवक से की अड़ीबाजी पैसे नहीं देने पर किया हमला

शाहजहांनाबाद इलाके में थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल बदमाश सोनू कोचक ने एक युवक पर बेल्ट के हुक से हमला कर दिया। गर्दन में गंभीर घाव होने के कारण वह घायल हो गया। पुलिस ने बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज करने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अजय सोलंकी मदर इंडिया कॉलोनी में रहता है और कैटरिंग का काम करता है। सोमवार को उसके घर के पास रहने वाला बदमाश सोनू कोचक शराब के नशे में आया और अड़ीबाजी करने लगा। इस दौरान अजय ने पैसे देने से मना किया तो उसने बेल्ट के नुकीले हुक से उस पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसकी हालत स्थिर है। पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। बदमाश थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल है। उसके खिलाफ आधा दर्जन से अधिक गंभीर प्रकार के मामले दर्ज है।

### नशा मुक्ति केंद्र के बाथरूम में फंदे पर झूलता मिला युवक

कोलार इलाके में स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। घटना मंगलवार दोपहर 3 बजे की है। पुलिस के मुताबिक 21 वर्षीय यशलीन पीटर पिता मोसिस को परिजनों ने 20 दिन पूर्व प्रयास अस्पताल के नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। यहां उसका उपचार चल रहा था। इसी दौरान मंगलवार दोपहर उसे चादर का फंदा बनाया और बाथरूम की खिड़की से लटक गया। सफाई कर्मियों ने जब देखा तो मामले की सूचना प्रबंधन को दी। प्रबंधन की सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जांच अधिकारी मनोज नागवंशी का कहना है कि युवक ने सुसाइड किया है।

## 15 से शुरू हुआ अभियान 30 जुलाई तक चलेगा, 'नशे से दूरी-है जरूरी' अभियान का शुभारंभ करते हुए बोले डीजीपी मकवाणा

# नशे के बुरे परिणामों से बच्चों और युवाओं को अवगत कराने और नशे से दूर रखने मध्यप्रदेश पुलिस करेगी जागरूक

सीएम के संदेश एवं अभियान के पोस्टर का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश भर में मंगलवार से 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान का शुभारंभ हुआ। पुलिस मुख्यालय में डीजीपी कैलाश मकवाणा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश एवं अभियान के पोस्टर का विमोचन करते हुए शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन की लत कई युवाओं को खोखला कर उनके परिवारों को भी बर्बाद कर रही है। हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है, नशे के दुष्प्रभावों से किशोर बच्चों और युवाओं को अवगत कराएं और नशे से दूर रखें।

उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेस के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से समाज में नशे की प्रवृत्ति की प्रभावी रोकथाम के लिए यह जनजागरुकता अभियान 'नशे से दूरी-है जरूरी' मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स- ये शब्द सुनते ही दिमाग में कई दृश्य उभरते हैं- दुर्बल शरीर, नशीली आंखे, धुएं का गुबार और अंधकार। मादक पदार्थों के सेवन की लत कई युवाओं को खोखला कर उनके परिवारों को भी बर्बाद कर रही है।

### सोशल मीडिया पर भी हैशटेग : नशे से दूरी-है जरूरी

डीजीपी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के अंतर्गत पूरे प्रदेश में प्रतिदिन विभिन्न जनजागरुकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी, जिनमें स्थानीय रेडियो और एफएम चैनलों के माध्यम से प्रसारण, सार्वजनिक स्थलों पर बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स का प्रदर्शन और पंफ्लेट का वितरण शामिल है। साथ ही, प्रिंट मीडिया, बस अड्डों और प्रमुख चौराहों पर डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से वीडियो प्रचार किया जाएगा। सफाई वाहनों पर लगे पीए सिस्टम से नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाएगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर हैशटैग #नशे-से-दूरी-है-जरूरी, आदि के माध्यम से व्यापक जन-संदेश भी प्रसारित किए जाएंगे।

### नशा मुक्ति के लिए सेल्फी प्वाइंट भी

अभियान के दौरान प्रत्येक आयोजन स्थल पर नशामुक्ति से संबंधित सेल्फी पॉइंट बनाए जाएंगे, ताकि आमजन की भागीदारी को और प्रोत्साहन मिल सके। नारकोटिक्स से संबंधित शिकायतों और परामर्श के लिए हेल्पलाइन नंबर 1933, 14446 एवं वेबसाइट का व्यापक प्रचार किया जाएगा। इसके साथ ही, प्रचार सामग्री जैसे कैप्स, रिस्ट बैंड्स, बैजेस, पोस्टर और बैनर भी वितरित किए जाएंगे।

### नशामुक्ति समितियों का होगा गठन

प्रदेश के सभी स्कूलों और कॉलेजों के छात्रावासों में छात्रावास नशामुक्ति समितियों का गठन किया जाएगा। अभियान में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था, अखिल भारतीय गायत्री परिवार, आर्ट ऑफ लिविंग, हार्टफुलनेस जैसे सामाजिक व धार्मिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई है।

### इनकी रहेगी महत्वपूर्ण भूमिका

इस अभियान में उच्च शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों की सहभागिता रहेगी। इस अवसर पर विशेष पुलिस महानिदेशक सीआईडी पवन श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नारकोटिक्स केपी वेंकटेश्वर, पुलिस महानिरीक्षक एएनओ डॉ. आशीष, पीएसओटू डीजीपी विनीत कपूर, सहायक पुलिस महानिरीक्षक संजीव कुमार कंचन एवं एसओ टू डीजीपी मलय जैन उपस्थित रहें।

### पुलिस कमिश्नर ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर भोपाल में नशे से दूरी- है जरूरी 15 दिवसीय विशेष अभियान के तहत जन जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया। पुलिस कमिश्नर हरी नारायणचारी मिश्र और क्षेत्रीय विधायक भगवानदास सबनानी और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी , पुलिस उपायुक्त श्रद्धा तिवारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस बाइक रैली में पुलिसकर्मियों के अलावा स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी शामिल रहे।

### नशामुक्ति के लिए शपथ भी दिलाई



रैली के पहले पुलिस कमिश्नर ने वहां उपस्थित सभी लोगों को नशा न करने तथा समाज को भी इससे दूर रखने के लिए शपथ दिलाई गई। शपथ गृहण के दौरान समस्त पुलिस उपायुक्त, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त तथा स्कूली छात्र- छात्राएं, नगर रक्षा समिति, शक्ति समिति, सृजन के बालक-बालिकाएं, गणमान्य नागरिक एवं पुलिस अधिकारी/कर्मचारी, कर्मचारी समेत बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में नशे के विरुद्ध चेतना फैलाना एवं नशा मुक्ति के प्रति आमजन में जागरूकता उत्पन्न करना है। उक्त रैली का शुभारंभ कमिश्नर कार्यालय से किया जाकर राजभवन तिराहे होते हुए रोशनपुरा चौराहे पहुंची उपरांत वापस राजभवन तिराहे पर समाप्त हुई।



### स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने किया पौधरोपण

**औबेदुल्लागंज**। क्राइस्ट विद्या भवन के छात्रों और शिक्षकों ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया, जिसमें स्कूल की सिस्टर विनीता एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

### विधायक पटवा से की भेंट...



**औबेदुल्लागंज**। मीडिया प्रभारी पंकज कोठरी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, वार्ड 2 के पार्षद प्रीतिनिधि नरेश सेठी, युवा नेता जीतू नंदवंशी ने मंगलवार को विधायक सुरेंद्र पटवा से भेंट की। इस अवसर पर कई मुद्दों पर चर्चा की, जो चर्चा का विषय बन गया है।

### रवींद्र भवन में दर्शक की जेब से 40 हजार रुपए निकाले

**भोपाल**। रवींद्र भवन में कार्यक्रम के दौरान एक युवक की जेब से अज्ञात व्यक्ति ने 40 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक नरेन्द्र सिंह ठाकुर सिद्धार्थ लेकसिटी में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि रवीन्द्र भवन में वह दर्शक दीर्घा में बैठे थे, तभी उनके कुर्ते की जेब से किसी ने 40 हजार रुपए निकाल लिए।

### कारपेंटर फंदे पर झूला

**भोपाल**। कमला नगर इलाके में एक कारपेंटर ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय महेश ठाकुर नेहरू नगर में रहता था और कार पेंटर का काम करता था। सोमवार शाम उसने फांसी लगा ली।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

**औबेदुल्लागंज**। एक पेड मां के नाम अभियान अंतर्गत 11 किलो बीज पठार पर रोपकर, पौधरोपण किया। क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री सुरेन्द्र पटवा एवं एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में ग्राम उमरिया की पठारी पर मप्र जन अभियान परिषद से जुड़े लगभग 100 लोगों ने पर्यावरण बचाने का संदेश देते हुए जामून, महुआ, करंज, बेहड़ा, नीम के बीजों को फैलाकर धरती को हरा -भरा करने की पहल की। इस दौरान भीलट बाबा मंदिर परिसर के आसपास पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक कल्याण सिंह राजपूत विकासखण्ड समन्वयक निशा बहेकार, उपस्थित थे। इस दौरान पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुरजीत सिंह बिल्ले, बने सिंह परमार, पार्षद सुजीत यादव, राजेंद्र साहू, पुरुषोत्तम शर्मा, प्रेम नारायण सोनी सहित करीब 100 लोगों शामित हुए।

## पार्षद ने लिखा पत्र, पर अब तक नहीं हुआ मरम्मत का कार्य

# रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग हुआ जर्जर घंटों जाम में फंसे रहते हैं वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



रेलवे स्टेशन और स्टेशन पहुंच मार्ग का बुरा हाल है यहां दोनों तरफ अतिक्रमण किए जाने और सड़क पर गड्ढे होने से रेलवे स्टेशन जाने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व सरकारी विभाग के जिम्मेदार इस ध्यान नहीं दे रहे हैं। सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण होने के कारण यहां बार-बार जाम लग जाता है, जिससे वाहन चालकों को घंटों परेशान होना पड़ता है। मुख्य चौराहे से लेकर स्टेशन तक सेंट्रल बैंक के सामने रोज जाम लगता है।

औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन पर 5-6 ट्रेनों का स्टॉपेज है, इन ट्रेनों से यात्रा करने जाने वाले लोगों को मुख्य चौराहे से स्टेशन तक पहुंचाने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया, व्यापारी संघ के प्रमुख सुदामा तिवारी, अशोक मित्तल, ब्राह्मण समाज के राकेश तिवारी, संभव जैन, रमेश सेठी, शंकर सेठी, मनोज खत्री, रामकिशोर नंदवंशी, विनोद नागर, इसराइल ने बताया कि स्टेशन रोड जर्जर हो चुका है। वार्ड पार्षद ने बताया कि मैं सड़क की मरम्मत के लिए विधायक सुरेंद्र पटवा, एसडीओ लोक निर्माण एवं नगर परिषद में कई पत्र दिए, लेकिन अब तक सड़क का मरम्मत का कार्य नहीं हुआ।

## 2 अगस्त को मानस भवन में विजेताओं को मिलेगा पुरस्कार

# सिन्धी स्वाद, परंपरा और संस्कृति की थीम पर भोपाल के 21 स्थानों पर होगा कुकिंग कॉम्पिटिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

भारतीय सिंधु सभा और सिंधी मेला समिति हर साल उन प्रतिभाओं का सम्मान करती है जिन्होंने शिक्षा, खेल, कला या किसी अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त कर समाज का गौरव बढ़ाया है। यह सिर्फ भोपाल ही नहीं, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश से समाज के लोग हिस्सा लेते हैं।

सिंधी व्यंजन की परंपरा को बरकरार रखने के उद्देश्य से राजधानी भोपाल की अग्रणी संस्था सिन्धी मेला समिति द्वारा भोपाल में 21 से अधिक सेंटरों पर कुकिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन करने जा रही है। इस आयोजन की तैयारी को लेकर रविवार को ईदगाह हिल्स स्थित कबीर की कुटिया में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी एवं महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि भोपाल की महिलाओं के लिए कुकिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन किया जा रहा है। कॉम्पिटिशन का यह 17वां साल है। इस प्रतियोगिता में चयनित महिलाओं को 2 अगस्त को मानस भवन में मुख्य समारोह आयोजित कर बेस्ट कुकिंग अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा और सभी को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इसी के साथ प्रतिभा शालीन बच्चों का पुरस्कार वितरण समारोह 17 अगस्त को रविंद्र भवन में करेगी।

### इन स्थानों पर होगा आयोजन



संत हिरदाराम नगर, संत कंवर राम कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी टीलारामपुरा, बावड़िया कला पंचवटी, विजय नगर, गांधीनगर ईदगाह हिल्स, चुनाभट्टी, कोटरा सुल्तानाबाद, शक्ति नगर सहित यह आयोजन भोपाल के साथ नर्मदापुरम संभाग के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जाएगा

# पटवारी ने सीमांकन के दौरान मिलीभगत कर दबा दी किसान की जमीन, एडीएम को सुनाया दुखड़ा

## जनसुनवाई में शिकायती आवेदन देकर लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



पटवारियों की मनमानी जारी है। किसान और आम लोगों से जुड़े कामों को लेकर पटवारी परेशान कर रहे हैं। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में धामनिया के किसान रामनारायण मेवाड़ा ने पैतृक जमीन का सीमांकन कर जमीन दबाने का आरोप लगाया। पीड़ित ने अपर कलेक्टर गोविंद गोयल को पटवारी का कारनामा बताते हुए दुखड़ा सुनाया।

पीड़ित ने बताया कि हुजूर तहसील के पटवारी हल्का नंबर 59 में पदस्थ पटवारी ने किसान की छह एकड़ जमीन का दूसरे के हक में सीमांकन कर दिया है। किसान ने बताया कि यह उसकी पैतृक जमीन करीब छह एकड़ गांव में स्थित है। उनके पास ही शिवचरण मीणा की जमीन है और उनकी जमीन से लगी हुई सरकारी जमीन भी है, जिसका पट्टा रामकिशन हरिजन को शासन ने दिया था। रामकिशन ने जमीन अन्य को बेच दी थी, बाद में जमीन को प्रवीण शर्मा और सिरोले को बेच दिया गया। इन्होंने पथरीली जमीन छोड़कर किसान की जमीन पर कब्जा कर लिया था, जिसका सीमांकन कराया गया, लेकिन पटवारी ने हेरफेर कर उनकी गैर मौजूदगी में सीमांकन कर दिया। किसान ने आरोप लगाया है कि यह प्रवीण शर्मा और पटवारी ने मिलीभगत से किया है। उसकी जमीन पर प्रवीण शर्मा ने अवैध कब्जा कर लिया है। मामले की जांच हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया को सौंपी गई है।

# सड़क दुर्घटना में मप्र नंबर 2 पर, इसका मुख्य कारण आम जनता में यातायात जागरूकता की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीटीआरआई में सुरक्षित यातायात को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के सभी यातायात प्रभारियों, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों से लेकर सूबेदार तक की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सोनाली मिश्रा ने किया। इस दौरान उन्होंने कार्यशाला में बताया कि देश में सड़क दुर्घटना में मध्यप्रदेश नंबर द्वितीय स्थान पर है एवं गंभीर सड़क दुर्घटना में चतुर्थ स्थान पर है। दुर्घटना के आकड़ों का विश्लेषण किया गया तथा देखा गया कि मध्यप्रदेश में प्रतिवर्ष सड़कें अच्छी हो रही है और दुघटनाएं बढ़ रही हैं। इसका मुख्य कारण आम जनता में यातायात नियमों के प्रति जागरुकता की कमी है। सुबह के अखबार में पढ़ा कि फौजा सिंह जो कि एक मैराथन थे कि 114 वर्ष की उम्र में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। यह अत्यंत चिंता का विषय है एवं दुखद घटना है।

**खास बातें**

- अति. पुलिस महानिदेशक सोनाली ने किया शुभारंभ
- गंभीर सड़क दुर्घटना में चतुर्थ स्थान पर मध्यप्रदेश
- जागरुकता की कमी दुर्घटनाओं का मुख्य कारण



**यातायात प्रभारियों की राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन**

### ब्लैक स्पॉट पर करें कार्य

एडीजी ने कार्यशाला में शामिल यातायात प्रभारियों को बताया कि आप सभी एनएचएआई और एमपीआरडीसी के साथ मिलकर ब्लैक स्पॉट के ऊपर कार्य करें एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं। डीआईजी तुषार कान्त विद्यार्थी ने कहा कि इंजीनियरिंग, इन्फारसमेंट, एज्यूकेशन और इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम के क्रियान्वयन के लिए पुलिस की महत्वूर्ण भूमिका है, जिनके प्रभावी क्रियान्वयन से वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। आगे भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई योजना जैसे कि राहवीर योजना एवं कैशलेस योजना के बारे में बताया जो कि मई 2025 से प्रांरभ होकर प्रदेश में लागू की गई है। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में कोई भी व्यक्ति जो गंभीर रूप से घायल होता है तो उसे आम नागरिक के द्वारा (गोल्डन आवर) में निकटतम अस्पताल में लेकर जाते हैं तो ऐसे व्यक्ति राहवीर कहलाते हैं जिन्हें सरकार द्वारा 25 हजार रुपए की राशि से पुरस्कृत किया जाता है। वहीं वाहन दुर्घटना में जो भी व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होता है उसको नजदीकी अस्पताल पहुंचाने पर 1.50 लाख राशि का उपचार पीड़ित को मिलेगा जो कि केशलैस स्कीम के अंतर्गत है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे वाहन चालक जो लापरवाहीपूर्वक या नशे में वाहन चलाते पाएं जाते है उनके लाइसेंस सस्पेंड कराए जाए।

### हेल्पलाइन नंबर की दी जानकारी

कार्यशाला में दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद के लिए एनएचएआई द्वारा जारी हेल्पालइन 1033 एवं एमपीआरडीसी द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1099 के बारे में भी जानकारी दी। मैनिट कॉलेज भोपाल के सहायक प्राध्यापक अनुज जैसवाल द्वारा ट्रैफिक मैनेजमेंट के विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

---

सावन माह में शिव साधना: 250 से अधिक शिव मंदिर व घरों में हो रहे शिवलिंग निर्माण

# पांच दिनों में 6 लाख पार्थिव शिवलिंग बने, पूरे सावन में बनेंगे सवा दो करोड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में श्रावण मास के मौनी पंचमी मंगलवार को लाखों की संख्या में पार्थिव शिवलिंग निर्माण किए गए। तो वहीं 11 जुलाई से शुरू हुए पवित्र माह में अब तक करीब छह लाख से अधिक शिवलिंग निर्माण किए गए है। राजधानी के 250 मंदिर सहित घर परिवार व पार्थिव शिवलिंग निर्माण किए जा रहे है। एक अनुमान से पूरे सावन माह में करीब सवा दो करोड शिवलिंग बनाए जाएंगे।

### रोजाना करीब एक से डेढ़ लाख शिवलिंग बनाकर की जा रही है पूजा

श्री बड़वाले महादेव मंदिर, गुफा मंदिर, भोजपुर मंदिर, नेहरू नगर शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में विशेष आयोजन किए जा रहे है। भूतभावन भोलेनाथ की आराधना का विशेष माह सावन में विभिन्न शिव मंदिरों में रोजाना करीब एक से डेढ़ लाख शिवलिंग बनाकर पूजा की जा रही है। पुराने शहर के बड़वाले महादेव मंदिर में होने वाली नियमित आरती में मधुर स्वर सुनाई दे रही है।



### पार्थिव शिवलिंग पूजा का पौराणिक आधार

चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे गुरुजी ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार पार्थिव शिवलिंग की पूजा का उल्लेख अनेक प्रसंगों में मिलता है। मान्यता है कि प्रभु श्रीराम ने लंका विजय से पूर्व भगवान शिव की पार्थिव पूजा की थी। कलियुग में कूष्माण्ड ऋषि के पुत्र मंडप ने सबसे पहले पार्थिव शिवलिंग की स्थापना कर शिव उपासना की, जिसके बाद यह परंपरा जन-जन में प्रचलित हो गई। लिंग पुराण के अनुसार, शनिदेव ने भी काशी में पार्थिव शिवलिंग बनाकर भगवान शिव की आराधना की थी जिससे उन्हें अपने पिता सूर्यदेव से अधिक बल प्राप्त हुआ। सावन माह में यह पूजा व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक बल प्रदान करती है। यह एक ऐसा साधन है जिससे साधक भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त कर सकता है और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि ला सकता है।

### सलैया में बनाए 1100 शिवलिंग

श्रावण मास के मौनी पंचमी पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया जा रहा है। आयोजक प्रताप सिंह यादव ने बताया कि मंशापूर्ण महादेव मंदिर धाम शिवा रायल पार्क सलैया में पहले सोमवार पर जहां लगभग 7 हजार शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक किया गया। तो वहीं मंगलवार को करीब 11 हजार शिवलिंग निर्माण किए गए। तो वहीं राजधानी के प्राचीन श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर नेहरू नगर में 5001 शिवलिंग निर्माण किए गए। इसके अलावा यहां पर चारों पहर अभिषेक किया जा रहा है। इसके अलावा मंदिर प्रांगण में महामृत्युंजय जाप संपूर्ण मानवता कल्याण के लिए निरंतर जारी है।

---

# शाम तक एबीवीपी का जमकर प्रदर्शन, ठोस कार्रवाई की मांग

**फैकल्टी अनुशासनहीनता, महिला प्राध्यापक के उत्पीड़न और हथियार लहराने के मामले पर आरजीपीवी में बुलाई आपात बैठक**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्यागिकी विश्वविद्यालय में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने जमकर प्रदर्शन किया। एबीवीपी भोपाल महानगर द्वारा यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (यूआईटी) कैंपस में करीब 4 घंटे तक विरोध जताया गया।

एबीवीपी कार्यकर्ताओं के अनुसार यह प्रदर्शन विवि परिसर में लगातार हो रही गंभीर घटनाओं के विरोध में था, जिनमें महिला गेस्ट फैकल्टी के साथ दुर्व्यव्हार, फैकल्टी सदस्यों द्वारा अनुशासनहीनता और परिसर में पिस्टल जैसे हथियार लहराने की घटनाएं शामिल हैं। परिषद ने इन घटनाओं को न केवल छात्र-शिक्षक संबंधों के लिए खतरा बताया, बल्कि विवि की गरिमा पर सीधा आघात भी करार दिया। अभाविप के विरोध के बाद विवि प्रशासन हरकत में आया और सह प्राध्यापक डॉ. मनीष अहिरवार और उदय चौरसिया से स्पष्टीकरण मांगा गया है। ऐसी घटनाओं को ध्यान में रखते हुए विवि प्रशासन ने 17 जुलाई को कार्यपरिषद की आपात बैठक बुलाने की घोषणा और आदेश जारी किया है। इस बैठक में हालिया घटनाओं पर विचार कर आवश्यक अनुशासनात्मक निर्णय लिए जाने की संभावना है।

### यह बोले एबीवीपी के पदाधिकारी

अभाविप के महानगर मंत्री शिवम् जाट ने कहा कि कार्यपरिषद की यह बैठक परिषद की मांगों और छात्रों की आवाज का नतीजा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि बैठक में दोषियों के खिलाफ ठोस और निर्णायक कार्रवाई की जाएगी, अन्यथा अभाविप आंदोलन को और तेज करेगी। प्रांत सह मंत्री हिमांशु शर्मा ने कहा कि जब घटनाएं और प्रमाण दोनों सामने हैं, तो केवल बैठक से कुछ नहीं होगा, बल्कि ठोस परिणाम सामने आने चाहिए। अभाविप तब तक शांत नहीं बैठेगी जब तक कार्रवाई नहीं होती।

---

# डीपीसी के लिए 20 अगस्त को होगी परीक्षा, उच्च पद प्रभार पर असमंजस

- 12 जिलों में रिक्त पड़े डीपीसी के पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के विभिन्न जिलों में रिक्त पड़े जिला परियोजना समन्वयक के पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्रक्रिया जारी की गई है। इसके लिए आयु सीमा 1 जनवरी 2025 को 56 वर्ष तक निर्धारित की गई है। डीपीसी के लिए लिखित परीक्षा 20 अगस्त को आयोजित की जाएगी। हालांकि उच्च पद प्रभार के तहत व्याख्याता, उच्च माध्यमिक शिक्षा के पद पर काम कर रहे लोक सेवकों लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि राज्य शिक्षा केंद्र ने इसको लेकर आदेश में कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं किया है। जबकि उच्च पद प्रभार वाले लोक सेवकों द्वारा भी आवेदन किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, वर्तमान में भोपाल डीपीसी का पद प्रभारी के भरोसे है। इसी तरह विभिन्न जिलों में डीपीसी के पद खाली हैं। अब इन पदों को भरने तथा भविष्य में खाली होने वाले पदों को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र भर्ती परीक्षा आयोजित कर रहा है। जिला परियोजना समन्वयक के पद पर प्रतिनियुक्ति पर आने के इच्छुक स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्य हाईस्कूल, व्याख्याता एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा संवर्ग के आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए है। इन अभ्यर्थियों का बीएड होना अनिवार्य है। आयु सीमा 1 जनवरी 2025 को 56 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। जिला परियोजना समन्वयक के पद पर पदस्थापना मप्र के किसी भी जिले में की जा सकती है। उपरोक्त अधिकारियों को अपना आवेदन पत्र राज्य शिक्षा केंद्र में प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई रहेगी। इसी तिथि को आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। स्क्रूटनी उपरांत 20 अगस्त को लिखित परीक्षा होगी।

---

डीएफओ को कर्मचारी मंच ने पांच सूत्रीय ज्ञापन दिया, एक पर तत्काल कार्रवाई

# वन सुरक्षा श्रमिकों का लंबित वेतन तत्काल भुगतान करने के आदेश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को वन विभाग के डीएफओ लोकप्रिय भारती को अनियमित कर्मचारियों की पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है। डीएफओ ने पांचों मांगों को मंजूर करते हुए सुरक्षा श्रमिकों का लंबित वेतन तत्काल भुगतान करने के आदेश जारी किए हैं। साथ ही शेष चार मांगों पर एक सप्ताह में आदेश जारी करने का आश्वासन दिया। कर्मचारी मंच के प्रतिनिधिमंडल में अशोक पांडे, श्याम बिहारी सिंह, बसंत कटारे, नरेंद्र पाटिल, राहुल सिंह, अखिलेश पाल, भगवान सिंह यादव, गेंदलाल लोधी, अतुल मिश्रा, कमलेश साकेत, अरुण पांडे, इकबाल अली आदि शामिल रहे। मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि वन विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों एवं सुरक्षा श्रमिकों को पीएफ सुविधा का लाभ देने, 12 साल की सेवा के बाद दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं सुरक्षा श्रमिकों को कुशल श्रमिक का वेतन भुगतान करने तथा दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं सुरक्षा श्रमिकों को 7 दिन का आकस्मिक अवकाश सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन दिया है।

### स्कूली बच्चों के पौधरोपण के मामले में बालाघाट प्रदेश में अव्वल

**भोपाल।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को जागरुक बनाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शालाओं में दर्ज छात्र-छात्राओं के माध्यम से एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। बालाघाट जिले में 15 जुलाई तक इस अभियान के अंतर्गत 1255 शालाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा 26 हजार 913 पौधे लगाए जा चुके हैं। इस ऐप पर दर्ज जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश में बालाघाट जिला शालाओं के बच्चों द्वारा पौधरोपण के मामले में प्रथम स्थान पर है, जबकि बैतूल जिला 1541 शालाओं के बच्चों द्वारा लगाए गए 25 हजार 324 पौधरोपण के साथ द्वितीय स्थान पर है।
शालाओं के बच्चों द्वारा पौधरोपण किए जाने के मामले में बालाघाट जिला मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान पर है। कलेक्टर मृणाल मीणा के मार्गदर्शन में बालाघाट जिले में इस अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान में लगाए गए पौधों की सुरक्षा के साथ ही उनके फोटो माय लाइफ ऐप पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। इस ऐप पर फोटो अपलोड करने के बाद विद्यालय के प्राचार्य द्वारा पौधे लगाने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जा रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय ने बताया कि विभाग के निर्देशों के अनुरूप जिले की शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की सहभागिता से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत बालाघाट जिले के स्कूलों में सेंट मेरी स्कूल बालाघाट प्रथम, सांदीपनि विद्यालय बोलेगांव द्वितीय और सांदीपनि विद्यालय कटंगी तृतीय स्थान पर है।

**26 हजार 913 से अधिक पौधे लगाए गए, बैतूल दूसरे स्थान पर**

---

# टिकट बुकिंग प्रणाली में पारदर्शिता लाने अब कोच श्रेणी के अनुसार तय होगी वेटिंग लिस्ट

**फर्स्ट एसी में 60, सेकंड, थर्ड एसी में 40 से 60, स्लीपर और सेकंड क्लास में सिर्फ 40% तक ही तक ही बनाई जा सकेगी प्रतीक्षा सूची**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यात्रियों की सुविधा और टिकट बुकिंग प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए रेलवे ने अहम निर्णय लिया है। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी नई अधिसूचना के तहत अब वेटिंग लिस्ट (प्रतीक्षा सूची) की अधिकतम सीमा को प्रत्येक श्रेणी में उपलब्ध कुल सीटों के प्रतिशत के आधार पर तय किया है। नई व्यवस्था के तहत फर्स्ट एसी में अधिकतम 60 प्रतिशत, सेकंड और थर्ड एसी में 40 से 60 प्रतिशत, जबकि स्लीपर और सेकंड सीटिंग क्लास में सिर्फ 40 प्रतिशत तक ही प्रतीक्षा सूची बनाई जा सकेगी। यह नियम दो जुलाई से देशभर में प्रभावी हो गया है।

रेलवे बोर्ड ने पहले 17 अप्रैल को सभी जोनल रेलवे और रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआइएस) को आदेश जारी करते हुए वेटिंग लिस्ट को अधिकतम 25 प्रतिशत तक सीमित करने की दिशा में कदम उठाया था। इसके बाद आरक्षण प्रणाली में संशोधन करते हुए श्रेणीवार प्रतीक्षा सूची की सीमा को निर्धारित किया गया।



### वेटिंग लिस्ट की अधिकतम सीमा अब तय

अब किसी ट्रेन में सीटें फुल हो जाने पर निर्धारित सीमा से अधिक प्रतीक्षा सूची नहीं बनाई जा सकेगी। इससे न सिर्फ टिकटिंग प्रक्रिया पारदर्शी होगी, बल्कि दलालों और अनधिकृत एजेंटों के जरिए होने वाली टिकट बुकिंग पर भी रोक लगेगी।

### इन पर नियम लागू नहीं

यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि वेटिंग लिस्ट का यह नया नियम रियायती टिकटों या सरकारी यात्रा वारंट पर लागू नहीं होगा। इसका मतलब है कि दिव्यांग व्यक्ति, मेडिकल कोटा पर यात्रा करने वाले व्यक्ति, डिफेंस के कर्मचारी और अन्य योग्य लोगों को पहले की तरह ही प्राथमिकता मिलती रहेगी।

---

**पमरे जीएम बंदोपाध्याय ने रेल अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**

# संरक्षा अभियानों, अधोसंरचना कार्य एवं ट्रेन पंक्चुएलिटी पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पमरे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में को-आर्डिनेशन रिव्यू मीटिंग सम्पन्न हुई। बैठक में सेफ्टी तथा तीनों मंडलों में चलाए जा रहे विशेष संरक्षा संबंधी अभियानों, पंक्चुवेलिटी, रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन पर जोर देने पर बात हुई। इसके साथ ही अधोसरंचनात्मक कार्यों की समीक्षा, रेल मदद, माल ढुलाई से आय की वृद्धि, रिवेन्यू एवं कैपेक्स (कैपिटल एक्सपेंडीचर) जैसे अनेक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। महाप्रबंधक ने पमरे में चल रही रेल परियोजनाओं और अन्य विकासात्मक अधोसरंचना कार्यों पर विस्तार से चर्चा की साथ ही निर्माण कार्यों में तेजी लाने और समयसीमा में पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा पमरे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से संबंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही रेलपथों, वेल्डो के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा मानसून के तहत संरक्षा के मानकों के दिशा-निदेर्शों के नियमों का पालन सुनिश्चित करने जैसे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रेलगाड़ियों की पंक्चुएलिटी मॉनिटर करने एवं ट्रेनों की स्पीड संबंधी कार्यों तथा सेफ्टी पर जोर देने की बात कही।

### यात्री सुविधाओं के तहत रेल मदद एनालिसिस पर विशेष जोर देने की जरुरत





मीटिंग के दौरान महाप्रबंधक ने पैसेंजर, गुड्स (लोडिंग) तथा संड्री (नॉन फेयर रिवेन्यू) आय की समीक्षा करते हुए कहा कि ओरजिनेटिंग रेवन्यू बढ़ाने की दिशा में कारगर उपायों पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। साथ ही यात्री सुविधाओं के तहत रेल मदद एनालिसिस पर विशेष जोर देने की जरुरत है। उन्होंने मंडलों को निर्देश दिए कि वे रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन के लिए संरक्षा अभियानों का अनुपालन सुनिश्चित करें और जहां भी जरूरी हो वहां कर्मचारियों को परामर्श दें। उन्होंने कहा कि सिग्नलों, रेल फ्रेक्चरों और रेल वेल्डों की व्यापक निगरानी की जानी चाहिए। उन्होंने रेल परिचालन में मानव विफलता के साथ साथ एसेट फेलियर को कम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रेल दुर्घटनाएं न हों इसके लिए ड्यूटी पर सतर्क रहें साथ ही समय पर रेल परिचालन में उपयुक्त सभी एसेट्स की जाँच सुनिश्चित करें। साथ ही महाप्रबंधक ने तीनों मण्डल पर कैपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स) का अधिकतम उपयोग के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

---

# अभिराम खरे ने संभाला भोपाल मंडल के एडीआरएम का कार्यभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल में प्रशासनिक बदलाव के तहत मंगलवार को अभिराम खरे ने अपर मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने यह जिम्मेदारी निवर्तमान एडीआरएम रश्मि दिवाकर से औपचारिक रूप से ली। अभिराम खरे भारतीय रेलवे लेखा सेवा (आइआरएएस) के 2006 बैच के अधिकारी हैं। कार्यभार ग्रहण करने से पहले वे पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय, जबलपुर में वित्त सलाहकार (यातायात एवं निर्माण) के रूप में सेवाएं दे रहे थे। इससे पहले वे भोपाल में उप वित्त सलाहकार (निर्माण विभाग) और जबलपुर मंडल में वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक जैसे अहम पदों पर भी कार्य कर चुके हैं। रेलवे करियर की शुरुआत उन्होंने जबलपुर मंडल में सहायक मंडल वित्त प्रबंधक (एडीएफएम) के रूप में की थी। उन्होंने डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर से फार्मेसी में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है।

## पेज एक का शेष....

### मंगल ही मंगलः....

3 बजे कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग हुई। इसे स्प्लैशडाउन कहते हैं। इससे पहले ड्रैगन कैप्सूल के समुद्र में आने के बाद आवश्यक कार्रवाई को पूरा किया गया, इसके बाद रिकवरी टीम के सदस्य ड्रैगन कैप्सूल के अंदर गए। इसके कुछ पल के बाद सभी अंतरिक्ष यात्रियों को कैप्सूल से बाहर निकाला गया। बाहर निकले के दौरान शुभांशु के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। चारों एस्ट्रोनॉट एक दिन पहले यानी सोमवार की शाम 4:45 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे। सभी एस्ट्रोनॉट 26 जून को भारतीय समयानुसार शाम 4:01 बजे आईएसएस पहुंचे थे। एक्सियम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे ये रवाना हुए थे। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। शुभांशु 17 अगस्त तक भारत लौट सकते हैं। अंतरिक्ष यात्रियों को लैंडिंग के बाद मेडिकल जांच और रिहैबिलिटेशन के लिए आमतौर पर सात दिन लगते हैं, ताकि वे पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में फिर से ढल सकें। इसके बाद ही शुभांशु भारत लौटेंगे।

### एक अरब लोगों को...

को प्रेरित किया है। यह हमारी अपनी मानव अंतरिक्ष उड़ान योजना 'गगनयान' की ओर एक और बड़ा कदम है।

**41 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में गयाः** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा और भारतीय एजेंसी इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया था। शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। इससे 41 साल पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी। शुभांशु का ये अनुभव भारत के गगनयान मिशन में काम आएगा। ये भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिसका उद्देश्य भारतीय गगनयात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजना और सुरक्षित रूप से वापस लाना है। इसके 2027 में लॉन्च होने की संभावना है। भारत में एस्ट्रोनॉट को गगनयात्री कहा जाता है। इसी तरह रूस में कॉस्मोनॉट और चीन में ताइकोनॉट कहते हैं।

### सीएम डॉ. यादव ने ....

कैप्टन शुभांशु शुक्ला और सम्पूर्ण टीम को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु की यह अद्वितीय उपलब्धि भारत ही नहीं, विश्व के असंख्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। डॉ. यादव ने कहा कि पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'नया भारत' तेजी से 'अंतरिक्ष महाशक्ति' बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने शुक्ला की सकुशल पृथ्वी पर वापसी पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

### हाथ में तिरंगा...

है। मंगलवार को शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा, आज हमारे लिए बहुत खुशी का दिन है।

### सीएम डॉ.यादव...

होंगी। यह परियोजना भारतीय एमएसएमई को वैश्विक मंच प्रदान करने के लिए तैयार की जा रही है, जिससे वे अपनी गुणवत्ता युक्त वस्तुओं का निर्यात आसानी से कर सकें। भारत मार्ट, वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी को बढ़ाने वाला एक मजबूत स्तंभ बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दुबई यात्रा के दौरान लगातार तीन दिनों तक विभिन्न व्यापारिक बैठकों और निवेश संवाद कार्यक्रमों में शामिल हुए। तीसरे दिन समापन पर मुख्यमंत्री ने दुबई से एक विशेष संदेश जारी कर इस यात्रा को विकास यात्रा की एक मजबूत नींव बताया। उन्होंने डीपी वर्ल्ड और जेबेल अली फ्री जोन (जेएएफजेडए) के वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर भारत मार्ट परियोजना और उससे जुड़ी लॉजिस्टिक्स संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। यह बैठक भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को वैश्विक बाजार से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल मानी जा रही है।

### भारत और मप्र ...

मुंबई, मुंद्रा, कोचीन, चेन्नई और विशाखापत्तनम जैसे प्रमुख बंदरगाहों पर छह टर्मिनलों का संचालन करती है। साथ ही यह कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स, कंटेनर फ्रेट स्टेशन और एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट सेवाओं का भी प्रबंधन करती है।

### मुख्यमंत्री आज से ...

इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश बिजनेस फोरम को संबोधित करेंगे।

### सड़क पर नहीं....

लिए छोड़ दें? हर जगह जानवरों के लिए जगह है, इंसानों के लिए नहीं? कोई आपको रोक तो नहीं रहा है, आप चाहें तो उन्हें अपने घर में खिलाएं। याचिका उस आदेश से जुड़ी थी जो मार्च 2025 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने दिया था। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्हें जानवरों को खाना खिलाने में परेशान किया जा रहा है, जबकि वे पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 के तहत काम कर रहे हैं। वकील ने दलील दी कि नियम 20 के मुताबिक, स्थानीय निकाय या रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को ऐसे जानवरों के लिए खाना खिलाने की व्यवस्था करनी चाहिए।

### आप घर में ....

लोगों की आवाजाही से दूर रखा जाए। इस पर कोर्ट ने कहा कि सुबह साइकिल चलाकर देखिए क्या होता है। जब वकील ने कहा कि वो सुबह टहलने जाते हैं और कई कुत्ते देखते हैं, तो कोर्ट ने कहा कि सुबह टहलने वाले भी खतरे में रहते हैं। साइकिल और टू-व्हीलर वालों को ज्यादा खतरा है। इसके बाद कोर्ट ने इस याचिका को एक अन्य लंबित मामले के साथ जोड़ दिया है।

### निमिषा प्रिया की ...

ब्लड मनी के लिए मना सके। निमिषा प्रिया का मामला काफी संवेदनशील था। इसके बावजूद सरकार लगातार यमन के संपर्क में थी। आखिर में भारत सरकार की कोशिशें रंग लाई और निमिषा की फांसी को कुछ दिनों के लिए टाल दिया गया है। हालांकि, यह फांसी कब तक के लिए टली है? इसपर अभी तक अपडेट सामने नहीं आया है। बीते दिन सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान भारत सरकार ने कहा था कि निमिषा की जान बचाने का सिर्फ एक ही रास्ता है। अगर पीड़ित परिवार ब्लड मनी के लिए मान जाता है, तो निमिषा को बचाया जा सकता है। पीड़ित परिवार को 10 हजार अमेरिकी डॉलर (8.5 करोड़ रुपए) का ब्लड मनी देने की पेशकश की गई है। हालांकि, परिवार ने अभी तक इसे स्वीकार नहीं किया है।

### स्कूल से लौटकर...

बताया कि तीनों बच्चे- लक्ष्मी (10), तनु (8) और लोकेंद्र (4) स्कूल से लौटकर घर आए थे। फिर खेत में लगे पेड़ से आम तोड़ने की बात कहकर निकल गए। रात साढ़े 8 तक नहीं लौटे तो परिजन ढूंढने निकले। यहां खेत में बने तालाब में तीनों के शव दिखे। परिजन के मुताबिक, आम के पेड़ से फल तोड़ने के दौरान बच्चे तालाब के पास पहुंचे और फिसलकर पानी में गिर गए। रात करीब 9:30 बजे परिजन ने पुलिस को सूचना दी। बच्चों को तत्काल बारीगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### गले में कोबरा लपेटकर...

को लेने स्कूल भी चला गया। स्कूल से लौटने के दौरान दोपहर लगभग 12 बजे गले में लटके सांप ने दीपक को काट लिया। इसके बाद उसकी तबियत बिगड़ने लगी। उसको बेहोशी छाने लगी। आननफानन में परिवारवालों ने दीपक को पहले राघौगढ़ सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से गुना रेफर कर दिया गया। तड़के 4 बजे के आसपास दीपक की उपचार के दौरान मौत हो गई। सांप को गले में लपेटकर ले जाते हुए दीपक का वीडियो भी सामने आया है।

**उदयपुर में सांप को थैली में भरकर अस्पताल पहुंचा शख्सः** उदयपुर। राजस्थान के खांजीपीर इलाके में एक शख्स को सांप ने काट लिया। उसने न तो सांप को मारा, न भगाया, बल्कि उसे पकड़कर बड़े इत्मीनान से थैली में बंद किया और सीधे अस्पताल पहुंच गया। डॉक्टरों ने तुरंत एंटी-वेनम इंजेक्शन दिया और उपचार शुरू कर दिया। राहत की बात यह रही कि इलाज समय रहते मिल गया और अब शख्स पूरी तरह खतरे से बाहर है। सांप को बाद में वन विभाग को सौंप दिया गया।

### बेटी की सगाई....

की है। सोमवार को इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। गोल पहाड़िया नवग्रह कॉलोनी के रहने वाले देवेंद्र की बड़ी बेटी की सगाई मंगलवार को होने वाली थी। उनके भाई गजेंद्र जाटव (39) ने जनकगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि रविवार रात करीब 2 बजे भाई लक्ष्मीगंज से बहोड़ापुर की ओर जा रहे थे। लक्ष्मीगंज पुलिया पर हादसा हो गया। भाई की तब सांसें चल रही थीं। सूचना मिलने पर मैं मौके पर पहुंचा और पुलिस की मदद से उन्हें ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। जहां उनकी मौत हो गई।

### श्योपुर में सीप ...

फीसदी अधिक बारिश हुई है। प्रदेश में औसतन 463.8 मिमी बारिश रही, जबकि सामान्य तौर पर 270.3 मिमी होना थी। यह औसत सामान्य से 72 प्रतिशत अधिक है। पूर्वी प्रदेश में सबसे अधिक बारिश मंडला में 858.8 मिमी और पश्चिमी हिस्से में शिवपुरी में 645.7 मिमी दर्ज हुई है। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार तक कुछ जिलों में भारी बारिश होगी। शेष हिस्सों में सामान्य से मध्यम बारिश होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी तक जो सिस्टम था, वह आगे निकल कर राजस्थान और बिहार की ओर बढ़ा है। प्रदेश में अभी बारिश में कमी आएगी।

**कहां कितना बढ़ा तापमानः** मंगलवार को गुना, श्योपुर, रतलाम और उज्जैन में 5-5 डिग्री बढ़कर औसत अधिकतम पारा 32.5 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से औसतन एक डिग्री अधिक है। भोपाल में 2.6 डिग्री बढ़कर 30.6 डिग्री रहा, जो सामान्य के करीब है। नर्मदापुरम, इंदौर, शिवपुरी, खजुराहो, जबलपुर, सीधी, शिवपुरी और टीकमगढ़ में 2 से 4 डिग्री तक तापमान में बढ़त रही है। बैतूल, छिंदवाड़ा, मंडला, सिवनी आदि जिलों में औसतन एक डिग्री की बढ़त रही। अभी तापमान में और बढ़त की उम्मीद है।

मौसम विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार प्रदेश में अभी कोई प्रभावी सिस्टम नहीं होने से बारिश में कमी आएगी। अभी उत्तरी राजस्थान में एक डिप्रेशन है। यह बुधवार को उत्तरी राजस्थान होते हुए पश्चिम उत्तर पश्चिमी की ओर बढ़ेगा। एक वेलमार्क लो प्रेशर एरिया झारखंड में है। मानसून ट्रफ बीकानेर, उत्तरी राजस्थान के मध्य भागों से होती हुई राजस्थान में बने डिप्रेशन तक सक्रिय है। मप्र में न तो कोई ट्रफ है और न ही कोई प्रभावी सिस्टम।


## OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL

**Water Work Department**

Municipal Corporation Rest House, Shyamla Hills, Bhopal, Ph.No. 0755-2701669

**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online tenders are being invited for the following works. The bidder can obtained detailed information and tender documents on website http://mptenders.gov.in

Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in newspapers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website http://mptenders.gov.in

| S. No. | NIT No. | Tender ID | Details of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 38/T.Sec/EE/ W.W.D./2025-26 First Call | 2025_ UAD_ 436591_1 | Outsourcing of labor for Annual water supply arrangements and maintenance work at Zone 16 | 11,75,952/- | 8,820/- | 08.08.2025 |

T.N. 1929/025/026

Executive Engineer (WWD)
Municipal Corporation, Bhopal

## M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.

OFFICE OF THE GENERAL MANAGER (CIVIL)
A-1, CHAMBAL COLONY, GOVINDPURA, BHOPAL

No. 050/GM(Civil)/Pur/1691-92 Bhopal, Dated 14.07.2025

**TENDER NOTICE**

MPMKVVCL, Bhopal, invites online bids from Manufacturers of PCC Poles only through e-tendering for running of PCC Pole Factory on as is where is basis at Vidisha:-

| Tender Specification Number | Particulars of material for Procurement | Approx. Value (In Lakh) | Tender Fee (incl. GST) (in Rs.) | Date of Pre Bid Conference | Date of Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| GM (CIVIL)/BPL/32/01 (E-Tender No. 025_ MKVVC_433489_2) | Running of PCC Pole factory on as is where is basis at Vidisha. | 16.14 | 2360/- | 21.07.2025 at 12:00 PM | 29.07.2025 at 3.00 PM |

Other details and full tender document would be available on our Company website **https://portal.mpcz.in** & Govt. website **https://mptenders.gov.in** very shortly.

M.P. Madhyam/121110/2025 GENERAL MANAGER (CIVIL)

## MADHYA PRADESH JAL NIGAM

(A Govt. of Madhya Pradesh Undertaking)
8, Arera Hills, Bhopal - 462004
Web. : mpjalnigam.mp.gov.in, E-mail: mpjalnigam@mp.gov.in
CIN - U41000MP2012SGC028798

Har Ghar Jal
Jal Jeevan Mission

NIT No. 07-13/Proc./MPJNM/2025-26 Bhopal, Dated : 15.07.2025

**NOTICE INVITING E-TENDER**

Madhya Pradesh Jal Nigam (MPJN) invited online bids of tender for selection of Zone-wise Agency for Supervision and Quality Control (SQC) for Operation & Maintenance (O&M) Phase of Multi Village Rural Drinking Water Supply Schemes in Madhya Pradesh on man-month basis through Quality and Cost Based Selection (QCBS) method.

| NIT No. | Zone | Total Villages | PAC (Rs. Cr.) | Duration (Months) | EMD (Rs. Lakh) | Document Fee (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | Bhopal | 2,206 | 16.46 | 24 | 10.00 | 30,000 |
| 8 | Sagar | 1,932 | 15.23 | 24 | 10.00 | 30,000 |
| 9 | Jabalpur | 1,079 | 9.38 | 24 | 9.38 | 20,000 |
| 10 | Ujjain | 773 | 6.92 | 24 | 6.92 | 20,000 |
| 11 | Indore | 427 | 6.88 | 24 | 6.88 | 20,000 |
| 12 | Gwalior | 639 | 6.63 | 24 | 6.63 | 20,000 |
| 13 | Rewa | 623 | 5.26 | 24 | 5.26 | 20,000 |

Interested bidders can view/download/purchase the bid document online from M.P. Government E-Procurement Portal from 18.07.2025, 17:30 Hrs. Bidding process dates mentioned as critical dates on M.P. Government E-Procurement Portal will be applicable. Corrigendum/Addendum in NIT, if any, would be published on portal only and not in newspapers.

**M.P. Government E-Procurement Portal - https://mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/121117/2025 MANAGING DIRECTOR





## नाम परिवर्तन

मैं कमल डावर पुत्र श्री सखाराम आयु 43 वर्ष निवासी-गुलरझिरी, कुंजरोड, धार, म.प्र. । मेरे पुत्र के शासकीय अशासकीय दस्तावेजों में उसका नाम व सरनेम विनय डावर (VINAY DAWAR) पुत्र श्री कमल डावर (KAMAL DAWAR) दर्ज है। जो सही एवं सत्य है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश विष्णु (VISHNU) पुत्र कमल (KAMAL) दर्ज हो गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/अशासकीय दस्तावेजो मे मेरे पुत्र को विनय डावर (VINAY DAWAR) पुत्र श्री कमल डावर (KAMAL DAWAR) के नाम से जाना व पहचाना जावे । शपथ पत्र क्रमांक CZ 112523


हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/-
साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9407279644






हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
Mob.: 9826264575, 8889560478, 8085377716, 0755-2660949 Web.: www.jncbpl.com
★ M.Sc. (Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Micro bio., Biotech., Computer Sc., Maths) ★ PGDCA ★ B.Sc. (Bio Group & Maths, Chemistry, Computer Sci., Env.Sc., Biology, Micro Bio., Biotech ) ★ B.Com. Plain & Computer ★ M.Com ★ BCA ★ BA ★ BBA ★ M.A. (Eng., Polt. Sc., Socio., Eco. & Urdu) ★ B. Lib ★ M. Lib. ★ B.P.E.S. ★ PG Diploma in Yoga ★ D.El. Ed. ★ B.Ed. ★ B.P.Ed. ★ M.Ed. ★ M.P.Ed.
DIRECT ADMISSION*
College Offering Best Career Options With Minimum Fee Structure
** Note : All Admission According to MP Higher Education Guide line and Rules 2023-24

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644





R- 23/06/25 to 18/08/25 not 22,29/06/25= 06,10,13,20,27/07/25 =03,09,10,15,16,17,18/08/25

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** – रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** – नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** – कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** – लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** – मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** – पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** – किसी पुराने मित्र से पुनः सम्पर्क हो सकता है। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** – नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**कुंभ** – स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** – कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 5929



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली- 5928 का हल



## सूडोकु नवताल - 5939

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5938 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

### उत्पादन की कमी से आपूर्ति हो रही प्रभावित

# सावन में महंगा हुआ प्रसाद, 35 रुपए नग बिक रहा नारियल

**रक्षाबंधन तक नारियल 40 रुपए प्रति नग हो जाएगा**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सावन का महीना शुरू है और नारियल की मांग बढ़ गई है, लेकिन भगवान के प्रसाद के साथ-साथ नारियल सभी शुभ कामों में इस्तेमाल किया जाने वाला नारियल के दामों ऐतिहासिक उछाल दर्ज हुआ है। सावन के शुरुआत में नारियल 30 से 35 रुपए का एक नग नारियल है और संभावना जताई जा रही है कि रक्षाबंधन तक नारियल के दाम 40 रुपए प्रति नग हो जाएंगे।

गौरतलब है कि सावन का महीना हिंदू धर्म में सबसे पवित्र महीना माना जाता है, पूरे महीने भोलेबाबा की भक्ति की जाती है। श्रावण मास में श्रीफल यानि नारियल की सबसे ज्यादा डिमांड रहती है, ऐसे में सावन की शुरुआत के साथ ही नारियल के दामों में तेजी देखी जा रही है।



**100 रुपए से नीचे पहुंची तुअर दाल**

## सबसे ज्यादा नारियल की सप्लाई इंदौर से

*नारियल व्यापारी संजय जैन के अनुसार सावन की शुरुआत होने के साथ अगस्त माह में रक्षाबंधन का त्योहार भी है। ऐसे में मार्केट में तेजी आ रही है। मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा नारियल की सप्लाई इंदौर से की जाती है। पहले दक्षिण भारत के उत्पादक क्षेत्रों से नारियल भोपाल से आता है और फिर यहां से राज्य के दूसरे स्थानों में भेजा जाता है, लेकिन डिमांड बढ़ रही है और सप्लाई उतनी तेजी से नहीं हो रही है, जिससे दामों में तेजी देखी जा रही है।*

### नारियल तेल 30 से 40 फीसदी तक महंगा

## नारियल के उत्पादन में कमी पड़ रही लोगों की जेब पर भारी



नारियल तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। एक साल पहले जो तेल 130 रुपए प्रति किलो मिलता था, वो अब 400 रुपए के पार पहुंच चुका है। आम आदमी पर इसका सीधा असर पड़ा है और अब लोग नारियल तेल छोड़कर दूसरे विकल्पों की ओर बढ़ने लगे हैं। इसके अलावा महंगाई के कारण नकली और मिलावटी नारियल तेल का चलन बाजार में बढ़ गया है। बढ़ती कीमतों के कारण कुछ लोग सस्ते तेलों को मिलाकर या अन्य तरीकों से नारियल तेल में मिलावट कर रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं का भरोसा कम हो रहा है। बाजार जानकारों के अनुसार बीते एक साल में नारियल तेल की कीमतें 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। आगामी त्योहारी सीजन के दौरान मांग बढ़ने से एक बार फिर कीमतों में तेजी आने की आशंका है। नामी कंपनियों से लेकर लोकल उत्पादकों ने भी कीमतों में बढ़ोतरी की है। ब्रांडेड कंपनियों ने नारियल तेल की कीमतें 30 प्रतिशत तक बढ़ाईं है। यह बढ़ोतरी खोपरे की कीमतों में 40-50 प्रतिशत की उछाल की वजह से हुई है। आशंका जताई है कि आने वाले त्योहारी सीजन में नारियल की मांग बढ़ जाएगी, जिसके चलते दामों में और भी उछाल आ सकता है। इसलिए सरकार से मांग है कि कीमतों को नियंत्रित करने के लिए कुछ समय तक आयात की मंजूरी देनी चाहिए, जिस से दाम काबू में रहें।

### 1 लाख 15 हजार रु.प्रति किलोग्राम हुई चांदी

# चांदी ने दो दिन में लगाई 9,500 रुपए की छलांग



■ चांदी ने दिया इस साल सोने से बेहतर रिटर्न

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सर्राफा बाजार में चांदी ने दो दिन में 9500 रुपए की छलांग लगाते हुए ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गई। मंगलवार को स्थानीय सराफा बाजार में चांदी 1 लाख 15 हजार रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। बाजार जानकारों के अनुसार परंपरागत रूप से सोने के प्रति आकर्षण रखने वाले निवेशक अब चांदी की ओर रुख कर रहे हैं। चांदी 14 साल के उच्चतम स्तर के करीब कारोबार कर रही थी।

इस साल चांदी का रिटर्न सोने को पीछे छोड़ चुका है। दुनिया के सबसे बड़े चांदी उपभोक्ता भारत में आयात से मांग पूरी होती है। जहां उत्पादन की कमी ने कीमतों को 1 लाख 15 हजार रुपए प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचा दिया। निवेशकों को और तेजी की उम्मीद है, पिछले तीन महीनों में चांदी की घरेलू कीमतों में 21 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि सोने में केवल 5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे क्षेत्रों में औद्योगिक मांग और निवेश ने चांदी की मांग को बढ़ाया है, जिससे निवेशक उत्साहित है।

### मांग की अपेक्षा चांदी उत्पादन हो रहा कम, जिससे भाव उछले

बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल और संजीव गर्ग (गांधी) के अनुसार पिछले साल सोने की कीमतों में 34 फीसदी का उछाल आया था, जबकि चांदी में 23 फीसदी की वृद्धि हुई थी, लेकिन अब स्थिति बदल रही है। चांदी की कीमतें हाल ही में सोने से पीछे रहने के बाद तेजी से बढ़ रही हैं, क्योंकि निवेश और औद्योगिक मांग बढ़ रही है। गर्ग के अनुसार सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे क्षेत्रों में मांग उत्पादन को पीछे छोड़ रही है। आमतौर पर जब कीमतें रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचती हैं, तो निवेशक सिक्के और बार बेचते हैं या एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स से बाहर निकलते हैं, लेकिन इस बार रिकॉर्ड उच्च कीमतों पर भी लोग निवेश कर रहे हैं, न कि बेच रहे हैं।

### चांदी की खुदरा निवेश मांग में सात फीसदी की दर्ज हुई वृद्धि

सराफा व्यापारी आनंद सोनी ने बताया कि एक रिपोर्ट के मुताबिक 2025 की पहली छमाही में भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं के साथ-साथ सकारात्मक मूल्य अपेक्षाओं ने चांदी में निवेश को गति प्रदान की है। चांदी में इस निवेश गतिविधि ने कीमत को 14 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया।


**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**आम सूचना**

अयोध्या नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन क्रमांक एच.आई.जी. 136 डुप्लेक्स के-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री राधेश्याम सोनी आत्मज स्व. श्री बाबूलाल जी सोनी के के नाम पर भाड़ाक्रय खरीद करार के आधार पर आवंटन आदेश क्र. 918-22 दिनांक 04/03/2002 को आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 23/06/2004 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री राधेश्याम सोनी द्वारा भवन का विक्रय विलेख दिनांक 27/06/2022 को उप पंजीयक कार्यालय से निष्पादित कराकर श्री तरूण कुमार शर्मा आत्मज श्री कमल किशोर शर्मा को विक्रय कर दिया गया। भवन के हस्तान्तरण हेतु विक्रेता एवं क्रेता द्वारा हस्तान्तरण का आवेदन दिनांक 25/06/2023 को प्रस्तुत किया था। जिसके परिपेक्ष्य में आपत्ति आमंत्रण की आम सूचना समाचार पत्र दैनिक समय जगत दिनांक 01/07/2023 को प्रकाशित हुई थी, परन्तु श्री तरूण कुमार शर्मा द्वारा मण्डल नियमानुसार हस्तान्तरण शुल्क जमा नहीं कराये जाने के कारण हस्तान्तरण आवेदन निरस्त किया गया है। उक्त संपत्ति के क्रेता द्वारा उक्त संपत्ति के हस्तान्तरण हेतु पुनः दिनांक 20/06/2025 को ऑन-लाईन आवेदन पत्र, शपथ-पत्र (स्वयं का) एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए विक्रय विलेख दिनांक 27/06/2022 के आधार पर उक्त संपत्ति अपने नाम हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है, साथ ही उनके द्वारा यह शपथ-पत्र भी प्रस्तुत किया है कि भवन के आवंटी श्री राधेश्याम सोनी आत्मज स्व. श्री बाबूलाल जी सोनी एवं उनके परिवार का वर्तमान में कही पता नहीं चल रहा है। भविष्य में किसी भी वाद-विवाद हेतु वह स्वयं जिम्मेदार होगें। प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विक्रय विलेख दिनांक 27/06/2022 के आधार पर उक्त संपत्ति श्री तरूण कुमार शर्मा आत्मज श्री कमल किशोर शर्मा के नाम पर हस्तान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल**


## खबर संक्षेप

### सिल्वर्टन ने डीआरएचपी दाखिल किया

**मुंबई।** सिल्वर्टन इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल कर दिया है। कंपनी की योजना आईपीओ के माध्यम से इक्विटी शेयरों (प्रत्येक 5 रुपए अंकित मूल्य) के ऑफरिंग के माध्यम से धन जुटाने की है, जिसमें कुल 3000 मिलियन रुपए तक के नए इक्विटी शेयरों का निर्गम और विक्रय शेयरधारकों द्वारा कुल 32,200,000 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है।

### रेंज रोवर एसवी ब्लैक सेंसरी ऑडियो के साथ पेश

**नई दिल्ली।** रेंज रोवर एसवी ने अब 2025 में रेंज रोवर शानदार आकर्षक रेंज रोवर एसवी ब्लैक के एडीशन के साथ अपनी श्रृंखला का विस्तार करने जा रही है जो रेंज रोवर एसवी सेरेनिटी और रेंज रोवर एसवी इंट्रेपिड के साथ उपलब्ध होगी। इसमें एसवी ब्लैक की 'डिप्ड इन ब्लैक' थीम सेलेकर एसवी इंट्रेपिड की बोल्ड डायनामिक थीम और एसवी सेरेनिटी की एलीवेटेड लक्ज़री शामिल है।

### ओरिएंट ने आईपीओ के लिए दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई।** ओरिएंट केबल्स (इंडिया) लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल कर दिया है। कंपनी की योजना आरंभिक सार्वजनिक निर्गमों (आईपीओ) के माध्यम से 700 करोड़ रु. तक के इक्विटी शेयरों (प्रत्येक का अंकित मूल्य 1 रुपए) के प्रस्ताव आकार की तुलना में धन जुटाने की है।

### एचडीएफसी बैंक ने किया 7.2 लाख से युवाओं को प्रशिक्षित

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर बैंक के सीएसआर कार्यक्रम 'परिवर्तन' की शुरुआत से अब तक पूरे भारत में 7.2 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किए जाने की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रकाश डाला है। बैंक के पास वर्तमान में विभिन्न राज्यों में कौशल विकास के क्षेत्र में 70 से अधिक सक्रिय परियोजनाएं हैं।

### मिआ बाए तनिष्क ज्वेलरी पर 100 फीसदी की छूट

**मुंबई।** फाइन ज्वेलरी ब्रांड मिआ बाए तनिष्क ने एक अभूतपूर्व ऑफर प्रस्तुत किया है। इस एक्सक्लूसिव ऑफर में चुनिंदा डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्जेस पर 100 फीसदी तक की छूट दी जा रही है। मनचाही स्टाइलिश ज्वेलरी को बेहतरीन कीमत पर खरीद पाने का यह सुनहरा मौका मिआ बाए तनिष्क अपने ग्राहकों को दे रहा है। 3 से 20 जुलाई 2025 तक इस सेल का लाभ उठाया जा सकता है।

### इंदौर के गैराज से हार्वर्ड तकः एमडीपीएच की सुगंधित यात्रा बनी वैश्विक प्रेरणा

# धोनी द्वारा प्रचारित अगरबत्ती ब्रांड 'जेड ब्लैक' अब हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में बना केस स्टडी

**1,000 करोड़ के सुगंधित साम्राज्य में बदलने के लिए सराहा गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

क्रिकेटर एम.एस धोनी द्वारा समर्थित अगरबत्ती ब्रांड 'जेड ब्लैक' अब हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में केस स्टडी बना है। इसकी मूल कंपनी मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच) इस पारंपरिक पारिवारिक व्यवसाय को 2027 तक 1,000 करोड़ के सुगंधित साम्राज्य में बदलने के लिए सराहा गया है। एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के प्रो. तुलसी जयकुमार द्वारा लिखित इस केस को न्यूयॉर्क के फैशन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एफआईटी) सहित वैश्विक संस्थानों में पढ़ाया जा रहा है। यह दर्शाता है कि कैसे एक पारंपरिक, पारिवारिक रूप से संचालित अगरबत्ती व्यवसाय ने उद्देश्य-आधारित विकास, नवाचार और अंतर्राष्ट्रीय पहुंच हासिल की। 1990 के दशक की शुरुआत में इंदौर के एक गैराज से प्रकाश अग्रवाल द्वारा स्थापित एमडीपीएच आज दुनिया के प्रमुख अगरबत्ती निर्यातकों में शामिल है।

यह कंपनी 9.4 लाख वर्गफुट की सुविधा में संचालित होती है और प्रतिदिन 3.5 करोड़ अगरबत्तियाँ बनाती है। ज़ेड ब्लैक अगरबत्तियों के प्रतिदिन 15 लाख पैकेट बिकते हैं। कंपनी में 4,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें 80 फीसदी महिलाएं हैं। एमडीपीएच के उत्पाद 45 से अधिक देशों में निर्यात किए जाते हैं। इसके प्रमुख ब्रांड्स में ज़ेड ब्लैक अगरबत्ती, मंथन धूप, ऑरवा (लाइफस्टाइल और अरोमाथेरेपी), और समर्पण (पूजा सामग्री) शामिल हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा अगरबत्ती उत्पादक और उपभोक्ता देश है। जेड ब्लैक ने चारकोल-फ्री बांस रहित अगरबत्तियां, प्रीमियम धूप स्टिक्स और डायरेक्ट-टू-कंज़्युमर प्लॅटफॉर्म 'ऑरवा' के जरिए लग्जरी परफ्यूमरी जैसे इनोवेशन किए हैं। ब्रांड का दिग्गज क्रिकेटर और 'कॅप्टन कूल' एमएस धोनी के साथ आठ साल पुराना जुड़ाव इसे एक अलग स्तर की विश्वसनीयता और भरोसा देता है। वहीं मंथन धूप के लिए ऋतिक रोशन को चेहरा बनाए जाने से इस असंगठित धूप सेगमेंट को एक युवा और महत्वाकांक्षी दर्शक वर्ग के बीच संगठित और ऊंचा स्थान मिला है।





### *हमारी यात्रा भारतीय रीति-रिवाज़ों और भावनाओं से जुड़ी है : अंकित अग्रवाल*

*अंकित अग्रवाल, निदेशक, एमडीपीएच और जेड ब्लैक ने कहाकि हार्वर्ड द्वारा हमारे सफर को केस स्टडी के रूप में चुना जाना यह दर्शाता है कि भारतीय सोच और स्पष्ट दृष्टि किस तरह वैश्विक स्तर पर असर कर सकती है। अगरबत्तियों से लेकर एसेंशियल ऑइल्स और बांस रहित इनोवेशन से लेकर लग्जरी परफ्यूम्स तक, हमारी यात्रा भारतीय रीति-रिवाजों और भावनाओं से जुड़ी है। जेड ब्लैक आज 45 से अधिक देशों में मौजूद है। हर बाजार की पसंद को ध्यान में रखते हुए हमने सुगंधों की रेंज विकसित की है।*

### *स्थानीय घरों से लेकर वैश्विक क्लासरूम तक एमडीपीएच को हार्वर्ड में मिली मान्यता*

*विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त केस शिक्षाशास्त्र विशेषज्ञ और इस केस स्टडी की लेखिका प्रो. तुलसी जयकुमार, जिनके कार्यों का उपयोग 50 से अधिक आइवी लीग स्कूलों में किया जाता है, ने कहाकि एमडीपीएच केस इस बात का एक सशक्त उदाहरण है कि कैसे एक पारंपरिक परिवार द्वारा संचालित व्यवसाय अपने मूल मूल्यों पर अडिग रहते हुए रणनीतिक रूप से विकसित हो सकता है। यह छात्रों को बाज़ार की गतिशीलता, प्रतिस्पर्धी लाभों और परिवार तथा व्यवसाय के निर्णय लेने के अनूठे अंतर्संबंध को समझने का अवसर देता है। स्थानीय घरों से लेकर वैश्विक क्लासरूम तक एमडीपीएच को हार्वर्ड में मिली मान्यता यह दर्शाती है कि जब परंपरा को नवाचार से जोड़ा जाए, तो परिणाम केवल विस्तार नहीं, बल्कि गहराई और असर वाला होता है।*

### *3,000 से अधिक महिलाओं को सशक्त किया*

*एमडीपीएच के संचालन व मानव संसाधन निदेशक अंशुल अग्रवाल ने कहाकि हमारे लिए अगरबत्तियाँ बनाना सिर्फ व्यवसाय नहीं, बल्कि एक सोच है। हर अगरबत्ती के साथ कुछ अच्छा करने का इरादा जुड़ा होता है। हमारी यात्रा इंदौर के एक गैराज से शुरू होकर दुनियाभर के घरों तक पहुंची है और इस दौरान 3,000 से अधिक महिलाओं को सशक्त किया गया है। हमारी डिजिटल व्यवस्था हमें नए भौगोलिक क्षेत्रों और उत्पाद श्रेणियों में तेजी से विस्तार करने में सक्षम बनाती है। हम वित्त वर्ष 2027 त1,000 करोड़ टर्नओवर का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।*

### मॉनसून में प्राकृतिक चीजों को अपनी डाइट में शामिल करें: डॉ मधुमिता

**भोपाल।** आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. मधुमिता कृष्णन ने सलाह दी है कि त्वचा और पूरे शरीर के स्वास्थ्य रखने के लिए स्वस्थ खाना खाएं और बादाम, हर्बल चाय और हल्दी जैसे प्राकृतिक चीजों को अपनी डाइट में शामिल करें। आयुर्वेद के मुताबिक, सही खानपान शरीर के तीन दोषों-वात, पित्त और कफ-को संतुलित करता है, जिससे त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनती है, क्योंकि अच्छी त्वचा के लिए अच्छा पाचन जरूरी है। डॉ. मधुमिता ने रोजाना नाश्ते में बादाम शामिल करने की सलाह देती हैं ताकि स्वस्थ, चमकदार त्वचा मिले। आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी ग्रंथों में भी बादाम खाने से त्वचा को होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताया गया है।


**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी अनुभाग रायसेन जिला रायसेन**

प्रकरण क्रमांक 127/बी-121/2024-25

**उद्घोषणा**

**(धारा 6 भारतीय वन अधिनियम-1927 के अन्तर्गत)**

एतद् द्वारा सर्व संबंधित एवं ग्रामवासियों ग्राम चिरहोली प.ह.न. 19 तहसील व जिला रायसेन को सूचित किया जाता है कि, निम्नलिखित भूमि को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा -4 के अनुसार मध्यप्रदेश शासन ने आरक्षित वन घोषित करने का विनिश्चय किया है। तदाशय की अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 24 अप्रैल 1970 को प्रकाशित की जा चुकी है। जिसमें वन की स्थिति एवं सीमाएं विनिर्दिष्ट की गई है। यह भूमि आरक्षित हो जाने पर किसी भी प्रकार का दखल, प्रवेश, उपयोग, मार्ग, एवं चराई अधिकार, वनोपज संबंधी अधिकार, उत्खनन संबंधी अधिकार, कृषि आदि जीवकोपार्जन अधिकार बंद एवं प्रतिबंधित हो जावेगा। उल्लघंन होने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं अन्य सुसंगत वन विधियों व विधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकेगी।

अतः एतद द्वारा अपेक्षा की जाती है कि, इस उद्घोषणा के प्रकाशन दिनांक से तीन माह की अवधि के अन्दर कोई भी या समस्त हितग्राही व्यक्ति, पक्षकार आदि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी अनुभाग रायसेन के समक्ष उपस्थित होकर अपने अधिकार, दावाकृत प्रतिकार, स्वत्व आदि बावत् प्रमाणों, दस्तावेजों सहित लिखित सूचना, आपत्ति आदि प्रस्तुत करें तथा प्रमाणित करें। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जाएगा

आज दिनांक 10.07.2025 को उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।।

**(मुकेश सिंह)**
**अनुविभागीय अधिकारी**
**पदेन वन व्यवस्थापन अधिकारी**
**अनुभाग रायसेन जिला रायसेन**

जी - 15677/25 स्वच्छा ही सेवा है।


## बिजनेस न्यूज

### भाभा विवि प्रबंधन विभाग के तीसरे सेमेस्टर का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम



**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय के अंतर्गत प्रबंधन विभाग के तृतीय सेमेस्टर के छात्रों के लिए भाभा विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें विभाग की छात्रा अंशिका व्यास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रियंका गावंडे और अक्षय ने द्वितीय और किरण सुरेश राव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, इस अवसर पर भाभा विवि के सीईओ प्रसाद पिल्लई ,कुलपति डॉ. दिलीप कुमार डे, प्रति कुलगुरु डॉ.एन के अग्रवाल, कुल सचिव डॉ.श्याम पाटकर, फैकल्टी ऑफ़ मैनेजमेंट के अधिष्ठाता डॉ. मो. साजिद प्रो अंजली एवं समस्त विभाग के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### एलजी इंडिया का एआई-एकीकृत ओएलईडी और क्यूएनईडी टीवी लाइनअप लांच




**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने भारत में अपने 2025 ओएलईडी ईवीओ और क्यूएनईडी टीवी के लांच की घोषणा की। ये नए टेलीविज़न एलजी के नवीनतम अल्फा एआई प्रोसेसर जेन2 से लैस हैं, जो बेहतरीन अनुभव और शानदार पिक्चर, साउंड इंटरैक्टिविटी देते हैं। नेक्स्ट लेवल की एआई क्षमताओं और अवार्ड विनिंग पिक्चर टेक्नोलॉजी के साथ आने वाली 2025 की यह रेंज एलजी की इनोवेशन की विरासत को आगे बढ़ाने के साथ-साथ स्मार्ट टीवी के अनुभव को एक नई बुलंदी तक ले जाती है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के मीडिया एंटरटेनमेंट सॉल्यूशन के डायरेक्टर मिस्टर ब्रायन जंग ने कहाकि टेलीविज़न का भविष्य इंटेलीजेंस से लैस पर्सनलाइजेशन पर आधारित है। अपने 2025 ओएलईडी और क्यूएनईडी टीवी रेंज में केवल नए टीवी नहीं बल्कि ऐसे स्मार्ट साथी पेश कर रहे हैं जो हमारे यूजर्स की जरुरतों को समझकर उनकी पसंद के अनुसार काम करते हैं और उनके अनुभवों को बेहतर बनाते हैं। हमारे उन्नत अल्फा एआई प्रोसेसर से सुसज्जित यह नई रेंज इनोवेशन और ग्राहक की पसंद के डिजाइन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### एचएफसीएल अकादमिक संस्थानों के कैंपस में उपलब्ध करा रही अत्याधुनिक कनेक्टिविटी सॉल्यूशंस

**नई दिल्ली।** वाई-फाई, ऑप्टिकल फाइबर और 5जी जैसे अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों में विशेषज्ञ भारत की अग्रणी दूरसंचार कंपनी देशभर के शैक्षणिक संस्थानों के लिए डिजिटल पहुंच में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को उन्नत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत एचएफसीएल ने दिल्ली विश्वविद्यालय, इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी (आईआईआईटी दिल्ली) और केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय जैसे देश के कुछ प्रतिष्ठित अकादमिक संस्थानों के कैंपस की अनूठी जरूरतों के मुताबिक अत्याधुनिक कनेक्टिविटी सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने के लिए इनसे साझीदारी की है। एचएफसीएल के उन्नत नेटवर्किंग सॉल्यूशंस इन कैंपस को आधुनिक शिक्षा की सबसे बड़ी चुनौतियों से निपटने में मदद कर रहे हैं जहां इंटरनेट तक पहुंच अपर्याप्त और अविश्वसनीय है। आज के इस युग में जहां डिजिटल कनेक्टिविटी सर्वोच्च प्राथमिकता है, विश्वसनीय इंटरनेट कनेक्टिविटी शिक्षा के लिए बुनियादी जरूरत है जहां पाठ्य पुस्तकें और कक्षाएं सबकुछ डिजिटल हैं। यूनेस्को के मुताबिक, विश्व के 43 प्रतिशत विद्यार्थियों के घर में इंटरनेट की सुविधा नहीं है जिससे इस अंतर को पाटने में शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित होती है।

### रिलायंस का ब्रांड कैंपा अब नेपाल में भी मिलेगा




**काठमांडू।** रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने चौधरी ग्रुप के साथ साझेदारी में नेपाल में भारतीय पेय ब्रांड कैंपा को लांच कर दिया है। रिलायंस ने 2023 में फिर से कैंपा को भारतीय बाजार में उतारा था। दो वर्षों के भीतर ही कैंपा ने भारतीय शीतल पेय बाजार में एक मजबूत खिलाड़ी के तौर पर अपनी पहचान बना ली है। जीसीसी देशों जैसे यूएई, ओमान, कतर और बहरीन में लॉच के बाद कंपनी ने अब कैंपा ब्रांड को नेपाल में भी उतार दिया है। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक, केतन मोदी ने कहाकि कैंपा 50 साल पुराना भारतीय ब्रांड है, जिसे आज भी उपभोक्ताओं का प्यार मिल रहा है। हम इस क्षेत्र में तीव्र विकास की अपार संभावनाएँ देख रहे हैं। ग्राहकों को किफ़ायती दामों पर वैश्विक गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने का हमारा अनुभव शानदार रहा है। चौधरी समूह के प्रबंध निदेशक, निर्वाण चौधरी ने कहाकि हमें विश्वास है कि कैंपा उन स्थानीय उपभोक्ताओं के साथ मजबूती से जुड़ेगा जो स्वाद के दीवाने हैं। यह रणनीतिक गठबंधन न केवल हमारे पेय पोर्टफोलियो का विस्तार करेगा, बल्कि क्षेत्र के प्रतिस्पर्धी पेय बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में हमारी स्थिति को भी मजबूत करेगा।

### एसटीआईएचएल की एमपी परिवर्तन यात्रा भोपाल में संपन्न



**भोपाल।** खेती में मशीनीकरण के प्रचार और जागरूकता को बढ़ावा देने वाली एसटीआईएचएल की एमपी परिवर्तन यात्रा भोपाल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। समापन समारोह में मंत्री कृष्णा गौर और पूर्व सांसद आलोक संजर, अनीमेश वाघेला, एमपी एएसएम, एवं भोपाल के एसटीआईएचएल अधिकृत डीलर भी मौजूद रहे। यात्रा के दौरान 5100 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की गई, जिसमें 35 जिलों को शामिल किया गया और 1500 से अधिक किसानों से सीधा संवाद किया गया। किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों, मशीनीकरण के लाभ और एसटीआईएचएल की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराया गया।समारोह में बोलते हुए कृष्णा गौर ने कहा कि कृषि में मशीनीकरण किसानों की उत्पादकता बढ़ाने और उनकी जीवनशैली को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने यह भी सराहा कि आज महिला किसान भी इन आधुनिक मशीनों को अपनाकर खेती को आसान और सशक्त बना रही हैं। यात्रा में लाइव डेमो, किसान मीटिंग्स और सब-डीलर संवाद शामिल थे जिससे जानकारी का विस्तार और तकनीक की पहुंच बेहतर हुई।


**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार, भोपाल**

क्रमांक 0730/अ-6/2025-26

**// इश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रकरण का संक्षिप्त विवरण कि आवेदक शिवानी पाराशर पत्नी प्रकाश पाराशर निवासी भोपाल द्वारा आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम-बागमुगालिया स्थित भूमि खसरा क्रमांक, 317, 392/232, 319, 320, 322 व अन्य के अंश भाग पर स्थित भूखण्ड क्रमांक 366 का रकबा 139.40 वर्गमीटर का रजिस्टर्ड वसीयत पत्र भोपाल दिनांक 23/04/2016 के आधार पर फौथी नांमातरण किये जाने हेतु निवेदन किया है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के 15 दिन के भीतर इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील कोलार, भोपाल**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**हरदा जिला-हरदा (म.प्र.)**

क्र.4293/ लो.नि./2025 हरदा दिनांक 15.07.25

**ई-निविदा सूचना**

Tender Notice No.- 2025_UAD_434385_2 Date 14.07.2025 कार्य का नाम :- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बस स्टेण्ड भवन तोड़े जाने (Demolishing) के कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा। अनुमानित लागत Rs. 10,00,000 एवं अमानत राशि Rs. 20,000 ई-निविदा जमा करने की दिनांक तथा समय दिनांक 15.07.2025 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 21.07.2025 शाम 5:30 बजे तक तथा ई-निविदा दिनांक 23.07.2025 को समय 05:30 PM बजे तक खोली जायेगी। निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता :WWW.MPTENDRS.GOV.IN

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद हरदा**



**मध्यप्रदेश शासन**
**सामान्य प्रशासन विभाग**
**(अधीक्षण शाखा)**
**मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल (म.प्र.)-462004**

क्रमांक एफ 2/2/5/0001/2025/12-1/1529 भोपाल, दिनांक 11.07.2025

**ई-निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश मंत्रालय, वल्लभ भवन एवं नवीन एनेक्सी भवनों तथा बाह्रय परिसर की साफ-सफाई कराये जाने हेतु आगामी एक वर्ष के लिए ऑनलाईन निविदाएं एम.पी. ई-प्रौक्योरमेंट पोर्टल https://mptenders,gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

| | | |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य | रुपए 1,000/- + प्रोसेसिंग शुल्क |
| 02 | निविदा फार्म ऑनलाईन क्रय प्रारंभ की तिथि एवं समय | दिनांक 14.07.2025 अपरान्ह 12.00 बजे से |
| 03 | निविदा फार्म ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 04.08.2025 अपरान्ह 12.00 बजे तक |
| 04 | निर्धारित समयावधि में प्राप्त ऑनलाईन ई-निविदाओं को खोलने की तिथि एवं समय | 1. टेक्निकल बिड- दिनांक 06.08.2025 अपरान्ह 12.00 बजे<br>2. फाईनेंशियल बिड- दिनांक 06.08.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे। |
| 05 | प्राप्त निविदाओं को खोलने का स्थान | मंत्रालय समिति कक्ष क्रमांक-116 प्रथम तल वल्लभ भवन क्रमांक-1 |

ई-निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्र में न दिया जाकर वेबसाईट पर ही जारी किये जायेगें। केवल उपरोक्त वेबसाईट से ही निविदा प्रपत्र ऑनलाईन रुपए 1,000/- एवं प्रोसेसिंग चार्जेस का भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। ई-निविदा की विस्तृत शर्तें एवं जानकारी उपरोक्त वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

**( मनोज श्रीवास्तव )**
**अवर सचिव (अधीक्षण)**
**म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग**

जी- 15637/24 स्वाच्छता ही सेवा है।

चिंतन

# भारत के अंतरिक्ष मिशनों के लिए भविष्य का मंच तैयार

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की 18 दिवसीय सफल अंतरिक्ष यात्रा ने भारत की स्पेस मिशनों के लिए मंच तैयार कर दिया है। भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की तैयारी कर रहा है। भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान 'गगनयान' की तैयारी मुकम्मल स्थिति में है। भारत की योजना 2027 में स्वदेश निर्मित रॉकेट और 'क्रू कैप्सूल' के माध्यम से मानव अंतरिक्ष उड़ान 'गगनयान' भेजने की है। शुक्ला का अंतरिक्ष प्रवास 'गगनयान' की दिशा में एक और मील का पत्थर है। भारत के अंतरिक्ष स्टेशन का पहला मॉड्यूल 2028 में प्रक्षेपित होने की उम्मीद है तथा एक पूर्ण विकसित कक्षीय प्रयोगशाला 2035 तक आकार ले लेगी। यह मिशन मानव अंतरिक्ष उड़ान में भारत की यात्रा में एक निर्णायक अध्याय है और यह न केवल एक कदम आगे है, बल्कि महत्वाकांक्षा को क्षमता में बदलने की दिशा में एक बड़ी छलांग है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर किए गए प्रयोगों ने भारत के वैज्ञानिक समुदाय के लिए अंतरिक्ष कृषि और पदार्थ विज्ञान से लेकर स्वास्थ्य तथा एआई तक के नए आयाम खोले हैं। भारत 2040 तक मानव चंद्र मिशन अभियान की तैयारी भी कर रहा है। 'एक्सिओम-4' के चालक दल ने अपने प्रवास के दौरान 60 वैज्ञानिक प्रयोग किए, जिनमें से सात प्रयोग इसरो द्वारा भारतीय अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर डिजाइन किए गए थे। इन अनुभवों से हमें यह पता चलेगा कि हम अंतरिक्ष यात्रियों को कैसे प्रशिक्षित करते हैं, प्रयोगों की रूपरेखा कैसे तैयार करते हैं, तथा दीर्घकालिक, स्वतंत्र अभियानों के लिए उपयुक्त जीवनरक्षक प्रौद्योगिकियों का विकास कैसे करते हैं। 'एक्स-04 मिशन' अंतरराष्ट्रीय चालक दल एकीकरण, चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक तैयारी, वास्तविक समय स्वास्थ्य टेलीमेट्री, प्रयोग निष्पादन और चालक दल-जमीनी समन्वय की बारीकियों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा। ये जानकारियां भारत के पहले स्वदेशी मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के लिए मिशन योजना, सुरक्षा सत्यापन और अंतरिक्ष यात्री की तत्परता को सीधे प्रभावित करेंगी। इस यात्रा के अनुभवों से न केवल इसरो को सहायता मिलेगी, बल्कि वैश्विक और भारतीय निजी अंतरिक्ष उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। यह सफलता बाह्य अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शुभांशु शुक्ला को लेकर ड्रैगन अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर लौटा, तो वह अपने साथ सिर्फ वैज्ञानिक आंकड़े और बीज के नमूने ही नहीं, बल्कि साहस, सपनों और भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं की कहानी भी लेकर आया है। भारतीय वायुसेना के अधिकारी और टेस्ट पायलट ग्रुप कैप्टन शुक्ला (39) ने एक्सिओम-4 मिशन के तहत अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा पूरी की है। यह एक वाणिज्यिक अंतरिक्ष उड़ान थी, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) व अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' का सहयोग प्राप्त था तथा एक्सिओम स्पेस द्वारा संचालित किया गया। शुक्ला आईएसएस पर पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं तथा 1984 में राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। शुक्ला के पास सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, जगुआर और डोर्नियर-228 सहित विभिन्न प्रकार के विमानों पर 2,000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। यात्रा के दौरान शुक्ला ने जीवन विज्ञान, कृषि, अंतरिक्ष जैव प्रौद्योगिकी और संज्ञानात्मक अनुसंधान के विविध क्षेत्रों में भारत के नेतृत्व में सात सूक्ष्म गुरुत्व प्रयोग किए हैं। शुक्ला की सफल वापसी से भारत के मानव अंतरिक्ष यात्रा के द्वार खुल गए हैं।

## आकाश का विजेता

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'



# शुभांशु की यात्रा से भविष्य की ओर तिरंगे की उड़ान

जब आकाश की अथाह गहराइयों से एक तारा धरती की ओर लौटता है, तो वह अपने साथ अनुभवों की रोशनी ही नहीं, बल्कि एक राष्ट्र की आकांक्षाओं और सपनों की प्रज्वलित चमक भी लाता है। 15 जुलाई 2025 का वह ऐतिहासिक क्षण, जब भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिन की साहसिक यात्रा पूरी कर प्रशांत महासागर के नीले विस्तार में स्प्लैशडाउन के साथ धरती को छुआ, भारत के लिए गर्व का एक नया सूर्योदय बन गया। यह केवल एक अंतरिक्ष यात्री की वापसी नहीं थी; यह एक अरब भारतीयों के विश्वास, संकल्प और महत्वाकांक्षा की विजय थी। 1.30 करोड़ किलोमीटर की यह यात्रा भारत के अंतरिक्ष इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गई, जो न सिर्फ एक वैज्ञानिक मील का पत्थर है, बल्कि हर भारतीय के हृदय में असंभव को संभव बनाने का ज्वलंत प्रतीक है।

25 जून 2025 को, जब फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन-9 रॉकेट ने आकाश को भेदते हुए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष की अनंत ऊंचाइयों तक पहुंचाया, तो वह पल भारत के लिए एक स्वर्णिम युग की शुरुआत बन गया। यह उनकी पहली अंतरिक्ष यात्रा थी, जो एक्सिओम-4 मिशन (एक्स-4) का हिस्सा थी। स्पेसएक्स के ड्रैगन यान 'ग्रेस' के साथ उनकी वापसी, कैलिफोर्निया के सैन डिएगो तट के पास प्रशांत महासागर में एक शानदार स्प्लैशडाउन के साथ हुई, जिसने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को वैश्विक मंच पर अभूतपूर्व गौरव प्रदान किया। शुभांशु, राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर कदम रखने वाले पहले भारतीय बने। उनके साथ इस मिशन में अमेरिकी कमांडर पैगी व्हिटसन, पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और हंगरी के टिबोर कापू थे। चार दशकों बाद भारत, पोलैंड और हंगरी की संयुक्त अंतरिक्ष उपलब्धि ने इस मिशन को वैश्विक सहयोग का एक चमकता प्रतीक बना दिया। 18 दिनों के इस मिशन में शुभांशु ने 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों को न केवल पूर्ण किया, बल्कि उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, जिनमें से सात भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के थे। इनमें टार्डिग्रेड्स जैसे सूक्ष्म जीवों पर अभूतपूर्व अध्ययन, मेथी और मूंग के बीजों का अंतरिक्ष में अंकुरण, और माइक्रोग्रैविटी में मानव शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों की गहन खोज शामिल थी। ये प्रयोग भविष्य के मंगल मिशन और पृथ्वी पर चिकित्सा विज्ञान के लिए क्रांतिकारी नींव रखेंगे। शुभांशु 263 किलोग्राम वैज्ञानिक सामग्री, नासा के हार्डवेयर और अंतरिक्ष स्टेशन से एकत्र कचरे के साथ धरती पर लौटे, जो भारत की वैज्ञानिक दृढ़ता और वैश्विक जिम्मेदारी का प्रबल प्रमाण है।

उनकी वापसी की यात्रा तकनीकी कौशल और अदम्य साहस का एक अद्वितीय संगम थी। 14 जुलाई 2025 को, भारतीय समयानुसार शाम 4:45 बजे, ड्रैगन यान ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के हार्मनी मॉड्यूल से विदाई ली, जिसने एक रोमांचक वापसी की शुरुआत की। 22.5 घंटे की इस यात्रा में यान ने 27,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया, जहां इसकी हीट शील्ड ने 1,600 डिग्री सेल्सियस की प्रचंड गर्मी को न केवल सहन किया, बल्कि विजय प्राप्त की। 5.7 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्टेबिलाइजिंग पैराशूट और फिर 2 किलोमीटर पर मुख्य पैराशूट ने यान की गति को 25.75 किलोमीटर प्रति घंटे तक नियंत्रित किया, जिससे सैन डिएगो तट पर प्रशांत महासागर में एक शानदार स्प्लैशडाउन संभव हुआ। स्पेसएक्स की रिकवरी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हेलीकॉप्टरों और नावों के जरिए शुभांशु और उनके साथियों को सुरक्षित बाहर निकाला। प्रारंभिक चिकित्सीय जांच में सभी अंतरिक्ष यात्री पूर्णतः स्वस्थ पाए गए और उन्हें सात दिन के पुनर्वास कार्यक्रम के लिए वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस ले जाया गया।

यह मिशन भारत के गगनयान कार्यक्रम के लिए एक युगांतरकारी कदम है, जो 2027 में पहला मानवयुक्त मिशन लॉन्च करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इस मिशन के लिए 550 करोड़ रुपये का निवेश किया, जो भारत की अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। शुभांशु का यह अनुभव गगनयान के लिए तकनीकी और वैज्ञानिक तैयारियों को नई मजबूती देगा, जो भारत को अंतरिक्ष अन्वेषण के वैश्विक मंच पर और भी ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

(लेखक शिक्षाविद् हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



राधिका हत्याकांड

प्रो. नीलम महाजन सिंह

# अगले जन्म मुझे बिटिया न कीजो

हरियाणा के गुरुग्राम में राधिका यादव की पिता द्वारा हत्या ने देश-समाज को सन्न किया है। भारतीय समाज की सोच में गज़ब का दोगलापन व विरोधाभास है। एक तरफ तो 'सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते।। या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।। यत्र नारीयस्य पूजयन्ते तत्र रमंते देवता।', दूसरी ओर समाज पितृसत्तात्मक सामंती सोच में जकड़ा हुआ है। बीते सप्ताह 'राधिका यादव हत्याकांड' ने समाज के इसी दोगलेपन को एक बार फ़िर अनावृत किया है।

अपराधशास्त्र के जनक माने जाने वाले इतालवी चिकित्सक डा. सेसारे (शेजारे) लोम्ब्रोसो 19 वीं सदी में जब किसी भी अपराध के पीछे की मानसिकता का गहन अध्ययन कर रहे थे, तब उनके अध्ययन क्षेत्र में एक पिता द्वारा अपनी ही बेटी की नृशंस हत्या का मामला नहीं था। यूं तो वह दौर भी जघन्य अपराधों से भरपूर था, लेकिन संतान की हत्या के केस कम ही नज़र आते हैं। भारतीय समाज में ऐसी घटना विचलित करने वाली होती है। समाजशास्त्र में एक वाक्य उद्धृत है - 'नो सोसायटी एग्जिस्टज़ विदाउट क्राइम'। लेकिन इस वाक्य के भाव में भी पिता अपनी ही बेटी की हत्या कर दे, यह नहीं है। मानवता के लिए, समाज के लिए मध्ययुगीन दौर को सबसे अधिक बर्बर व हिंसक माना गया है। उस दौर में भी अधिकांश हत्याएं राजसत्ता के लिए हुई हैं, समाज में इतनी गिरावट नहीं देखी गई, जबकि समाज, सामंती सोच से अभिप्रेत था। आज 21वीं सदी में जब समाज प्रगतिशील है, मानवीय मूल्य महत्वपूर्ण हैं, मानवता श्रेष्ठतम धर्म है, सोच-विचार से हम आधुनिक हो रहे हैं, परिवार में संवाद, उदारता, अभिव्यक्ति व स्वतंत्रता को जगह मिल रही है, वैचारिक आज़ादी है, ऐसे दौर में अगर एक पिता अपनी बेटी की हत्या सिर्फ इसलिए कर दे कि वह जीवन में आगे बढ़ना चाहती थी व उनकी कमाई पर जीने का आरोप पिता सह नहीं पा रहा था। हरियाणा के गुरुग्राम में राधिका यादव की पिता द्वारा हत्या ने देश-समाज को सन्न किया है। क्या बेटी का आगे बढ़ना इतना बड़ा अपराध है कि एक पिता उसकी जान ही ले ले? यदि पुत्र व पुत्री में कोई अंतर नहीं है तो उसकी कमाई में भी कोई फर्क नहीं होना चाहिए। भारतीय समाज की सोच में गज़ब का दोगलापन व विरोधाभास है। एक तरफ तो 'सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते।। या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।। यत्र नारीयस्य पूजयन्ते तत्र रमंते देवता।', दूसरी ओर समाज पितृसत्तात्मक सामंती सोच में जकड़ा हुआ है। बीते सप्ताह 'राधिका यादव हत्याकांड' ने समाज के इसी दोगलेपन को एक बार फ़िर अनावृत किया है।

पिता दीपक यादव ने अपनी 25 साल की बेटी को, ताबड़तोड़ गोलियों से भून दिया। फ़िर अपने भाई विजय से बोला, 'भाई मैंने कन्या वध कर दिया है, मुझे फांसी दिलवाओ'। वो तो मिलेगी ही मासूम बेटी के हत्यारे! राधिका की सहेली हिमांशिका सिंह राजपूत ने इंस्टाग्राम पोस्ट में एक वीडियो संदेश में कहा है कि राधिका के पापा उसे कंट्रोल करते थे। उसे तस्वीर खिंचवाना, वीडियो बनाना पसंद था, लेकिन सब धीरे-धीरे बंद हो गया व राधिका की आज़ादी उन्हें नागवार थी। राधिका कहती थी उसके परिवार में बहुत रेसट्रिक्शन हैं। हर चीज़ के बारे में सफाई देते रहो कि क्या कर रहे हो और क्या नहीं? दीपक यादव ने अपनी बेटी की हत्या का जुर्म, पुलिस व मैजिस्ट्रेट के समक्ष कुबूल कर लिया है। पुलिस ने बताया था कि राधिका यादव एक टेनिस अकादमी चलाती थी, जो उसके व उसके पिता के बीच विवाद का कारण बन गई थी, क्योंकि उसके पिता को अक्सर अपनी बेटी की कमाई पर गुज़ारा करने के लिए ताने मारे जाते थे। लव जिहाद के आरोपों को सिरे से ख़ारिज कर दिया गया है।

शायद महिलाओं की बलि चढ़ती रहेगी, क्योंकि भारत में पिता, भाई, पति व पुत्र ही महिलाओं को कंट्रोल करते हैं।





दो वर्ष पूर्व देव-भूमि उत्तराखंड में 19 वर्षीय युवती, अंकिता भंडारी की निर्मम हत्या के उपरान्त, महिला सुरक्षा का मुद्दा सुर्खियों में आया था। समाज की यह चुप्पी निंदा योग्य है। भोपाल की सुषमा सिंह को मगरमच्छों की झील में फेंक दिया गया था। शकीरे नमाज़ी खलीली, एक रियल एस्टेट डेवलपर थीं, जो 1991 में लापता हो गईं। मुख्य संदिग्ध उनका ढोंगी दूसरा पति, स्वामी श्रद्धानदा था, जिसका मूल नाम 'मुरली मनोहर मिश्रा' था। एक स्टिंग ऑपरेशन द्वारा; तीन साल के बाद, कर्नाटक पुलिस को उसने हत्या की बात स्वीकारा। 1994 में पुलिस को शकीरे खलीली के, आवास में दफनाए गए अवशेषों तक अपराधी ले गया। वह जेल में आजीवन कारावास में सज़ा पूरी कर, रिहा हो चुका है। राजदूत अकबर मिर्ज़ा खालिली, आईएफएस की पत्नी, शकीरे खलीली, 4 बेटियों के बाद, बेटे की मां बनने की इच्छुक थीं। वे इस तांत्रिक के जाल में फंस गईं थीं। 'निर्भया कांड'; ज्योति सिंह मर्डर केस के दरिंदों को तो फांसी मिल चुकी है। जेसिका लाल की हत्या के मामले ने सनसनी फैलाई थी। इस केस में सज़ा पाए मनु शर्मा को 'अच्छे व्यवहार' के कारण रिहा कर दिया गया। नैना साहनी की हत्या 2 जुलाई 1995 को की गई। यह हत्याकांड 'तंदूर कांड' के नाम से चर्चित हुआ। नैना साहनी के पति, कांग्रेसी नेता सुशील शर्मा, ने ही उनकी हत्या की थी। सुशील शर्मा भी कानूनी सज़ा पूरी कर आज़ाद है। 26 साल पहले हुए एक खौफनाक कांड में, पुलिस अफसर के बेटे, सुशील कुमार सिंह ने प्रियदर्शिनी मट्टू का रेप व मर्डर किया था। आम जन का पुलिस व कानून से भरोसा हटने लगा है। प्रियदर्शनी मट्टू के पिता, सी.एल. मट्टू ने यह न्यायिक युद्ध लड़ा। परंतु अब सुशील सिंह भी सजा पूरी कर आज़ाद हो चुका है। उत्तर प्रदेश के अमर मणि त्रिपाठी व मधुमिता शुक्ला का प्रसंग; रौंगटे खड़े कर देने वाला है। मधुमिता शुक्ला के गर्भवती होने की कहानी ने सुर्खियां बटोरीं। त्रिपाठी पति-पत्नी ने उसे षडयंत्रपूर्ण मार डाला व अब आजीवन कारावास काट रहे हैं। भाजपा नेता विनोद आर्य के बेटे, पुलकित आर्य के निजी रिसॉर्ट; 'अनंतरा' के परिसर से लापता हुई, अंकिता भंडारी का शव पुलिस को चिल्ला बिजलीघर के पास मिला। पुलकित आर्य को आजीवन कारावास की सज़ा हुई है। महिलाओं की हत्या व उनके साथ दरिंदगी की हदें पार हो गई हैं। सरला मिश्रा, कांग्रेसी नेता व मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह की अनुयायी थी। भोपाल में उसे आग में जला कर मार दिया गया था। न्यायिक आदेश द्वारा सरला हत्याकांड की पुनः जांच, सीबीआई करेगी। सरला मिश्रा की आत्महत्या या मर्डर का रहस्य जारी है। देश में महिला हत्या की अनेक घटनाएं हुई हैं, लेकिन सबका ज़िक्र संभव नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के मुताबिक, सबसे अधिक क्राइम महिलाओं के खिलाफ़ हो रहे हैं।

जस्टिस ऐ. एन. वर्मा कमिटी रिपोर्ट के आधार पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून तो पारित हो गये हैं, परन्तु धरातल पर वे कार्यान्वित नहीं होते। जब तक पुरुष प्रधान समाज से 'सामंती (फ्यूडल) विचारधारा' को ध्वस्त नहीं किया जाएगा, तब तक इसी प्रकार महिलाओं के साथ अपराध होते रहेंगें। 'नारी का सम्मान', 'लाडली', 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'बेटियाँ हमारी गौरव' जैसे प्रोग्रेसिव विचार; अक्षर मात्र हैं। पितृसत्तात्मक सामंती दृष्टिकोण, असंबद्ध समाज महिलाओं का हत्यारा है। राधिका यादव को इंसाफ मिलना चाहिए, यह इंसाफ समाज का प्रायश्चित है कि वो अपनी बेटियों की सुरक्षा का संकल्प लें। ज़रा सोचिये, क्या राधिका की आत्मा नहीं कहेगी, 'अगले जन्म मुझे बिटिया न कीजो'। आप के घर में भी बच्चियां होंगीं? कृप्या उन्हें सुरक्षित रखें, गोलियों से मत भूनिये।

(लेखक वरिष्ठ टीवी पत्रकार, विचारक, राजनैतिक समीक्षक, सॉलिसिटर फॉर ह्यूमन राइट्स संरक्षण व परोपकारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## प्रेम क्या है? कोई क्रिया नहीं है



संकलित
दर्शन

प्रेम कोई क्रिया नहीं है। 'मैं' भी प्रेम है और 'तुम' भी प्रेम हो। प्रेम वह तत्त्व है जिससे हम सब बने हैं। यह एक अवस्था है, कोई कार्य नहीं। जब हम वर्तमान में होते हैं, तब हमारा मन स्वच्छ होता है- न क्रोध, न चिंता, बस प्रेम होता है। छोटे बच्चों को देखो-उनके चेहरे पर कितना निर्मल प्रेम होता है! बच्चे आकर्षक क्यों होते हैं? क्योंकि वे अपने भीतर के प्रेम को बिना किसी अवरोध के बाहर लाने देते हैं। यही कारण है कि यीशु ने कहा था- जब तक तुम बच्चों जैसे नहीं बनते, तब तक स्वर्ग के द्वार तुम्हारे लिए नहीं खुलते। बच्चे एक पल रोते हैं, और अगले ही पल हँस पड़ते हैं- यह है वर्तमान में जीने की कला। हम सबमें यह क्षमता है लेकिन जैसे-जैसे हम 'बुद्धिमान' होते जाते हैं, हम अपनी मासूमियत खो देते हैं। आत्मज्ञान का अर्थ है- मासूमियत को बनाए रखते हुए ज्ञान में बढ़ना। एक अज्ञानी व्यक्ति मासूम हो सकता है, लेकिन उसकी मासूमियत का कोई मूल्य नहीं होता। एक चतुर व्यक्ति चालाक हो सकता है, पर उसकी बुद्धिमत्ता में करुणा न हो तो वह भी व्यर्थ है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था है-जब व्यक्ति बुद्धिमान हो, लेकिन फिर भी भीतर से मासूम बना रहे। यह जीवन में बहुमूल्य है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था यह है कि हम बुद्धिमान बनें, पर भीतर से बच्चे जैसे सरल और निष्कलुष बने रहें। आज की भागदौड़ भरी जीवन में हम सब सफल, समझदार, प्रभावशाली बनना चाहते हैं लेकिन इस दौड़ में कहीं हमारी सरलता, सहजता और वह निर्मल मुस्कान पीछे छूट गई है।

## सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित
प्रेरणा

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशन थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### बारिश में सड़कों पर पशुओं का बसेरा

शहर में आवारा पशुओं का इन दिनों सड़कों पर बसेरा बढ़ गया है। बारिश के वजह से पशु पालने वाले घरों से पशुओं को खुला छोड़ देते हैं और वे हरा पानी की तलाश में शहर का सड़कों पर आकर अपना बसेरा बनाते हैं। सड़क पर चलने वाले कुछ नागरिक या तो इनका शिकार बनते हैं या वाहनों की चपेट में आकर पशु घायल होते हैं। राजधानी में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की इन पशुओं का कांजी हाउस या अन्यत्र व्यवस्था की जा सके। नगर निगम का संबंधिक विभाग आंख मूंदे हुए है। उसे आवारा पशुओं के सड़कों पर एकत्रित होने का कोई मतलब नहीं। बेहतर हो की प्रशासन इसके संज्ञान लेकर इन पशुओं को कांजी हाउस तक पहुंचाए या उनके मालिकों को दंडित करे। *–मनोज त्रिपाठी, रायपुर*

## ट्रेंड

### फिटनेस के लिए प्रेरणा



'फौजा सिंह असाधारण व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने विशिष्ट व्यक्तित्व से और 'फिटनेस' के विषय पर भारत के युवाओं को प्रेरित किया। उनकी मृत्यु से बहुत दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। **-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### चीन पर संसद में हो चर्चा



चीन से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा की जरूरत है और उम्मीद है कि प्रधानमंत्री 21 जुलाई से आरंभ हो रहे मानसून सत्र में इसके लिए सहमति देंगे। जब 1962 के युद्ध के समय संसद में खुली चर्चा हो सकती है तो फिर आज क्यों नहीं हो सकती। **-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता**

### पीएम व मंत्रियों को छूट क्यों



लोकसभा में सीट पर ही उपस्थिति दर्ज करने के लिए नया मल्टीमीडिया उपकरण इस मानसून सत्र में प्रभावी हो जाएगा। यदि उपस्थिति दर्ज कराने की यह प्रक्रिया, पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए है, तो प्रधानमंत्री और मंत्रियों को इससे छूट क्यों? **-माणिकम टैगोर, कांग्रेस सांसद**

### पुत्री हत्या में कोई गर्व नहीं



अपने ही बच्चे की हत्या करने में कोई सम्मान नहीं होता। अगर पहले कुछ लोग उसे ताने देते थे, तो अब पूरी दुनिया दीपक यादव को एक पराजित और कायर इंसान के रूप में याद करेगी। दीपक यादव, आपने इतिहास में अपनी जगह एक पराजित और डरपोक व्यक्ति के रूप में पक्की कर ली है। **-ऋचा चड्ढा, बॉलीवुड अभिनेत्री**

## करंट अफेयर

### व्यापार बढ़ाने के लिए चीन व आस्ट्रेलिया ने मिलाया हाथ

ऑस्ट्रेलिया और चीन के शीर्ष नेताओं ने मंगलवार को राजधानी बीजिंग में हुई वार्ता के दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा और मानवाधिकारों पर मतभेदों के बावजूद व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई।



चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ से कहा कि मतभेदों को दरकिनार करते हुए समानता के बिंदुओं की तलाश करना हमारे दोनों देशों और दोनों जनता के मूल हितों के अनुरूप है। प्रधानमंत्री अल्बनीज़ ने शी की बात से सहमति जताते हुए कहा, यह दृष्टिकोण वास्तव में ऑस्ट्रेलिया और चीन दोनों के लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आया है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र के कई अन्य देशों की तरह ऑस्ट्रेलिया भी अमेरिका और चीन की प्रतिद्वन्द्विता के बीच संतुलन बनाने के लिए प्रयासरत है। जहां उसकी अर्थव्यवस्था काफी हद तक चीन को इस्पात उद्योग के लिए लोहे के अयस्क सहित निर्यात पर निर्भर है, वहीं वह चीन के मानवाधिकार रिकॉर्ड और प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती सैन्य गतिविधियों को लेकर अमेरिकी चिंताओं को भी साझा करता है। प्रधानमंत्री अल्बनीज़ ने 2022 में सत्ता में आने के बाद से चीन के साथ संबंध सुधारने की कोशिशें की हैं।

## ऑफ बीट

### दक्षिणी गोलार्ध में पाई जाती हैं पक्षियों की दुर्लभ प्रजातियां

बर्फ सी सफेद, काली आंखों और काली चोंच वाली 'स्नो पेट्रल' उन केवल तीन पक्षी प्रजातियों में शामिल है जिन्हें कभी दक्षिणी ध्रुव पर देखा गया है।



दरअसल, अंटार्कटिका ही वह एकमात्र स्थान है जहां यह पक्षी पाया जाता है। यह अकेली ऐसी प्रजाति नहीं है। अंटार्कटिका और उप-अंटार्कटिक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसी पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं जो केवल एक या कुछ गिने-चुने स्थानों तक सीमित हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो यह क्षेत्र ''स्थानिकता'' (एंडेमिज़्म) की दृष्टि से अत्यधिक समृद्ध हैं। यह एक महत्वपूर्ण मापदंड है जिससे यह तय किया जाता है कि किन क्षेत्रों में जैव विविधता संरक्षण के प्रयासों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मोनाश यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक मथायस डेलिंग द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में पाया गया है कि अंटार्कटिका, उप-अंटार्कटिका और समग्र रूप से दक्षिणी गोलार्ध में पक्षियों की स्थानिकता को अब तक कम करके आंका गया है। यह निष्कर्ष इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि जिन क्षेत्रों में स्थानिकता अधिक होती है वहां की प्रजातियां विशेष रूप से सीमित दायरे में पाई जाती हैं। इनका अद्वितीय विकासक्रम होता है या ये पारिस्थितिक तंत्र में विशिष्ट भूमिका निभाती हैं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## डीआरडीओ और एम्स ने किया कमाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डीआरडीओ की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) और एम्स बीबीनगर ने पहले मेक-इन-इंडिया लागत प्रभावी उन्नत कार्बन फाइबर कृत्रिम पैर का अनावरण किया है। एम्स बीबीनगर-डीआरडीएल, डीआरडीओ द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित यह अनुकूलित कार्बन फुट प्रोस्थेसिस (एडीआईडीओसी) आत्मनिर्भर भारत पहल के अंतर्गत एक बड़ी सफलता है। इस कार्बन फुट प्रोस्थेसिस का अनावरण डीआरडीएल के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और निदेशक डॉ. जीए श्रीनिवास मूर्ति और एम्स बीबीनगर के कार्यकारी निदेशक डॉ अहंतेम सांता सिंह ने किया।

# मेक-इन-इंडिया: कम लागत से कार्बन फाइबर का बना डाला कृत्रिम पैर

## आत्मनिर्भर भारत पहल के अंतर्गत किया अनावरण



### 125 किग्रा तक के भार के लिए किया गया बायोमैकेनिकल टेस्ट

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पहले मेक-इन-इंडिया लागत प्रभावी उन्नत कार्बन फाइबर फुट प्रोस्थेसिस (कृत्रिम पैर) का सोमवार को एम्स बीबीनगर, तेलंगाना में अनावरण किया गया। एडीआईडीओसी का पर्याप्त सुरक्षा कारक के साथ 125 किलोग्राम तक भार के लिए बायोमैकेनिकल परीक्षण किया गया है। विभिन्न भार के रोगियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यह तीन प्रकारों में उपलब्ध है। इस पैर को उच्च-गुणवत्ता और किफायती समाधान प्रदान करने के लक्ष्य के साथ डिजाइन किया गया है ताकि यह जरूरतमंद लोगों को अंतरराष्ट्रीय मॉडलों की तरह आसानी से उपलब्ध हो सके।

### निम्न आय वर्ग के दिव्यांगों के लिए होगा फायदेमंद

मंत्रालय ने कहा कि इस नवाचार से देश में निम्न आय वर्ग के दिव्यांगों के लिए उच्च-गुणवत्ता वाले कृत्रिम अंगों तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार, आयातित तकनीकों पर निर्भरता में कमी और दिव्यांगजनों के व्यापक सामाजिक एवं आर्थिक समावेशन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### दूसरे देशों पर निर्भरता खत्म होगी

*एम्स द्वारा जारी की गई जानकारी के अनुसार यह कार्बन फुट प्रोस्थेसिस भारत में ही बना है, इसलिए हमें दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इससे देश में ही तकनीक बढ़ेगी। विकलांग लोगों को समाज में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। यह पैर उनके लिए सामाजिक और आर्थिक रूप से मददगार साबित होगा। डीआरडीओ ने कहा यह 'मेक इन इंडिया' का एक अच्छा उदाहरण है।*

### पहले से 20,000 रु. से कम होगी लागत

अभी मार्केट में जो कृत्रिम पैर आते हैं, उनकी कीमत लगभग दो लाख रुपये के आसपास होती है। लेकिन कार्बन फाइबर फुट प्रोस्थेसिस 20,000 रुपए में भी कम कीमत में मिलेगा। इससे निम्न वर्ग के लोगों को पीड़ित लोगों को लाभ होगा। उम्मीद है कि इससे उत्पादन की लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी और यह लगभग 20,000 रुपए से भी कम हो जाएगी, जबकि वर्तमान में आयातित समान उत्पादों की लागत लगभग दो लाख है।

## खबर संक्षेप

### शशिकांत बने राकांपा शरदगुट के अध्यक्ष

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शरद पवार की पार्टी को नया अध्यक्ष मिल गया है। पार्टी ने शशिकांत शिंदे को



प्रदेशाध्यक्ष बनाया है। जयंत पाटील के इस्तीफा देने के बाद यह फैसला लिया गया है। उनके इस्तीफे के बाद कई नामों की अटकलें लगाई जा रही थीं। शिंदे पश्चिम महाराष्ट्र मे गद्दावर नेता माने जाते हैं और उनके अनुभव को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी है। इसके लिए कई नामों की चर्चा थी।

### शुक्लाजी की जगह दलित ओबीसी को भेजना था

**नई दिल्ली।** एक्सिओम-4 मिशन को पूरा करके अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से वापस लौट रहे भारतीय



अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को लेकर कांग्रेस नेता उदित राज ने बेतुका बयान दिया है। कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि पहले राकेश शर्मा अंतरिक्ष में गए थे, तब एससी-एसटी और ओबीबी इतने पढ़े लिखे नहीं थे। अब किसी दलित या ओबीसी को भी शुक्ला की जगह भेजना था।

### उदयपुर में 1100 किलो चांदी बरामद

**उदयपुर।** उदयपुर के गोगुंदा थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान गुजरात नंबर की एक गाड़ी से



1100 किलो चांदी बरामद की है। बताया जा रहा पकड़ी गई चांदी की बाजार कीमत करीब 12 करोड़ के आसपास है। गोगुंदा टोल नाके पर नाकाबंदी के दौरान की गई इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर लिया है। पुलिस ने 5 युवकों को डिटेन भी किया है।

### ओडिशा में 25 'अवैध' उपभोक्ता उत्पाद जब्त

**अमरावती।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने कहा कि उसने आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में ई-



कॉमर्स मंचों फ्लिपकार्ट, ई-कार्ट और मीशो से अप्रमाणित उपभोक्ता उत्पादों की एक बड़ी खेप जब्त की है। उसने कहा है कि कई मंच 'खतरनाक वस्तुओं की बिक्री और वितरण' को आसान बना रहे हैं। अधिकारियों ने 25 से अधिक तरह के उपभोक्ता उत्पादों की एक बड़ी खेप जब्त की।

### बीएसई भवन को उड़ाने की धमकी झूठी निकली

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में स्थित प्रतिष्ठित 'बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज' (बीएसई) भवन को एक ईमेल के



जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई, लेकिन परिसर की तलाशी लेने के बाद यह धमकी झूठी साबित हुई। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि बीएसई के एक कर्मचारी को रविवार को एक ईमेल आईडी से एक संदेश मिला, जिसमें दक्षिण भारत के एक नेता का नाम था।

## धर्मांतरण विरोधी कानून बनाने वाला देश का 11वां राज्य बनेगा

शीत सत्र में बिल होगा पेश

# महाराष्ट्र में बनेगा अब तक का सबसे सख्त कानून, डीजीपी ने रिपोर्ट पेश की

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र सरकार राज्य विधानमंडल के आगामी शीतकालीन सत्र में धर्मांतरण रोकने के लिए एक सख्त कानून पेश करने की योजना बना रही है। गृह राज्यमंत्री (ग्रामीण) पंकज भोयर ने विधान परिषद में इसकी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कानून में अन्य राज्यों के समान कानूनों की तुलना में कड़े प्रावधान होंगे। लागू होने के बाद महाराष्ट्र ऐसा कानून लागू करने वाला भारत का 11वां राज्य बन जाएगा। पंकज भोयर ने सदन को बताया कि पुलिस महानिदेशक के नेतृत्व में एक पैनल का गठन किया गया है जो धर्मांतरण के खिलाफ एक ऐसा कानून तैयार करेगा जो बाकी 10 राज्यों की तुलना में अधिक सख्त होगा।

इस मुद्दे पर पुलिस महानिदेशक द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है और आगामी (शीतकालीन) सत्र में यह कानून पारित कर दिया जाएगा। राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आमतौर पर दिसंबर में महाराष्ट्र की दूसरी राजधानी नागपुर में आयोजित किया जाता है।



### धर्मांतरण विरोधी कानून वाले 10 राज्यों की सूची

राजस्थान, उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और उत्तराखंड में धर्मांतरण विरोधी कानून पूर्व में ही लागू हो चुका है।

### आदिवासियों का धर्मांतरण करने के लगते रहे आरोप

*भाजपा-शिवसेना-राकांपा सरकार द्वारा इस तरह के कानून की ओर यह कदम भाजपा विधायकों द्वारा लगाए गए आरोप के बाद उठाया गया है कि विदेशी धन से निर्मित अवैध चर्चों के माध्यम से आदिवासियों का धर्मांतरण किया जा रहा है। भाजपा के अनूप अग्रवाल ने दावा किया कि पालघर और नंदुरबार जैसे आदिवासी जिलों में अवैध चर्चों की संख्या बेहद बढ़ रही है। उन्होंने दावा किया कि लगभग 2,000 की आबादी वाले गांवों में आधा दर्जन चर्च हैं। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि धर्मांतरण धमकी और चिकित्सा सहायता के लालच के जरिए किया जाता है। यह पहली बार नहीं है जब भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने जबरन धर्मांतरण के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मार्च में सीएम देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र में लव जिहाद कानून की आवश्यकता की वकालत करते हुए कहा था कि सरकार को ऐसे मामलों की 1,00,000 से ज्यादा शिकायतें मिली हैं।*

### विधानसभा में भिड़े शिंदे और उद्धव गुट के विधायक

## 42 एकड़ जमीन, झोपड़पट्टी पुनर्वसन मामला, क्या आप मुख्यमंत्री हैं?

महाराष्ट्र विधानसभा में उद्धव ठाकरे गुट के विधायक वरुण सरदेसाई की तरफ से वांद्रा इलाके की 42 एकड़ जमीन और वहां के झोपड़पट्टी पुनर्वसन से जुड़े मुद्दे पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखने के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच भारी हंगामा हुआ। इस प्रस्ताव पर एकनाथ शिंदे गुट के मंत्री शंभूराज देसाई के जवाब से ठाकरे गुट के विधायक आक्रामक हो गए और खुद आदित्य ठाकरे ने भी सदन में तीखा रुख अपनाया।



### शंभूराज का आरोप

शंभूराज देसाई ने कहा कि मुझे इस मुद्दे में ज्यादा गहराई में नहीं जाना था, लेकिन 2019 से 2022 के बीच तत्कालीन राज्य सरकार ने इस मामले में एक बार भी केंद्र से कोई पत्राचार नहीं किया। इतना कहते ही सदन में हंगामा मच गया। शंभूराज ने कहा कि हमने 2022 में सरकार बनने के बाद इस मुद्दे पर चार बार पत्र भेजे हैं। आपने क्या किया? हमारी बदनामी मत करो। बताओ, आपने क्या किया? अगर मैंने किसी का नाम नहीं लिया तो फिर तुम्हारी नाक में मिर्ची क्यों लगी?

### रेलवे की जमीन ली तो उसका विरोध क्यों?

भाजपा विधायक अतुल भातखलकर ने कहा कि इस मुद्दे का असर मेरे विधानसभा क्षेत्र पर भी है। जब धारावी पुनर्विकास के लिए रेलवे की जमीन ली जा सकती है तो फिर इस जमीन को लेकर विरोध क्यों हो रहा है? राज्य सरकार इसके लिए क्या प्रयास करेगी? इस पर मंत्री शंभूराज देसाई ने कहा कि वे इस मामले में अपने कार्यालय में बैठक करेंगे।

### आदित्य का पलटवार

*शिवसेना (यूबीटी) के विधायक आदित्य ठाकरे ने कहा कि मंत्री सदन को गुमराह कर रहे हैं, गलत जवाब दे रहे हैं। क्या हमें विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाना चाहिए?वहीं ठाकरे गुट के विधायक भास्कर जाधव ने कहा कि कोई भी मंत्री किसी भी विभाग पर बयान नहीं दे सकता। इसके लिए अध्यक्ष की अनुमति जरूरी है। शंभूराज शहरी विकास विभाग के मामलों पर कैसे बोल सकते हैं? क्या वे मुख्यमंत्री हैं?इसी दौरान जाधव और सत्तापक्ष के विधायकों में तीखी बहस हुई, जिसके चलते विधानसभा की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।*

## कांवड़ यात्रा: क्यूआर कोड जरूरी

# सुप्रीम कोर्ट ने यूपी व उत्तराखंड सरकार से 22 तक मांगा जवाब



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांवड़ यात्रा मार्ग पर बनी दुकानों पर क्यूआर कोड लगाने और दुकान मालिकों की पहचान उजागर करने के उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने मामले में यूपी सरकार को नोटिस जारी किया है। 22 जुलाई तक जवाब मांगा है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने शिक्षाविद अपूर्वानंद झा एवं अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यूपी सरकार से जवाब तलब किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल भी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश द्वारा जारी कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के निर्देशों पर रोक लगा दी थी।

### याची ने निजता के अधिकार का उल्लंघन कहा

कोर्ट में 25 जून को यूपी सरकार द्वारा जारी निर्देश का हवाला देते हुए झा ने कहा कि नए निर्देश के तहत कांवड़ मार्ग पर बने सभी भोजनालयों पर क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य है। इससे दुकान मालिकों के नाम और पहचान का पता चले। इससे दोबारा वही भेदभाव किया जा रहा है, जिसे पहले इस अदालत ने रोका था। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार का निर्देश, जिसमें स्टॉल मालिकों को कानूनी लाइसेंस आवश्यकताओं के तहत धार्मिक और जातिगत पहचान का खुलासा करने के लिए कहा गया है। यह दुकान, ढाबा और रेस्तरां मालिकों के निजता का अधिकार का उल्लंघन करता है।

### कांवड़ियों के साथ 12 किमी पैदल चले एसपी

उत्तर प्रदेश के शामली में कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। श्रावण मास के शुरू होते ही हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आने वाले शिव भक्तों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सोमवार दोपहर शामली के पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम ने शामली से लालूखेड़ी बॉर्डर तक कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। वे मुजफ्फरनगर सीमा पर पहुंचे और वहां पुलिस वॉच टावर पर चढ़कर व्यवस्था का जायजा लिया। कांवड़ मार्ग पर पैदल चलकर सुरक्षा और व्यवस्थाओं को खुद देखा।

## दीक्षांत समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

# महिला सशक्तीकरण से महिला नेतृत्व विकास की ओर बढ़ रहा



एजेंसी ▶▶ कटक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि भारत महिला सशक्तीकरण से महिला-नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रहा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कटक में रेवेनशॉ विश्वविद्यालय के 13वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष विश्वविद्यालय के 27 विभागों में से 21 में छात्राओं ने अपने पुरुष सहपाठियों से बेहतर प्रदर्शन किया है, जो इसका प्रमाण है। मुर्मू ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में, संस्थान में छात्राओं ने पढ़ाई के मामले में लगातार छात्रों से बेहतर प्रदर्शन किया है। स्नातकोत्तर स्तर पर टॉप करने वाली छात्राओं की संख्या छात्रों की तुलना में साढ़े तीन गुना से भी अधिक है। यह दर्शाता है कि भारत महिला सशक्तीकरण से महिला-नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे नौकरी प्रदाता बनें।

## त्रिभाषा नीति पर अब कर्नाटक में 'रार'

# राज्य सरकार ने जबरन थोपने की बात कही, विरोध भी किया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



महाराष्ट्र और तमिलनाडु में तो नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 में प्रस्तावित थ्री लैंग्वेज पॉलिसी का विरोध जमकर हुआ।

इसके बाद अब कर्नाटक की सरकार ने भी इसका विरोध किया है। सरकार थ्री लैंग्वेज पॉलिसी को राज्य पर हिंदी थोपने के एक तरीके के तौर पर देख रही है। वहीं, टू लैंग्वेज करिकुलम की ओर उसके कदम ने भी बैचेनी पैदा कर दी है। इस समय कर्नाटक स्टेट बोर्ड के स्कूलों में थ्री लैंग्वेज पॉलिसी को फॉलो किया जाता है। इसके तहत राज्य के स्टूडेंट्स को क्लास 6 से थर्ड लैंग्वेज के तौर पर हिंदी, संस्कृत या कोई भी भारत की भाषा चुनने की इजाजत होती है। इस बीच, पहली भाषा तो कन्नड़ रहेगी और दूसरी इंग्लिश। हालांकि, उर्दू, मराठी, तेलुगू और तमिल मीडियम के स्कूलों में पहली भाषा ही मीडियम की संबंधित भाषा होगी। दूसरी भाषा का ज्यादातर विकल्प इंग्लिश होता है, जबकि तीसरी भाषा हिंदी या कन्नड़ होती है। इसी पर विरोध किया जा रहा है।

लखनऊ कोर्ट में सेना पर टिप्पणी का मामला

# राहुल ने किया समर्पण, सुनवाई के बाद 5 मिनट में मिली जमानत

## 20-20 हजार रुपए के दो मुचलके जमा किए

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ सेना पर टिप्पणी मामले में दर्ज केस की सुनवाई मंगलवार को लखनऊ के एमपी-एमएलए कोर्ट में हुई। कोर्ट में आत्मसमर्पण करने के बाद एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम ने राहुल को हिरासत में लिया।

सुनवाई के बाद 20-20 हजार की दो मुचलकों पर उन्हें जमानत दे दी गई। यह मुकदमा उन पर भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों पर अमर्यादित टिप्पणी करने पर चल रहा है।



### हाईकोर्ट ने खारिज की सावरकर मुद्दे पर जनहित याचिका

*बॉम्बे हाई कोर्ट ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया। इस याचिका में आरोप लगाया गया था कि राहुल ने हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर पर अपरिपक्व टिप्पणीकी है। यह याचिका डॉ. पंकज फडनीस द्वारा दायर की गई थी। वह अभिनव भारत कांग्रेस के संस्थापक अध्यक्ष हैं। उन्होंने मांग की थी कि अदालत राहुल को निर्देश दे कि वे याचिका को पढ़ें ताकि उनकी सावरकर को लेकर अज्ञानता दूर हो सके। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसा, याचिकाकर्ता का दावा था कि राहुल के बयान ने उनके उस मौलिक कर्तव्य के पालन के अधिकार का उल्लंघन किया है, जिसमें संविधान नागरिकों को स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों को संजोने और उनका पालन करने की बात कहता है। कोर्ट ने कहा कि हम यह आदेश कैसे दें?*

## सुप्रीम कोर्ट का भारतीय खाद्य सुरक्षा,मानक प्राधिकरण को निर्देश

# पैकेटबंद खाद्य पदार्थों में पोषण लेबल अनिवार्य हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण को पैक्ड खाद्य पदार्थों पर फ्रंट-ऑफ-पैक न्यूट्रिशन लेबल लागू करने का निर्देश दिया है। शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा, जो संसद की अधीनस्थ विधायी समिति के अध्यक्ष भी हैं, ने यह जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर साझा की। एफएसएसएआई एक स्वायत्त निकाय है, जो सुनिश्चित करता है कि देश में बेचे जाने वाले खाद्य पदार्थ सुरक्षित और स्वस्थ हैं।





फ्रंट-ऑफ-पैक पोषण लेबल, खाद्य पदार्थों के पैकेज के सामने की तरफ दी गई जानकारी है, जो उपभोक्ताओं को यह समझने में मदद करती है कि कोई उत्पाद कितना स्वस्थ है। यह जानकारी अक्सर एक सरल, संक्षिप्त और ग्राफिक प्रारूप में प्रस्तुत की जाती है, जैसे कि रंग-कोडित प्रणाली या प्रतीक।

### देवड़ा ने ए-टू-डी न्यूट्री-ग्रेड प्रणाली की सिफारीश की

*देवड़ा ने लिखा कि मैंने सिंगापुर की स्पष्ट ए-टू-डी न्यूट्री-ग्रेड प्रणाली का अध्ययन करने की सिफारिश की है। देवड़ा की पोस्ट के अनुसार इस कदम से एफएसएसआई को बिना किसी देरी के अनुपालन करने और भारतीय उपभोक्ताओं को स्वस्थ विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। इससे देश में बढ़ते मोटापे के संकट को रोका जा सकेगा। ए-टू-डी न्यूट्री-ग्रेड प्रणाली खाद्य पदार्थों में, एक ग्रेडिंग प्रणाली है जो खाद्य पदार्थों को उनके पोषण मूल्य के आधार पर वर्गीकृत करती है।*

### स्वास्थ्य मंत्रालय का बोर्ड बनाने का प्रस्ताव

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल ही में विभिन्न स्थानों पर स्वस्थ आहार संबंधी आदतों को बढ़ावा देने के लिए चीनी और तेल बोर्ड बनाने का प्रस्ताव दिया है। ये बोर्ड स्कूलों, दफ्तरों और सार्वजनिक संस्थानों में दृश्यात्मक व्यावहारिक संकेतों के रूप में काम करेंगे। इन पर रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों में छिपे वसा और शक्कर की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदर्शित की जाएगी।

### भारतीय हर साल खा रहे 21 हजार करोड़ समोसे, 34 करोड़ किलोग्राम जलेबी

भारत के लोगों और उनके फूड हैबिट को लेकर एक चौंकाने वाली



रिपोर्ट सामने आई है। भारतीय हर साल करीब 21 हजार करोड़ समोसे, 34 करोड़ किलोग्राम जलेबी और 35 हजार करोड़ पराठे खाते हैं। ये आंकड़े केवल स्वाद की नहीं, मोटापे की खामोश दस्तक भी हैं। भारत में ऑयली फूड खाने और इसके हेल्थ पर हो रहे दुष्प्रभावों ने सरकार भी चिंता बढ़ा दी है।

## बंबई उच्च न्यायालय ने शर्तें भी लगाई

# 'गेटवे ऑफ इंडिया' पर यात्रियों के लिए जेटी के निर्माण को हरी झंडी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बंबई उच्च न्यायालय ने कुछ शर्तों के साथ दक्षिण मुंबई में 'गेटवे ऑफ इंडिया' पर यात्रियों के लिए नए यात्री जेटी और टर्मिनल के निर्माण की मंगलवार को अनुमति दे दी। मुख्य न्यायाधीश आलोक आराधे और न्यायमूर्ति संदीप मार्ने ने जेटी और टर्मिनल निर्माण के लिए महाराष्ट्र सरकार के फैसले को बरकरार रखा। अदालत ने कहा कि परियोजना के तहत प्रस्तावित 'एम्फीथिएटर' का उपयोग सिर्फ यात्रियों के बैठने की जगह के रूप में किया जाएगा, मनोरंजन स्थल के रूप में नहीं। न्यायाधीशों ने कहा कि इसी तरह प्रस्तावित रेस्तरां या कैफे का उपयोग केवल यात्रियों को पानी



और पैकेटबंद भोजन उपलब्ध कराने के लिए किया जाएगा, न कि भोजन सुविधा के रूप में। अदालत ने कहा कि महाराष्ट्र सागरी मंडल यह सुनिश्चित करेगा कि परियोजना पूरी होने के बाद नौसेना के निर्देशानुसार चरणबद्ध 4 जेटी का उपयोग बंद कर दिया जाएगा। उच्च न्यायालय ने कहा हमारे विचार में यह परियोजना विकास के सिद्धांत को पूरा करती है, जहां प्रस्तावित विकास पर्यावरण को न्यूनतम नुकसान पहुंचाते हुए किया जा रहा है।

‘भारतनेट’ योजना का जल्द शुरू होगा तीसरा चरण

# तीन सालों में 6 लाख गांवों तक पहुंचेगा हाईस्पीड इंटरनेट

*दूरसंचार सचिव नीरज मित्तल ने बताया कि भारत में इंटरनेट डेटा की कीमत दुनिया के मुकाबले बहुत कम है। यहां एक जीबी डेटा की कीमत लगभग 9 सेंट (लगभग 7-8 रुपए) है, दुनिया का औसत 2.6 डॉलर (लगभग 215 रुपए) प्रति जीबी है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


केंद्र सरकार की एक बड़ी योजना है कि अगले तीन सालों में देश के छह लाख गांवों को हाई स्पीड इंटरनेट से जोड़ा जाए। इसके लिए सरकार गांवों को हाई-स्पीड ऑप्टिकल फाइबर-बेस्ड ब्रॉडबैंड से जोड़ने की योजना बना रही है। सरकार का लक्ष्य है कि देश में डिजिटल सुविधाओं को और मजबूत किया जाए और बड़े शहरों के बाहर भी ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) को बढ़ाया जाए।

सीआईआई-जीसीसी बिजनेस समिट में दूरसंचार सचिव नीरज मित्तल ने बताया कि भारतनेट फेज 3 नाम की इस योजना पर 1.39 लाख करोड़ खर्च होंगे। इसके तहत तीन सालों के अंदर हमारी सभी ग्राम पंचायतें (लगभग 2.5 लाख) और उनसे जुड़े गांव (लगभग 6 लाख) हाई-स्पीड ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्कसे जुड़ जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह इन्फ्रास्ट्रक्चर जीसीसी को छोटे शहरों (टियर 2 और टियर 3) में विस्तार करने में मदद करेगा, जिससे वे बड़े शहरी केंद्रों से आगे बढ़ सकेंगे।

**भारतनेट फेज 3 योजना पर 1.39 लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे**

**भारत में औसत ब्रॉडबैंड स्पीड लगभग 138 एमबीपीएस है**





### ऑप्टिकल फाइबर से जुड़ेंगे मोबाइल टॉवर

*नीरज मित्तल ने बताया कि इस योजना में मोबाइल टावरों को भी ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा जाएगा। इससे नेटवर्क की स्पीड बेहतर होगी और भविष्य में आने वाली 6G सेवाओं के लिए भी तैयारी हो जाएगी। सरकार वाई-फाई को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त स्पेक्ट्रम को खाली करने पर भी काम कर रही है। साथ ही टेलीकॉम सेक्टर में रिसर्च एंड डेवलपमेंट, स्टार्टअप्स और छोटे व मध्यम उद्योगों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।*

### सबसे कम डेटा लागत और मजबूत स्पीड

नीरज मित्तल ने बताया कि भारत में इंटरनेट डेटा की कीमत दुनिया के मुकाबले बहुत कम है। यहां एक जीबी डेटा की कीमत लगभग 9 सेंट (लगभग 7-8 रुपए) है, जबकि दुनिया का औसत 2.6 डॉलर (लगभग 215 रुपए) प्रति जीबी है। यह जीसीसी के लिए एक बहुत बड़ी सुविधा है। भारत में औसत ब्रॉडबैंड स्पीड लगभग 138 एमबीपीएस है।

### 5जी कवरेज लगभग पूरे देश में

दूरसंचार सचिव ने बताया कि हम जीसीसी के 99.6 प्रतिशत हिस्से को कवर करते हैं। देश में सिर्फ दो जिले ऐसे हैं जहां 5जी नहीं है। तीन कंपनियां अब नए लाइसेंस के साथ बिजनेस करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो इन टियर 2, टियर 3 शहरों और उन लोगों को जोड़ेंगी जो इन जीसीसी के लिए काम करना चाहते हैं, जहां भी वे चाहें।

## खबर संक्षेप

### यूलिया स्विरीडेंको बनीं यूक्रेन की नई पीएम

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने यूलिया



स्विरीडेंको को देश का नया पीएम नियुक्त किया है। वहीं लंबे समय से इस पद पर रहे निवर्तमान पीएम डेनिस श्म्हाल को नया रक्षा मंत्री बनाया गया है। वहीं निवर्तमान रक्षा मंत्री रुस्तेम उमेरोव को अमेरिका में यूक्रेन का नया राजदूत बनाया जा सकता है। स्विरीडेंको इससे पहले यूक्रेन के उप पीएम पद पर तैनात थीं। हालांकि अभी नई नियुक्तियों को यूक्रेनी संसद की मंजूरी जरूरी होगी। यूलिया ने कहा है कि उनकी प्राथमिकता युद्धग्रस्त यूक्रेन की अर्थव्यवस्था को बेहतर करना है।

### बांग्लादेश की गिरफ्त में 34 भारतीय मछुआरे

**कोलकाता।** मछुआरों के एक संघ ने पश्चिम बंगाल के 34 मछुआरों



को बांग्लादेशी अधिकारियों द्वारा समुद्री सीमा पर हिरासत में लिए जाने का दावा किया है। सुंदरबन सामुद्रिक मत्स्यजीवी श्रमिक संघ के सचिव सतीनाथ पात्रा ने बताया कि दक्षिण 24 परगना जिले के अधिकारियों को नामखाना से मछली पकड़ने वाली दो नौकाओं (ट्रॉलर) पर सवार होकर समुद्र में गए मछुआरों को हिरासत में लिए जाने के बारे में सूचित कर दिया गया है। मछुआरों को 13 जुलाई को हिरासत में लिया गया था।

### ड्रोन हमले के बाद इराकी तेल क्षेत्र में आग लगी

**बगदाद।** इराक के दुहोक प्रांत में एक तेल क्षेत्र पर मंगलवार को ड्रोन



से हमला किया गया, जिससे उसमें आग लग गई। यह उत्तरी इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र में तेल सुविधाओं पर हाल में किए गए इसी तरह के हमलों की श्रृंखला में नवीनतम है। किसी भी समूह ने इस हमले की ज़िम्मेदारी नहीं ली है। हमले में सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और किसी के भी जख्मी होने की सूचना नहीं है। आपात प्रक्रिया दल आग पर काबू पाने की मशक्कत कर रहे हैं। कंपनी ने कहा कि विस्फोट के कारण की जांच की जा रही है तथा परिचालन स्थगित कर दिया गया है।

### पनामा के प्रशांत तट पर 6.2 तीव्रता का भूकंप

**पनामा सिटी।** पनामा के प्रशांत तट पर सोमवार को 6.2 तीव्रता का



भूकंप आया, लेकिन फिलहाल किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, यह भूकंप स्थानीय समयानुसार दोपहर के आसपास पनामा के चिरिकी प्रांत में पंटा बुरीका से लगभग 210 किलोमीटर दक्षिण में, 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। यह क्षेत्र कोस्टा रिका की सीमा के समीप स्थित है। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि भूकंप के कारण किसी भी प्रकार की सुनामी की आशंका नहीं है।

चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग से मिले विदेश मंत्री जयशंकर, कहा

# रिश्ते सुधर रहे, दोनों देशों के संबंध सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे

**स्थिर और रचनात्मक संबंध बनाने की जरूरत पर जोर**

*जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन को सीमा से जुड़े मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए, लोगों के बीच संपर्क को सामान्य बनाना चाहिए और व्यापार में आ रही रुकावटों को हटाने पर काम करना चाहिए। चीन को ऐसे कदमों से बचना चाहिए जो भारत के उत्पादन क्षेत्र को नुकसान पहुंचा सकते हैं*

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जिनपिंग से मुलाकात की जानकारी दी। मंगलवार सुबह बीजिंग में एसीओ विदेश मंत्रियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात का सौभाग्य मिला। इस अवसर पर मैंने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

मैंने राष्ट्रपति शी को भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हालिया प्रगति से अवगत कराया और इस दिशा में हमारे नेतृत्व द्वारा दिए गए मार्गदर्शन की सराहना की। यह मुलाकात आपसी समझ को गहराने और सहयोग को मजबूती देने की दिशा में एक अहम पहल रही। यह भेंट भारत-चीन संबंधों को संतुलन और संवाद के नए आयाम देने की संभावनाओं के दृष्टिकोण से भी बेहद अहम मानी जा रही है। जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीन पहुंचे हैं। वे पांच साल में पहली बार चीन पहुंचे हैं।



**सीधी उड़ानों को फिर से शुरू करने की दिशा में आगे बढ़े**

विदेश मंत्री वांग से बोले

### सीमा से जुड़े अहम मुद्दों पर दें ध्यान

इससे पहले जयशंकर ने विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की थी। इस बैठक में उन्होंने दोनों देशों के बीच स्थिर और रचनात्मक संबंध बनाने की जरूरत पर जोर दिया। जयशंकर ने कहा कि सीमा से जुड़े मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए, लोगों के बीच संपर्क को सामान्य बनाना चाहिए और व्यापार में आ रही रुकावटों को हटाने पर काम करना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि आपसी सम्मान और समझदारी के आधार पर भारत-चीन संबंध सकारात्मक दिशा में बढ़ सकते हैं। जयशंकर ने साफ कहा कि चीन को ऐसे कदमों से बचना चाहिए जो भारत के उत्पादन क्षेत्र को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ाने की आवश्यकता

*जयशंकर ने चीन द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने के फैसले का स्वागत किया। यह यात्रा पिछले पांच वर्षों से बंद थी, और इसका दोबारा शुरू होना दोनों देशों के बीच भरोसे और धार्मिक-सांस्कृतिक संबंधों के लिए एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। उन्होंने दोनों देशों के बीच यात्रा को आसान बनाने, सीधी उड़ानों (डायरेक्ट फ्लाइट्स) को फिर से शुरू करने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। इससे दोनों देशों के बीच आपसी समझ और भरोसा बढ़ेगा।*



### ईरान से आपसी सहयोग पर चर्चा की

वहीं डॉ. एस. जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराजची से मुलाकात की तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा कि तिआंजिन में आयोजित एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक के मौके पर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराजची से मुलाकात करना सुखद रहा। इस अवसर पर दोनों देशों के बीच जारी द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय मुद्दों और आपसी सहयोग को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। भारत और ईरान के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक संबंधों की पृष्ठभूमि में इस तरह की संवादपूर्ण मुलाकातें दोनों देशों के हितों को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

### रूसी विदेश मंत्री से की चर्चा





भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री के साथ मुलाकात की तस्वीर अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा कि मंगलवार को दोपहर तिआंजिन में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर द्विपक्षीय सहयोग और वैश्विक घटनाक्रमों पर सार्थक चर्चा हुई।

एससीओ की बैठक में जयशंकर की दो टूक

# आतंकवाद के गुनहगारों को नहीं बख्शेगा भारत



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को चीन की अध्यक्षता में तियानजिन में आयोजित की गई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत का नेतृत्व किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने पाकिस्तान और उसके सदाबहार दोस्त चीन पर जमकर निशाना साधा।

जयशंकर ने कहा कि एससीओ की स्थापना ‘आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ’ जैसी तीन बुराइयों के खिलाफ लड़ने के लिए हुई थी। ऐसे में समूह के लिए यह आवश्यक है कि वह अपनी स्थापना के उद्देश्यों के प्रति ईमानदार बना रहे और आतंकवाद की चुनौती के खिलाफ किसी तरह का कोई समझौता न करने का पक्ष ले। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले का भी पुरजोर अंदाज में उल्लेख किया। एक्स पर एक पोस्ट के जरिए जयशंकर ने यह जानकारी दी।

### आपसी सम्मान पर आधारित हो सहयोग

*जयशंकर ने कहा कि समूह देशों के बीच सहयोग आपसी सम्मान, संप्रभु समानता और क्षेत्रीय अखंडता-संप्रभुता के सम्मान पर आधारित होना चाहिए। भारत ने स्टार्टअप, नवाचार से लेकर परंपरागत मेडिसिन और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए कई कदम उठाए हैं। हम लगातार सकारात्मक सोच और नए विचारों, सामूहिक भलाई की भावना के साथ काम करते रहेंगे। एससीओ के बीच सहयोग को और अधिक गहराई प्रदान करने के लिए समूह देशों के बीच अधिक व्यापार, निवेश और आदान-प्रदान की आवश्यकता है। वैश्विक नार्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर (आईएनएसटीसी) को बढ़ावा देने पर जयशंकर ने बल दिया और कहा कि हम इसे लगातार गति मिलने को लेकर आश्वस्त हैं।*

### अफगानिस्तान पर रखा भारत का पक्ष

*विदेश मंत्री ने कहा कि अफगानिस्तान एससीओ के पुराने एजेंडे से जुड़ा है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय खासकर समूह देशों को अफगानिस्तान के विकास के मामलों के लिए कदम उठाने चाहिए। भारत इस दिशा में ऐसा ही करेगा। क्षेत्रीय स्थिरता की अनिवार्यता के अलावा यह अफगानिस्तान के आम लोगों की भलाई से संबंधित है। दुनिया आज बहुध्रुवीयता की ओर बढ़ रही है। ये राष्ट्रीय क्षमताओं का पुनर्वितरण नहीं है। लेकिन प्रभावी समूहों जैसे एससीओ के उभार को प्रदर्शित करता है। वैश्विक मामलों को आकार देने में हमारी भूमिका, क्षमता साझा एजेंडे को लेकर एक साथ आगे बढ़ने में है। जिसमें समूह के सभी देश एक मंच पर खड़े हो।*


सुरक्षा बलों को मिली कामयाबी

# मणिपुर के पांच जिलों में 86 हथियार सहित 974 गोला और बारूद बरामद

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर के घाटी के पांच जिलों में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने एक साथ चलाए गए समन्वित अभियान में 86 हथियार और 974 गोला-बारूद बरामद किए।

पुलिस महानिरीक्षक (जोन-2) के. कबीब ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व, काकचिंग, इंफाल पश्चिम, थौबल और बिष्णुपुर जिलों में अभियान चलाया।



### 5 उग्रवादियों समेत 7 गिरफ्तार


मणिपुर में तीन प्रतिबंधित संगठनों के 5 उग्रवादियों सहित 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक सक्रिय सदस्य को सोमवार को थौबल जिले के लीरोंगथेल पित्रा से गिरफ्तार किया गया, जो कि थौबल जिले में वसूली और कैडर की सक्रिय भर्ती में शामिल था।

यूएस राष्ट्रपति ट्रंप की रूस को धमकी

# यूक्रेन से ‘शांति समझौता’ करो, वरना लगेगा भारी टैरिफ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि रूस 50 दिनों के भीतर यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं करता है तो कड़े प्रतिबंध लगाएंगे। अमेरिका उसकी अर्थव्यवस्था पर 100% तक के भारी टैरिफ लगाएगा। ओवल ऑफिस में नाटो के महासचिव मार्क रूटे के साथ मुलाकात के दौरान ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन को जल्द से जल्द हथियार भेजे जाएंगे। ट्रंप ने कहा कि मैं राष्ट्रपति पुतिन से निराश हूं। मुझे लगा था कि दो महीने पहले हम समझौता कर लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ट्रंप ने यह भी कहा कि वे पुतिन के खेल में नहीं फंस रहे हैं। ट्रंप ने पुतिन को कठोर इंसान बताते हुए कहा कि उन्होंने क्लिंटन, बुश, ओबामा और बाइडेन को बेवकूफ बनाया, लेकिन मुझे बेवकूफ नहीं बना सकते।



### ट्रंप की धमकियों से नहीं डरते: रूस

**मॉस्को।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी को रूस ने सिरे से खारिज कर दिया है। रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा कि हम किसी भी तरह के अल्टीमेटम को स्वीकार नहीं करते। उन्होंने कहा कि रूस किसी तरह की धमकी या दबाव में नहीं झुकेगा। रयाबकोव ने कहा कि मास्को कूटनीतिक बातचीत को प्राथमिकता देगा, लेकिन उसे पश्चिम से ‘लोहे जैसे ठोस आश्वासन’ चाहिए, खासकर इस बात पर कि यूक्रेन नाटो का हिस्सा नहीं बनेगा। वहीं, क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि ट्रंप की टिप्पणी ‘गंभीर’ है और मास्को इसे विस्तार से समझने की कोशिश करेगा।

### नाटो के जरिए यूक्रेन को देंगे पैट्रियट मिसाइल

ट्रंप ने बताया कि रूस ने 2022 में यूक्रेन पर बिना उकसावे के हमला किया था और अब शांति वार्ता के बीच हमले तेज कर दिए हैं। ट्रंप और रूटे ने एक योजना पर चर्चा की, जिसमें अमेरिका नाटो सदस्य देशों को पैट्रियट एयर डिफेंस मिसाइलें बेचेगा, जो बाद में यूक्रेन को दी जाएंगी। ट्रंप ने मीडिया से कहा कि हम नाटो सहयोगियों के साथ सौदा पूरा कर चुके हैं। हम ढेर सारे हथियार भेजेंगे और नाटो देश इनका 100 फीसदी भुगतान करेंगे। वहीं, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने एक्स पर बताया कि उन्होंने ट्रंप से फोन पर बात की और नई सैन्य मदद और शांति प्रयासों पर चर्चा की।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में दर्दनाक हादसा, जीप खाई में गिरी

# दो स्कूली बच्चों सहित 8 की मौत, 3 गंभीर रूप से घायल

एजेंसी ▶▶ पिथौरागढ़

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में मंगलवार शाम दर्दनाक हादसा हो गया। मुवानी कस्बे से बोकटा जा रही मैक्स खाई में गिर गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो स्कूली बच्चे भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, शाम करीब पांच बजे जिला मुख्यालय से लगभग 52 किलोमीटर दूर यह हादसा हुआ है। जीप के खाई में गिरते ही चीख पुकार मच गई। 8 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से राहत-बचाव कार्य चलाया जा रहा है। घायलों को नदी से निकालकर सड़क तक पहुंचाने के बाद जिला अस्पताल भेजा गया है। सभी मृतक बोकटा के बताए जा रहे है। हादसे के बाद बोकटा गांव में कोहराम मचा हुआ है।



### सीएम धामी ने जताया दुख

*हादसे पर सीएम धामी ने भी दुख जताया। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा कि जनपद पिथौरागढ़ के मुवानी क्षेत्र में वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर से प्रार्थना है कि दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें।*

### डोडा में वाहन के खाई में गिरने से 5 की मौत

*जम्मू। जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को एक यात्री वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। वाहन में उसकी क्षमता से अधिक लोग सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना डोडा शहर*



*से करीब 30 किलोमीटर दूर पोंडा के पास डोडा-भर्थ मार्ग पर हुई। सुबह करीब नौ बजे ‘टेंपो ट्रैवलर’ के चालक ने डोडा-भर्थ मार्ग के एक मोड़ पर वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि मोहम्मद अशरफ (35), मंगता वानी (51), अत्ता मोहम्मद (33), तालिब हुसैन (35), रफीका बेगम (60) को डोडा स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। बचावकर्मियों ने 17 लोगों को अस्पताल पहुंचाया और उनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।*

ऑनलाइन सट्टेबाजी

# चार ठिकानों से 3.3 करोड़ रु. नकदी विदेशी मुद्रा सहित महंगे वाहन जब्त

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को मुंबई में अवैध ‘डब्बा ट्रेडिंग’ और ऑनलाइन सट्टेबाजी नेटवर्क के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत छापेमारी की। ये नेटवर्क करोड़ों रुपए की धनराशि का लेन-देन कर रहे थे।

आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईडी ने मुंबई में चार ठिकानों से लगभग 3.3 करोड़ रुपए की बेहिसाब नकदी, कुछ लग्जरी घड़ियां और आभूषण, विदेशी मुद्रा और महंगे वाहन जब्त किए हैं। कार्रवाई अब भी जारी है। बता दें, ‘डब्बा ट्रेडिंग’ शेयरों में व्यापार के एक





अवैध और अनियमित रूप को संदर्भित करता है। उन्होंने बताया कि इस जांच के तहत वीमनी, वीएम ट्रेडिंग, स्टैंडर्ड ट्रेड्स लिमिटेड, आईबुल कैपिटल लिमिटेड, लोटसबुक, 11 स्टार्स और गेमबेटलीग जैसे कुछ ऑनलाइन ट्रेडिंग और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म एजेंसी की जांच के दायरे में हैं।

## खबर संक्षेप



### पंजाब एफसी ने डिफेंडर बिजॉय वर्गीस के साथ किया करार

**मोहाली।** पंजाब एफसी ने मंगलवार को इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए इंटर काशी से डिफेंडर बिजॉय वर्गीस को अपने साथ जोड़ने की घोषणा की। पच्चीस वर्षीय सेंटर बैक बिजॉय ने टीम के साथ 2028 तक अनुबंध किया है। बिजॉय 2021-22 सत्र में केरला ब्लास्टर्स में शामिल हुए और उस वर्ष उपविजेता रही टीम का हिस्सा थे। इसके बाद वह 2023-24 सत्र के लिए उधार पर आईलीग फ्रेंचाइजी इंटर काशी में शामिल हुए और 2024-25 सत्र में 10 मैच खेले। बिजॉय ने कहा, ''मैं पंजाब एफसी में शामिल होकर बहुत उत्साहित हूं और अपने करियर के इस नए अध्याय का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूं। क्लब में रक्षा पंक्ति में जगह बनाने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है जो मेरे विकास के लिए बहुत अच्छा है और यह मुझे हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

### ऋतुपर्णा-श्वेतापर्णा जापान ओपन बैडमिंटन से बाहर



**तोक्यो।** ऋतुपर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा की भारतीय महिला युगल जोड़ी को मंगलवार को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में कोकोना इशिकावा और माइको कावाजोई से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी जापान की जोड़ी को कोई टक्कर नहीं दे पायी। इशिकावा और कावाजोई ने मैच की शुरुआत से दबदबा कायम करते हुए महज 32 मिनट में 21-13, 21-7 से एकतरफा जीत हासिल की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, लक्ष्य सेन और पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी बुधवार को अपने अभियान का आगाज करेंगे।

### क्रिकेट वेस्टइंडीज ने दिग्गज क्रिकेटरों को आमंत्रित किया

**किंगस्टन।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 0-3 की हार के बाद मंगलवार को पूर्व महान खिलाड़ियों क्लाइव लॉयड, विवियन रिचर्ड्स और ब्रायन लारा को कैरेबियाई देशों में क्रिकेट को पुनर्जीवित करने के तरीकों पर चर्चा को मजबूत करने के लिए आमंत्रित किया। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट में मिचेल स्टार्क (नौ रन पर छह विकेट) की तूफानी गेंदबाजी और स्कॉट बोलैंड की हैट्रिक की बदौलत वेस्टइंडीज को 27 रन पर समेट दिया जो टेस्ट क्रिकेट का दूसरा सबसे कम स्कोर है। मिसफील्ड के कारण वेस्टइंडीज की टीम सर्वकालिक न्यूनतम स्कोर की बराबरी करने से बच गई।

### शेफाली टी20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंची



**दुबई।** भारत की आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रही। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 158.56 के स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाने वाली शेफाली इस रैंकिंग में 655 अंकों के साथ चार स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गयी है। उप-कप्तान स्मृति मंधाना तीसरे नंबर के साथ इस सूची में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी है। मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान नीचे 14वें स्थान पर खिसक गयी।

# टेस्ट क्रिकेट : भारत के खिलाफ इन बल्लेबाजों ने जड़े हैं सबसे ज्यादा शतक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने लॉर्ड्स टेस्ट में भारत के खिलाफ शानदार शतक (104) जड़ते हुए खास उपलब्धि हासिल की। यह भारत के खिलाफ उनका 11वां टेस्ट शतक रहा। सीरीज के पहले 2 टेस्ट में रूट का बल्ला खामोश रहा था। रूट अब भारत के खिलाफ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। आइए नजर डालते हैं उन बल्लेबाजों पर, जिन्होंने भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाए हैं।

### स्टीव स्मिथ और जो रूट (11-11 शतक)

इस सूची में रूट के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ हैं। दोनों ने भारत के खिलाफ 11-11 शतक लगाए हैं। रूट ने 33 टेस्ट की 60 पारियों में यह कारनामा किया है। स्मिथ ने 24 टेस्ट की 46 पारियों में 11 शतक लगाए हैं। इस कंगारू बल्लेबाज ने 58.90 की औसत से 2,356 रन बनाए हैं। रूट के बल्ले से 54.87 की औसत से 3,059 रन निकले हैं।





### गैरी सोबर्स, विवियन रिचर्ड्स और पोंटिंग (8-8 शतक)

दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 3 बल्लेबाज गैरी सोबर्स, विवियन रिचर्ड्स और रिकी पोंटिंग हैं। इन खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ टेस्ट में संयुक्त रूप से 8-8 शतक लगाए हैं। सोबर्स ने 18 टेस्ट की 30 पारियों में 83.47 की औसत से 1,920 रन बनाए थे। रिचर्ड्स के बल्ले से 28 टेस्ट की 41 पारियों में 50.71 की औसत 1,927 रन निकले थे। पोंटिंग ने 29 मैचों की 51 पारियों में 54.36 की औसत से 2,555 रन बनाए थे।

### इन 6 बल्लेबाजों ने जड़े हैं 7-7 शतक

तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 6 बल्लेबाज हैं। एवर्टन वीक्स (वेस्टइंडीज), माइकल क्लार्क (ऑस्ट्रेलिया), शिवनारायण चंद्रपॉल (वेस्टइंडीज), क्लाइव लायड (वेस्टइंडीज) और एलिस्टेयर कुक (इंग्लैंड) ने भारत के खिलाफ 7-7 शतक जड़े थे। कुक ने इन खिलाड़ियों में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा 2,431 रन बनाए थे। उन्होंने 30 टेस्ट की 54 पारियों में 47.66 की औसत से ये रन बनाए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 294 रन रहा था। कुक भारत के खिलाफ आखिरी बार 2018 में खेले थे।

### जयवर्धने सहित छह ने जड़े हैं 6-6 शतक

डेविड बून (ऑस्ट्रेलिया), मुदस्सर नजर (पाकिस्तान), जहीर अब्बास (पाकिस्तान), महेला जयवर्धने (श्रीलंका), केविन पीटरसन (इंग्लैंड) और मैथ्यू हेडन (ऑस्ट्रेलिया) इस सूची में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। इन खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में 6-6 शतक लगाए हैं। हेडन ने इन खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा 1,888 रन बनाए हैं। उन्होंने 59 की औसत से बल्लेबाजी की है। उनके बल्ले से 8 अर्धशतक भी निकले थे। उनकी औसत 65.92 की रही थी।

सात बल्लेबाज 0 पर आउट, सिर्फ एक ही छू सका दहाई का आंकड़ा

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 27 रन पर किया ढेर, सीरीज 3-0 से जीती

एजेंसी ▶▶ किंग्स्टन (जमैका)

मिशेल स्टार्क ने नौ रन देकर छह विकेट लिए और स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक ली जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को टेस्ट क्रिकेट के दूसरे न्यूनतम स्कोर 27 रन पर आउट कर दिया तथा तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच 176 रन से जीत कर श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

वेस्टइंडीज पर एक समय टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन खराब फील्डिंग का फायदा उठाकर वह न्यूजीलैंड के 26 रन के विश्व रिकॉर्ड से एक रन आगे निकलने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट मैच 159 रन और दूसरा टेस्ट मैच 133 रन से जीता था और इस तरह से फ्रैंक वारेल ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी।

### स्टार्क ने 15 गेंद पर लिए 5 विकेट

अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे स्टार्क ने अपनी पहली 15 गेंद पर पांच विकेट लिए जो टेस्ट इतिहास में सबसे तेज पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने करियर में 15वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। उन्होंने वेस्टइंडीज़ की दूसरी पारी की पहली ही गेंद पर एक विकेट और पहले ही ओवर में तीन विकेट लिए। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने इस दौरान टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट भी पूरे किए।




### ग्रीव्स ने 11 रन बनाए

ऑस्ट्रेलिया को सबीना पार्क में पहले दिन-रात्रि टेस्ट में 204 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरे वेस्टइंडीज को हराने और श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करने में केवल 14.3 ओवर लगे। यह मैच केवल ढाई दिन में समाप्त हो गया। वेस्टइंडीज के शीर्ष छह बल्लेबाजों ने कुल मिलाकर केवल छह रन बनाए। उसके सात बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। उसकी तरफ से जस्टिन ग्रीव्स ने सर्वाधिक 11 रन बनाए।

### 70 साल पुराना रिकॉर्ड टूटने से बचा

वेस्टइंडीज का यह टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर है। उसने 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ इसी मैदान पर बनाए गए 47 रन के स्कोर को पीछे छोड़ दिया। छठे ओवर में उसका स्कोर छह विकेट पर 11 रन था उस पर टेस्ट इतिहास के न्यूनतम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था। लेकिन 14वें ओवर में 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास की गलत फील्डिंग के कारण वेस्टइंडीज को एक रन लेने का मौका मिला और वह 27 रन तक पहुंच गया, जिससे न्यूजीलैंड का 70 साल पुराना 26 रन का रिकॉर्ड टूटने से बच गया, जो उसने 1955 में इंग्लैंड के खिलाफ ऑकलैंड में बनाया था।

### श्रृंखला शानदार रही : स्टार्क

मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए स्टार्क ने कहा, ''यह शानदार श्रृंखला रही। पूरे मैच में बल्लेबाजों के लिए हालत बहुत अच्छे नहीं रहे। ऐसी परिस्थितियों में दूधिया रोशनी में सख्त गुलाबी गेंद से खेलना आसान नहीं होता लेकिन हमें विश्वास नहीं था कि मैच इतनी जल्दी खत्म हो जाएगा।''स्टार्क ने लगातार गेंदों पर केवलन एंडरसन और ब्रैंडन किंग को आउट किया लेकिन उन्होंने हैट्रिक का मौका गंवा दिया।

ओलंपिक-2028

# 128 साल बाद लॉस एंजिल्स ओलंपिक में होगा क्रिकेट



एजेंसी ▶▶ लॉस एंजिल्स

लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट की 128 साल बाद बहुप्रतीक्षित वापसी लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमेना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में 12 जुलाई को होगी, जिसमें पदक मैच 20 और 29 जुलाई, 2028 को खेले जाएंगे। पुरुष और महिला वर्ग में कुल छह-छह टीमें और 180 खिलाड़ी ओलंपिक में क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप टी20 में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के कार्यक्रम के अनुसार अधिकतर दिन दो मैच खेले जाएंगे जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा।

### वर्ष 1900 में ओलंपिक में खेला गया था क्रिकेट

*ओलंपिक में इससे पहले केवल एक बार 1900 में पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। उसमें तब केवल दो टीम ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने भाग लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने प्रतियोगिता के एकमात्र मैच में जीत हासिल करके स्वर्ण पदक जीता था। 1904 के ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की कोशिश की गई थी। हालांकि, खेलने के लिए कोई टीम नहीं मिली और इसे ओलंपिक से बाहर कर दिया गया था।*

### पुरुष-महिला वर्ग में 90 खिलाड़ियों का कोटा

*पुरुष और महिला वर्ग में कुल 90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित होने के कारण 12 प्रतिस्पर्धी टीमें 15 सदस्यीय दल की घोषणा कर सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने क्रिकेट, बेसबॉल, सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस (सिक्स) और स्क्वाश को 2028 ओलंपिक खेलों में शामिल करने को मंजूरी दी थी।*

### लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किमी दूर होंगे मैच

*सभी क्रिकेट मैच लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमाना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में होंगे। आयोजकों ने इस बारे में बयान जारी करते हुए कहा, लगभग एक सदी से, यह स्थान वार्षिक एलए काउंटी केंद्र रहा है। यह विशाल मैदान ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की विजयी वापसी की पृष्ठभूमि बनेगा।*

इंग्लैंड बनाम भारत

# इंग्लैंड टेस्ट टीम में गेंदबाज लियाम शामिल, बशीर बाहर



एजेंसी ▶▶ मैनचेस्टर

इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज 2025 के चौथे टेस्ट के लिए अपनी टीम का ऐलान किया है। आगामी 23 जुलाई से मैनचेस्टर में होने वाले अगले मुकाबले के लिए मेजबान टीम ने अपने दल में स्पिनर लियाम डॉसन को जोड़ा है। उन्हें चोट के कारण सीरीज से बाहर हुए शोएब बशीर की जगह पर टीम में शामिल किया गया है।

**डॉसन ने खेले हैं 3 टेस्ट :** 35 वर्षीय डॉसन ने इंग्लैंड के लिए आखिरी बार जुलाई 2017 में टेस्ट खेला था। उन्होंने इंग्लैंड के लिए 3 टेस्ट खेले, जिसमें बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 1 अर्धशतक की बदौलत 84 रन बनाए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर ने 7 विकेट लिए थे। इंग्लिश टीम के चयनकर्ता, ल्यूक राइट ने कहा, डॉसन टीम में शामिल होने के हकदार हैं। वह काउंटी चैंपियनशिप में शानदार फॉर्म में हैं और हैम्पशायर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

### चौथे टेस्ट के लिए इंग्लिश टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल,हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग और क्रिस वोक्स।

### बशीर के खिलाफ आक्रामक शॉट खेल सकते थे जडेजा : कुंबले

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा को स्पिनर शोएब बशीर के खिलाफ मोहम्मद सिराज को स्ट्राइक देने की जगह खुद जोखिम उठाकर आक्रामक शॉट खेलना चाहिए था। जडेजा के साथ पुछल्ले बल्लेबाजों के संघर्ष से भारत मैच में वापसी करने में काफी हद तक सफल रहा लेकिन उसे 22 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। कुंबले को इस मैच ने चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट की याद दिला दी जिसमें सचिन तेंदुलकर ने पीठ दर्द के बावजूद 136 रन की पारी खेली लेकिन भारतीय टीम को 12 रन से हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में ऑफ स्पिनर सकलैन मुश्ताक द्वारा जवागल श्रीनाथ का आउट होना सोमवार को सिराज के स्टंप्स की गिल्लियों को गिराने वाली गेंद के समान था। उन्होंने आगे कहा, ''तीनों टेस्ट मैच बेहद रोमांचक रहे और दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। इंग्लैंड की टीम श्रृंखला में 2-1 से आगे है लेकिन अगर आप हर सत्र के प्रदर्शन को देखें तो यह बराबरी मुकाबला रहा है।



### कीबोर्ड योद्धाओं को चुप कराकर खुश हूं : जोफ्रा आर्चर

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने अपने आलोचकों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने उन 'कीबोर्ड योद्धाओं' को चुप करा दिया जो कई चोटों से उबरने के बाद रिहैबिलिटेशन के दौरान उनके पीछे पड़े थे। 2021 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे आर्चर ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में भारत की हार का कारण बने। उन्होंने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शून्य पर आउट किया और फिर ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर के विकेट लेकर सोमवार को इंग्लैंड को 22 रन से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आर्चर ने 'स्काई स्पोर्ट्स' से कहा मैं आपको बता नहीं सकता कि पिछले तीन या चार वर्षों में कितने कीबोर्ड योद्धा मेरे पीछे पड़े हुए थे।''उन्होंने कहा, ''वापसी में काफ़ी समय लग गया। काफ़ी रिहैबिलिटेशन और ट्रेनिंग करनी पड़ी, लेकिन ऐसे पल ही हैं जो इसे सार्थक बनाते हैं। दर्शकों ने मेरा पूरा हौसला बढ़ाया। मैं सफल वापसी करके खुश हूं।

# टी20 में ऐतिहासिक जीत के बाद वनडे में दबदबा बनाने की उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶ साउथम्पटन



इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला टीम बुधवार से यहां शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में भी इसी लय को बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय टीम ने टी20 श्रृंखला में 3-2 से जीत दर्ज करके नया इतिहास रचा था। यह पहला अवसर था जबकि भारत ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में इंग्लैंड से श्रृंखला जीती।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 5:30 बजे शुरू होगा। इस साल के आखिर में भारत में वनडे विश्व कप खेला जाना है और उसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम 50 ओवरों के प्रारूप में भी अपना प्रदर्शन बेहतर करना चाहेगी। भारत ने अपना आखिरी वनडे मैच मई में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में जीता था। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में जीत हासिल करने से भारतीय टीम का विश्व कप से पहले मनोबल और बढ़ेगा।

बेटे की मौत का गम भुलाने फौजा सिंह ने 83 साल की उम्र में शुरू किया था दौड़ना

# सबसे उम्रदराज मैराथन धावक का 114 साल की उमर में निधन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के सबसे उम्रदराज मैराथन धावक का खिताब हासिल करने वाले प्रतिष्ठित धावक फौजा सिंह का सोमवार को 114 साल की उम्र में एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। सोमवार दोपहर जालंधर-पठानकोट हाईवे पर एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी थी। इससे उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन शाम साढ़े 7 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। आइए फौजा सिंह के बारे में जानते हैं।



**कैसे हुआ हादसा? :** आदमपुर थानाप्रभारी हरदेवप्रीत सिंह ने बताया कि फौजा सिंह सोमवार दोपहर साढ़े 3 बजे ब्यास गांव में जालंधर-पठानकोट हाईवे पर टहल रहे थे। उसी दौरान पीछे से आए किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन शाम को उन्होंने दम तोड़ दिया।

### कौन थे फौजा सिंह?

फौजा सिंह को 'टर्बन्ड टोर्नाडो' के नाम से जाना जाता था। साल 2011 में इसी नाम से लेखक खुशवंत सिंह ने उनकी बायोग्राफी लिखी थी। उसके अनुसार, उनका जन्म 1 अप्रैल, 1911 जालंधर के ब्यास पिंड में हुआ था। कमजोर पैरों के कारण वे 5 साल की उम्र तक चल भी नहीं पाते थे। इसके बाद 1992 में अपनी पत्नी जियान कौर के निधन के बाद वे अपने बेटे के साथ इंग्लैंड चले गए और पूर्वी लंदन में बस गए।

### बेटे की मौत के बाद बदल गई दुनिया

फौजा ने अगस्त 1994 में अपने 5वें बेटे कुलदीप सिंह की मौत के बाद दुख से उबरने के लिए 83 साल की उम्र में दौड़ना शुरू किया था। साल 2000 तक वह गंभीर नहीं थे, लेकिन 89 साल की उम्र में उन्होंने दौड़ को गंभीरता से लिया और उसी साल लंदन मैराथन को 6 घंटे 54 मिनट में पूरा कर सुर्खियां बटोर लीं। उसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और जल्द ही युवाओं और बुजुर्गों की प्रेरणा बन गए।

### 2011 में बने सबसे उम्रदराज धावक

फौजा 16 अक्टूबर, 2011 को ओंटारियो मास्टर्स एसोसिएशन इनविटेशनल मीट में मैराथन पूरा करने वाले वे दुनिया के पहले शताब्दीवीर बने। इस उपलब्धि ने उन्हें सबसे उम्रदराज मैराथन धावक बना दिया। उन्होंने टोरंटो वाटरफ्रंट मैराथन 8 घंटे, 11 मिनट और 6 सेकंड में पूरी की थी। इस उपलब्धि से पहले उन्होंने टोरंटो के बिर्चमाउंट स्टेडियम में उसी इवेंट में एक ही दिन में आठ विश्व आयु-समूह रिकॉर्ड बनाए थे। इसमें उनकी आयु वर्ग के लिए 5 विश्व रिकॉर्ड शामिल थे।

### विहान ड्रामा वर्क्स ग्रुप की थियेट्रिक्स 26, नाट्यध्वनि कार्यशाला का शुभारंभ, 20 युवा रंगकर्मी और विद्यार्थियों ने लिया भाग

# सामूहिक 'ॐ' उच्चारण से स्वर, ताल और नाद की खोज में रंगमंचीय यात्रा हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विहान ड्रामा वर्क्स की रंगमंच कार्यशाला श्रृंखला थिएट्रिक्स की 26वीं कड़ी 'नाट्यध्वनिः स्वर और ताल के प्रयोगधर्मी अभ्यास' की शुरुआत मंगलवार से हुइर। छह दिवसीय कार्यशाला 15 से 20 जुलाई तक भोपाल के आरुषि परिसर में आयोजित की जा रही है। इस सत्र में 20 युवा रंगकर्मी, कलाकार और विद्यार्थियों ने भाग लिया। पहले दिन की कार्यशाला में प्रतिभागियों ने तानपुरे की ध्वनि के साथ सामूहिक 'ॐ' उच्चारण से अपनी उपस्थिति दर्ज की। फिर विभिन्न सप्तकों में इसी ध्वनि को दोहराया गया।



### ॐ की ध्वनि पर किए गए वैज्ञानिक अध्ययनों का किया उल्लेख

सत्र में राग यमन की सरगम को तीन ताल में व्यवहारिक रूप से सिखाया गया। सुनना नामक एक विशेष सत्र में प्रतिभागियों ने उस्ताद राशिद खान के गायन को सुना और उस पर चर्चा की जिसमें बताया कि सुनना केवल कान से नहीं, पूरे शरीर से कैसे होता है। हेमंत देवलेकर ने ॐ ध्वनि पर किए गए वैज्ञानिक अध्ययनों का उल्लेख करते हुए नाद और कंपन की ऊर्जा को कला से जोड़ने का प्रयास किया।

**रंगकर्मी के लिए ध्वनि केवल माध्यम नहीं, सृजन का मूल है**

इसके बाद प्रतिभागियों से पूछा गयाः कि संगीत का नाम सुनते ही आपके मन में कौन सा शब्द आता है? प्रत्येक प्रतिभागी ने अपने विचार बोर्ड पर लिखे, जिन पर विस्तृत चर्चा की गई। यह समझने के लिए कि कैसे हमारी स्मृतियां और अनुभूतियां संगीत से गहराई से जुड़ी होती हैं। प्रशिक्षक हेमंत देवलेकर ने इस अभ्यास को संगीत की उत्पत्ति से जोड़ा और प्रतिभागियों को नाद, स्वर, श्रुति, लय, ताल और राग जैसे मूलभूत तत्वों से परिचित कराया। उन्होंने यह विचार प्रस्तुत किया कि नाद ही ब्रह्म है, और इसे शब्द-ब्रह्म, जीव-ब्रह्म व अन्न-ब्रह्म जैसे दर्शन से जोड़ते हुए बताया कि रंगकर्मी के लिए ध्वनि केवल माध्यम नहीं, सृजन का मूल है।




### भारत भवन में रूपाभ श्रृंखला के तहत अनुमेहा की एकल चित्र प्रदर्शनी

# एब्सट्रैक्ट फॉर्म में तैयार ह्यूमन सेल बनी प्रेरणा



- हर सेल में हमारी भावनाएं, संघर्ष, ऊर्जा और विकास की पूरी यात्रा छुपी
- एक्रेलिक पेंट्स उन्हें सेल की ताकत से ठोस संरचना करने में मिलती है मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कला को विज्ञान से जोड़ते हुए तैयार किए गए खूबसूरत आर्टवर्क मंगलवार को भारत भवन के रंगदर्शनी दीर्घा में प्रदर्शित हुए। रूपाभ श्रृंखला के तहत आयोजित इस प्रदर्शनी में दिल्ली की युवा कलाकार अनुमेहा जैन के एकल चित्रों को प्रदर्शित किया गया। 20 जुलाई तक चलने वाले इस प्रदर्शनी में अनुमेहा के कुल 83 चित्रों को प्रदर्शित किया गया है। एब्सट्रैक्ट फॉर्म में तैयार इन चित्रों में अनुमेहा ने ह्यूमन सेल (मानव कोशिका) को प्रेरणा बनाया है।

कलाकार अनुमेहा ने बताया कि जीवन की हर प्रक्रिया की जड़ यही कोशिकाएं हैं, जिनसे ही व्यक्ति के इमोशन, अनुभव और अस्तित्व की यात्रा शुरू होती है। लगभग एक दशक से रंग कला के क्षेत्र में कार्य रह रही अनुमेहा ने बताया, हमारे शरीर के हर सेल एक अलग जीवन कहानी कहता है। हर सेल में हमारी भावनाएं, संघर्ष, ऊर्जा और विकास की पूरी यात्रा छुपी है। मैंने इन्हीं लाइंस और इमोशन को अपने आर्टवर्क में दिखाने की कोशिश की है।

### प्रकृति संग काम करना पसंद

*अनुमेहा ने कहा कि उन्हें शुरुआती समय में फिगरेटिव आर्ट में काम करना पसंद था। लेकिन धीरे धीरे वह प्रकृति के करीब गईं और इस क्षेत्र में कार्य उन्होंने आरंभ किया। इन आर्टवर्क को तैयार करने के लिए अनुमेहा ने एक्रेलिक कलर, वाटर कलर और मलेशियन इंक का उपयोग किया। मलेशियन इंक की विशेषता है कि इसमें एक अलग टेक्चर बनता है जो आर्टवर्क को आकर्षक बनाता है। प्रदर्शित चित्रों में अनुमेहा ने श्रृष्टि संरचना के शंखनाद,पिघलते हुए ग्लेशियर और मां-पुत्र के प्रेम को ग्रेफाइट ऑन पेपर पर प्रस्तुत किया।*

### इसलिए विशेष बने आर्टवर्क

इस आर्टवर्क को बनाने में उन्होंने एक्रेलिक, वाटर कलर और मलेशियन इंक का उपयोग किया है। अनुमेहा का कहना है कि एक्रेलिक पेंट्स उन्हें सेल की ताकत और ठोस संरचना दिखाने में मदद करते हैं, जबकि वाटर कलर से सेल के भीतर के तरलता और मूवमेंट को उन्होंने बारीकी से दर्शाया है। वहीं, मलेशियन इंक ने उनके आर्टवर्क को गहराई और इंटेंसिटी दी, जिससे कला की अनुभूति और अधिक प्रभावशाली हो गई। अनुमेहा का मानना है कि कला का उद्देश्य सिर्फ सुंदरता नहीं, बल्कि विज्ञान और जीवन के रहस्यों को भी सरल भाषा में प्रस्तुत करना है।





### क्लब लिटराटी द्वारा अरेरा क्लब में 'अनअर्थेड थॉट्स' पुस्तक पर चर्चा

# अपने जीवन के 44 मार्मिक अंशों को डॉ.जयलक्ष्मी ने दिया पुस्तक का रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसी भी व्यक्ति को सबसे ज्यादा सीख उसके जीवन के अनुभवों से होती हैं, मैंने भी अपने जीवन से कई सीख ली और इन सीखों को पुस्तक का रुप दे दिया, और इस प्रकार मेरे जीवन के 44 मार्मिक अंशों के संग्रह के रुप में मैंने अपनी पुस्तक 'अनअर्थेड थॉट्स' की रचना की, जिसमें सामाजिक मुद्दों और दर्शन को भी शामिल किया।

यह कहना है 'अनअर्थेड थॉट्स' पुस्तक की लेखिका डॉ. जयलक्ष्मी आर. विनायक का, जिनकी पुस्तक पर चर्चा का आयोजन क्लब लिटराटी द्वारा अरेरा क्लब में किया गया। इस सत्र में लेखिका ने अपने जीवन और पुस्तक रचना से जुड़े अनुभवों को साझा किया। रोचक चर्चा का संचालन सुलभा दीक्षित ने किया।




### 'व्हाई मी' पर चर्चा में पारिवारिक संरचना को बताया

इस मौके पर 'व्हाई मी' के बारे में बताते हुए लेखिका ने आदर्श पारिवारिक संरचना के बारे में बातचीत की। जिसमें उन्होंने संयुक्त और एकल परिवारों के बारे में बताते हुए कहा कि जहां संयुक्त परिवारों में बच्चों का पालन पोषण बहुत अच्छे से होता है तो वहीं एकल परिवारों में कभी कभार अकेलेपन की भावना भी आती है। वहीं पुस्तक में प्रयुक्त अंश 'व्हाई मी' के बारे में लेखिका ने व्यक्तिगत संघर्षों के बारे में बताया जिसमें उन्होंने सेना में बिताए अपने अनुभवों के बारे में बताते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी हमें अपने आप पर नियंत्रण रखने के साथ साथ सही निर्णय लेना पड़ता है।

### ईंधनों का उपयोग कर रॉकेट प्रक्षेपण का प्रदर्शन

# साइंस सेंटर में वेलकम होम एक्सिओम 4 हीरोज कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान ग्रेस पर सवार एक्सिओम मिशन 4 के बाकी चालक दल 15 जुलाई को सफलतापूर्वक पृथ्वी पर उतरे। इस महत्वपूर्ण अवसर को चिह्नित करने के लिए, आंचलिक विज्ञान केंद्र, भोपाल ने उसी दिन वेलकम होम, एक्सिओम 4 हीरोज शीर्षक पर एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, आंचलिक विज्ञान केंद्र, भोपाल ने आम जनता के लिए विभिन्न ईंधनों का उपयोग करके रॉकेट प्रक्षेपण का एक जीवंत प्रदर्शन और एक ओपन-हाउस क्विज़ का आयोजन किया।



### एक विशेष इंटरैक्टिव सत्र का भी आयोजन

*इसके अतिरिक्त, अंतरिक्ष यान के पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश और स्प्लैशडाउन के विभिन्न चरणों को समझाने के लिए एक विशेष इंटरैक्टिव सत्र का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण केंद्र के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर भी किया गया।*

# महिला काव्य मंच भोपाल मध्य प्रदेश इकाई की गोष्ठी संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला काव्य मंच भोपाल इकाई की पावस गोष्ठी संपन्न का आयोजन कुमकुम सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ नागरिक मंच की राष्ट्रीय महासचिव जया आर्या और सारस्वत अतिथि मंच की अध्यक्षता सुनीता केसवानी ने की। इस अवसर पर सभी बहनों ने पावस पर सुंदर रचनाएं प्रस्तुत कीं। संचालन मृदुल त्यागी का था। इस अवसर पर कुमकुम सिंह, जया आर्या, रजनी यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने काव्य पाठ किया।



### आईईएचई के पुस्तकालय ने किया विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित


**भोपाल।** उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल के स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान के पुस्तकालय में प्रतिदिन लगभग 300 विद्यार्थी अध्ययन करते है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आभा शर्मा ने विद्यार्थियों को पुस्तकालय द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं का अधिकतम उपयोग करने की सलाह दी। पाठ्यक्रम के विस्तार के साथ-साथ पुस्तकें विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध होती है। संस्थान न सिर्फ़ विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम का सीमित ज्ञान देता है, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी अहम भूमिका निभाता है।

### जीपी बिरला संग्रहालय में चित्रकार डॉ. ज्योति सेठा के चित्रों की प्रदर्शनी

# लुभा रहे श्वेत-श्याम पार्वती, कमलासीन मां लक्ष्मी के चित्र


*भोपाल। जी पी बिरला संग्रहालय में प्रसिद्ध नेत्रसर्जन एवं चित्रकार डॉ. ज्योति सेठा द्वारा बनाये गये चित्रों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।*

### विस्तृत रेखा के पैटर्न वाली शैली के चित्र हैं खास



इसके अतिरिक्त डॉक्टर ज्योति की विस्तृत रेखाओं और जटिल पैटर्न वाली शैली में विभिन्न पक्षी, विभिन्न आकार में लंबे, पतले फूलदान और गोल पात्र जिनमें नीले और हरे रंग के पुष्प डिजाइन के चित्रों की विशाल श्रृंखला दर्शकों के अवलोकन हेतु रखी गई है। इसके साथ ही आपके चित्रों में स्त्री-अंतःकरण की अनुभूतियाँ, सामाजिक विडंबनाओं की प्रतिध्वनि और प्रकृति की सूक्ष्म आत्मीय छवियाँ दिखाई देती है।





**28 जुलाई तक चलेगी प्रदर्शनी**

*डॉ. ज्योति के द्वारा प्रदर्शित चित्रों में पारंपरिक भारतीय लोक कला शैली में पार्वती की श्वेत-श्याम, अनेक भुजाओं व शांत भाव के साथ कमल पर आसीन देवी लक्ष्मी, हिंदू महाकाव्य रामायण से भगवान राम और सीता को दर्शाती वनागमन के दौरान प्राकृतिक परिवेश में कलाकृति जैसी अनेक पेंटिंग्स प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गई है। 28 जुलाई तक चलने वाली डॉ. ज्योति की चित्रकला प्रदर्शनी में पेन व इंक, वाटरकलर, पॉटरी आर्ट, और एक्रलिक जैसे माध्यमों की विविधता है।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930